भोपाल
बुधवार, 4 नवंबर 2026
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष-10
वर्ष : 13, अंक : 215
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 29
न्यून. 18

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

केंद्रीय मंत्री नड्डा करेंगे नेतृत्व
भोपाल में भाजपा की 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा आज


टीटी नगर स्थित अटल पथ से रोशनपुरा चौराहे तक निकलेगी यात्रा

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

प्रदेश की राजधानी भोपाल में बुधवार 4 नवंबर को भाजपा की ओर से 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस पदयात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा शामिल होंगे। कार्यक्रम में उनके साथ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल सहित पार्टी के तमाम ⏭ शेष पेज 6 पर

करीब 1 लाख लोगों को जोड़ने का लक्ष्य

आयोजन को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए भाजपा ने व्यापक तैयारियां की हैं। भोपाल और आसपास के सभी विधानसभा क्षेत्रों समेत अन्य क्षेत्रों में मंडल व बूथ स्तर पर बैठकें कर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। भाजपा नेताओं के अनुसार इस पदयात्रा और रैली में भोपाल व आसपास के इलाकों से लगभग 50 हजार से 1 लाख लोगों के शामिल होने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें युवा मोर्चा, महिला मोर्चा और विभिन्न ⏭ शेष पेज 6 पर

भारत ने रचा नया इतिहास : दुश्मन को संभलने का मौका नहीं देगी 'प्रलय'



एक लॉन्चर से 'दो मिसाइलें' दागने वाला स्वदेशी सिस्टम का हुआ सफल परीक्षण

500 किमी दूर 2 टारगेट तबाह, टेस्ट सफल पाकिस्तान बॉर्डर पर तैनात होगी

एजेंसी ⏭ चांदीपुर

डीआरडीओ ने ओडिशा के चांदीपुर से 'प्रलय मिसाइल' का सफल परीक्षण किया है। इसकी खासियत यह है कि एक ही लॉन्चर से 2 मिसाइलें लगातार दागी जा सकती हैं।

500 किमी तक मार करने वाली यह मिसाइल दुश्मन के अलग-अलग ठिकानों को निशाना बना सकती है। इसे क्वासी-बैलेस्टिक मिसाइल कहा जाता है, क्योंकि यह उड़ान के दौरान अपना रास्ता भी बदल सकती है। इस परीक्षण के पहले 2 किमी के दायरे में रहने वाले करीब 2500 लोगों को वहां से कथित तौर पर हटा दिया गया था। अब इस मिसाइल के भारतीय थल सेना और वायु सेना में संभावित इस्तेमाल को लेकर मूल्यांकन की प्रक्रिया महत्वपूर्ण होगी। रूस और अमेरिका पहले से ही इस तरह की मल्टी-मिसाइल लॉन्च क्षमता वाले सिस्टम विकसित कर चुके हैं। हालांकि, भारत ने यह क्षमता अपनी स्वदेशी तकनीक से विकसित की है। आम बैलिस्टिक मिसाइल सीधे ऊपर जाकर फिर नीचे आती है, रास्ता पहले से पता चल जाता है। प्रलय लो-ट्रेजेक्टरी पर जाती है, बीच में ही दिशा बदल सकती ⏭ शेष पेज 6 पर

मैक-5 की रफ्तार से हमला करती है प्रलय

मैक-5 का मतलब है आवाज की गति से पांच गुना तेज रफ्तार। प्रलय मिसाइल की गति उड़ान के अलग-अलग चरणों में बदलती है। शुरुआत में इसकी गति करीब मैक-1.6 होती है, जबकि लक्ष्य के करीब पहुंचते समय यह मैक-5 से भी ज्यादा हो जाती है। इस रफ्तार से मिसाइल करीब 500 किलोमीटर की दूरी 7 से 8 मिनट में तय कर सकती है।

Nine 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
मास्टर कूपन
04 नवम्बर 2026
कूपन नं.
10

खबर संक्षेप

जयस नेता पर नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म का आरोप

बड़वानी। सेंधवा के सिविल अस्पताल में 17 वर्षीय किशोरी ने



मृत बच्चे को जन्म दिया। किशोरी ने जयस नेता राहुल सोलंकी पर दुष्कर्म करने और गर्भवती होने के बाद गर्भपात की गोलियां देने का आरोप लगाया है।

कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी लोहानी का नामांकन रद्द

भोपाल। मप्र में राज्यसभा उपचुनाव के लिए नामांकन पत्रों की जांच में



कांग्रेस समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी राजकुमार लोहानी का पर्चा निरस्त कर दिया गया। उन्होंने अनिवार्य फॉर्म-26 जमा नहीं किया था।

नीट पीजी में रैंक को मिलेगा अधिक महत्व

नई दिल्ली। मेडिकल पीजी में दाखिले की



प्रक्रिया 2027 से बदल सकती है। समिति की रिपोर्ट के बाद रैंक आधारित दाखिला व्यवस्था को अधिक महत्व देने की चर्चा तेज हो गई है।

सुजानिया ने इस्तीफे का कारण बताया निजी, कहा- पिछले डेढ़ साल से सोच रहा था

आईपीएस सुजानिया ने दिया इस्तीफा 5 दिन पहले ही सागर से हटाए गए थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

वे मुरैना के बाद सागर में भी शराब कांड के बाद हटाए गए थे। हालांकि, दोनों जिलों के शराब कांड में उनकी कोई संलिप्तता साबित नहीं हुई थी

मप्र काडर के 2014 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अफसर अनुराग सुजानिया (38) ने व्यक्तिगत कारणों से आईपीएस पद से इस्तीफा दे दिया। राज्य सरकार ने अभी 5 दिन पहले ही उन्हें सागर एसपी के पद से हटाकर पुलिस मुख्यालय भोपाल में सहायक पुलिस महानिरीक्षक (एआईजी) पद पर पदस्थ किया था। सागर में वे महज छह महीने तक ही एसपी के पद पर पदस्थ रहे। सुजानिया दो जिलों मंदसौर और मुरैना के एसपी भी रह चुके हैं। वे सागर से वहां हुई अवैध शराब से हुई मौतों के बाद भोपाल भेजे गए थे।

आईपीएस सुजानिया ने अपने इस्तीफे में निजी कारणों का उल्लेख किया है। उनका कहना है कि वे पिछले डेढ़ साल से सेवा मुक्त होने की सोच रहे थे। उन्होंने आईपीएस जैसे अति महत्वाकांक्षी पद से इस्तीफा क्यों दिया है, इसका असल खुलासा नहीं हो पाया है। उनका इस्तीफा स्वीकार हुआ है या नहीं, इस बारे में अभी तक आधिकारिक जानकारी नहीं मिल पाई है। वे आगे क्या करेंगे और उनका क्या प्लान है? इसका भी खुलासा नहीं हो सका है। सुजानिया मूल रूप से राजस्थान के रहने वाले हैं। वे तीन जिलों में एसपी के पद पर ⏭ शेष पेज 6 पर

छह महीने ही सागर में रह पाए थे



- सुजानिया मूल रूप से राजस्थान के रहने वाले
- वे तीन जिलों में एसपी के पद पर सेवाएं दे चुके

देश के ये आईपीएस अफसर... जिन्होंने बीच सेवा छोड़ी नौकरी

1.	काम्या मिश्रा (बिहार)	5 साल की सेवा
2.	के. अन्नामलाई (तमिलनाडु)	8 साल की सेवा
3.	अजीत जॉय (पश्चिम बंगाल)	12 साल की सेवा
4.	सिद्धार्थ कौशल (आंध्र प्रदेश)	13 साल की सेवा
5.	शिवदीप वामनराव लांडे (बिहार)	18 साल की सेवा

मुख्यमंत्री निवास में बैठक, सीएम ने दिए निर्देश

अब अवैध शराब के परिवहन, भंडारण और क्रय-विक्रय पर प्रतिबंध हमारी प्राथमिकता

- देवास हादसे के प्रति संवेदनशील है सरकार
- खतरनाक कार्बाइन गन प्रतिबंधित पटाखों से बच्चों को बचाएं

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति चाक-चौबंद रहना चाहिए। अपराधियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई का अभियान जारी रहेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव समत्व भवन मुख्यमंत्री निवास में बुलाई गई बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से कानून व्यवस्था की स्थिति के संबंध में चर्चा करने के पश्चात टीवी चैनल प्रतिनिधियों को जानकारी दी कि प्रदेश ⏭ शेष पेज 6 पर

खातेगांव टीआई पुरी हत्याकांड केस

3 संदिग्धों से पूछताछ.... कांग्रेस नेता राहुल की संलिप्तता की पुष्टि

- राहुल जायसवाल और उनके भाई मनीष जायसवाल पार्टनर
- टिमरनी वाइन शॉप के मैनेजर भूपेंद्र राणा ने खोले राज
- डीजी उपेंद्र जैन जांच की कमान संभालेंगे वे देवास पहुंचे


राहुल जायसवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

इंदौर-बैतूल हाईवे पर अवैध शराब की चेकिंग के दौरान खातेगांव थाना प्रभारी दिलीप पुरी को आयशर वाहन से बेरहमी से कुचलकर मार डालने के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। इस पूरे तस्करी नेटवर्क में लिकर कॉन्ट्रैक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष व कांग्रेस नेता पदाधिकारी राहुल जायसवाल की संलिप्तता सामने आई है, जिन्हें मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी ने खातेगांव विधानसभा का प्रभारी नियुक्त कर रखा था। जांच में सामने आया कि टिमरनी स्थित शराब दुकान में कांग्रेस नेता राहुल जायसवाल और उनके भाई मनीष जायसवाल पार्टनर हैं। पुलिस ने रेडगांव टिमरनी वाइन शॉप के मैनेजर भूपेंद्र राणा को हिरासत में लिया है, जिसने पुलिस के सामने कांग्रेस नेता व उनके भाई की पार्टनरशिप की ⏭ शेष पेज 6 पर


दिलीप पुरी (मृतक)

टीआई को कुचलने के आरोपी अक्कू का शॉर्ट एनकाउंटर

देवास। खातेगांव थाना प्रभारी दिलीप पुरी को मिनी ट्रक से कुचलकर हत्या करने के मुख्य आरोपी चालक गजेंद्र उर्फ अक्कू रावत को देवास पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे अलीराजपुर जिले से पकड़ा था। इसके बाद पुलिस टीम उसे खातेगांव ले जा रही थी। इसी दौरान देवास जिले के बरोठा रोड पर पुलिस वाहन पंचर हो गया। पुलिसकर्मी पहिया बदल रहे थे, ⏭ शेष पेज 6 पर


■ एएसआई की रिवॉल्वर छीनने का प्रयास

परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

आलीराजपुर के दो मजदूर बोलेरो में जिंदा जल गए

एजेंसी ⏭ आलीराजपुर/कट्टीवाड़ा


■ गुजरात के अमरेली में हुई घटना

गुजरात के अमरेली जिले में बोलेरो वाहन में आग लगने से आलीराजपुर के दो मजदूरों की मौत हो गई। दोनों वाहन के अंदर सो रहे थे। मंगलवार सुबह वाहन पूरी तरह जला मिला और उसमें दोनों के झुलसे शव बरामद हुए। मृतकों की पहचान कट्टीवाड़ा तहसील निवासी रवि कमलेशभाई बघेल (16) और नितिन रामसिंह पचाया (21) के ⏭ शेष पेज 6 पर

राहुल गांधी ने निभाया वादा

प्रियंका सेंगर का दिल्ली में कराया आंखों का इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंदौर


■ फ्लाइट से इंदौर लौटी, आंखों की रोशनी बढ़ी

राहुल गांधी ने इंदौर में आयोजित 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में बड़वानी की छात्रा प्रियंका सेंगर से किया वादा निभाया। उन्होंने प्रियंका की आंखों का दिल्ली में इलाज कराया है। इलाज के बाद प्रियंका मंगलवार को फ्लाइट से इंदौर लौट आई। उसने बताया कि इलाज के बाद पहले की तुलना में उसकी आंखों की रोशनी बेहतर हुई है। दरअसल, ⏭ शेष पेज 6 पर

मध्यान्ह भोजन में लापरवाही

खीर-पूड़ी खाते ही 45 बच्चे बीमार, अस्पताल में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरसिंहपुर


■ दो दिन पुराने आटे से पूड़ियां बनाने का आरोप

जिले के एक शासकीय माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को मध्यान्ह भोजन खाने के बाद 45 बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। बच्चों को पेट दर्द और उल्टियां होने लगीं। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोप है कि भोजन तैयार करने वाले एकता स्वसहायता समूह ने गांव के एक कार्यक्रम से लाया गया दो दिन ⏭ शेष पेज 6 पर

राहुल ने 24 घंटे बाद फिर दी पीएम को बहस की चुनौती

बोले-डरिए मत, दूध का दूध व पानी का पानी हो जाएगा, संघ प्रमुख को जज बनाएं

अमेरिका के साथ डील अडाणी केस और एपस्टीन के मुद्दे पर आमने-सामने चर्चा का दिया प्रस्ताव

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खुली बहस की चुनौती देने के 24 घंटे बाद एक बार फिर उन पर निशाना साधा है। राहुल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो जारी कर कहा कि प्रधानमंत्री किसी भी मंच और जगह का चुनाव कर सकते हैं। दोनों नेताओं के बीच आमने-सामने बहस होनी चाहिए, जिसमें मीडिया और देश के युवा भी मौजूद रहें। ⏭ शेष पेज 6 पर


राहुल गांधी


नरेंद्र मोदी

देशद्रोही कौन साफ होगा

राहुल गांधी ने वीडियो में कहा कि मोदी जी, आपको चुनौती दिए 24 घंटे हो गए हैं। आप विपक्ष को देशद्रोही बताते हैं तो सामने आकर बहस कीजिए। इसमें यह भी साफ हो जाएगा कि देशद्रोही कौन है और विदेशी ताकतों से किसका किस तरह का संबंध हैं। उन्होंने कहा कि बहस से डरने की जरूरत नहीं है। दोनों नेता एक टेबल पर ⏭ शेष पेज 6 पर

राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशों की अनदेखी पड़ी भारी

दिल्ली की रैली से गायब रहे युवा कांग्रेस के 60 पदाधिकारी निलंबित


9 जिला अध्यक्ष, 5 उपाध्यक्ष और 46 सचिव-महासचिवों पर गिरी गाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस ने संगठनात्मक अनुशासन को लेकर बड़ी कार्रवाई करते हुए 60 पदाधिकारियों को निलंबित कर दिया है। इन नेताओं पर 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित 'वोट चोरी रैली' में शामिल नहीं होने का आरोप है। 3 नवंबर को जारी निलंबन आदेश में प्रदेश उपाध्यक्ष, महासचिव, सचिव और जिला अध्यक्ष स्तर के पदाधिकारियों के नाम शामिल हैं। संगठन ने कार्रवाई का आधार भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशों की अवहेलना को बताया है।

कांग्रेस ने 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में 'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान के तहत रैली आयोजित ⏭ शेष पेज 6 पर

इन नौ जिला अध्यक्ष पर हुई कार्रवाई

निलंबित जिला अध्यक्षों में मैहर से सौरभ शर्मा, आगर से पृथ्वीराज चौहान, नीमच से मनमोहन शक्तावत, बुरहानपुर से अर्जुन जंगाले, अनूपपुर से मानवेंद्र मिश्रा, गुना से पंचम भील, बड़वानी से आदित्य गोयल, छतरपुर से मानवेंद्र सिंह परमार और भिंड से मनीष पुरोहित शामिल हैं। आदेश के मुताबिक सभी पदाधिकारियों का निलंबन तत्काल प्रभाव से लागू होगा और अगले आदेश तक जारी रहेगा।

कथावाचक धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की भगवान श्रीकृष्ण पर की गई टिप्पणी से देश भर में गुस्सा

पप्पू यादव ने थाने में दी शिकायत....अखिलेश व तेजस्वी बोले: इनकी कथाओं का देश भर में किया जाए 'बहिष्कार'

- श्रीकृष्ण पर टिप्पणी बर्दाश्त नहीं, माफी से खत्म नहीं होगा मामला
- बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पद से तत्काल किया जाए बर्खास्त
- गुस्साए लोगों ने टीकमगढ़, अशोकनगर व छतरपुर में जलाए पुतले

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली/हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भगवान श्रीकृष्ण पर कथावाचक धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की टिप्पणी को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। देश भर में गुस्सा बढ़ता जा रहा है। पूर्णिया के निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने मंगलवार को दिल्ली के पार्लियामेंट स्ट्रीट थाने पहुंचकर धीरेंद्र शास्त्री के खिलाफ लिखित शिकायत दी। उन्होंने यह भी कहा कि केवल माफी मांग लेने से मामला


कृष्ण का मजाक बनाते शास्त्री


सांसद पप्पू यादव शिकायत देते हुए

खत्म नहीं होगा और शास्त्री को सजा दिलाने के लिए कानूनी लड़ाई लड़ी जाएगी। वहीं सपा प्रमुख अखिलेश यादव व आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि शास्त्री की ⏭ शेष पेज 6 पर

तेजस्वी बोले- ये सत्ता पोषित मानसिक विक्षिप्त

बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने शास्त्री को सत्ता पोषित मानसिक विक्षिप्त बताते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण पर की गई टिप्पणी अशोभनीय और अमर्यादित है। राजनीतिक लोभ में कुछ लोग अब भगवान को भी बांटने लगे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा ⏭ शेष पेज 6 पर


तेजस्वी यादव



ये कोई कोहरा नहीं धूल है ...

गोविंदपुरा थाने से अवधपुरी चौराहे की ओर जाती पर निर्माण कार्य के दौरान उड़ती धूल से परेशान वाहन चालक और रहवासी।

आर्मी डे के लिए सड़क निर्माण बना मुसीबत, चौराहे पर उड़ती धूल से हादसों का खतरा

धूल के गुबार से घुट रही अवधपुरी की सांसें, गले में संक्रमण-अस्थमा और आंखों की शिकायतें बढ़ीं

उड़ती धूल के गुबार में नजर नहीं आता सामने से आता दूसरा वाहन चालक, परिणाम-आए दिन हो रहे हादसे, वाहन चालक हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अवधपुरी चौराहे पर सड़क निर्माण से उड़ रही धूल अब स्थानीय रहवासियों की सेहत पर भारी पड़ने लगी है। आसपास रहने वाले लोगों में गले में संक्रमण, अस्थमा और आंखों में जलन जैसी शिकायतें बढ़ रही हैं। आर्मी डे के कार्यक्रम को लेकर चल रहे निर्माण कार्य में पानी का छिड़काव नहीं होने से धूल के गुबार पूरे इलाके में फैल रहे हैं। वाहन चालकों को सामने का रास्ता तक दिखाई नहीं देता। इससे दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, चौराहे पर रोजाना एक-दो छोटी दुर्घटनाएं हो रही हैं। निर्माण स्थल पर न बैरिकेडिंग है और न यातायात संभालने के लिए ट्रैफिक पुलिस की पर्याप्त मौजूदगी।

बैरिकेडिंग नहीं होने से वाहन चालक परेशान



गांधी चौराहे के पास कुछ ऐसा है नजारा।

पानी का छिड़काव नहीं होने से धुंध में छिपा रास्ता, रोजाना 1-2 हो रहीं दुर्घटनाएं



राम मंदिर के पास धूल होने से वाहन हेडलाइट जला कर चलते हुए।

धूल से दुकानदारों और राहगीरों की बढ़ी परेशानी

अवधपुरी चौराहे पर सड़क निर्माण के दौरान उड़ती धूल आसपास की दुकानों और घरों तक पहुंच रही है। दुकानदारों को दिनभर धूल के बीच बैठकर काम करना पड़ रहा है। वहीं, पैदल राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। धूल के कारण दृश्यता कम होने से सामने से आने वाले वाहन दिखाई नहीं देते। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण स्थल पर नियमित पानी का छिड़काव और सुरक्षा इंतजाम जरूरी हैं, लेकिन जिम्मेदारों की अनदेखी से समस्या लगातार बनी हुई है।

अपर आयुक्त ने पीडब्ल्यूडी को लिखा पत्र

नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार के निर्देशों के बाद भी निर्माण स्थल पर हालात नहीं सुधरे हैं। मामले में अपर आयुक्त अमन मिश्रा ने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को पत्र लिखकर समस्या से अवगत कराया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार को तत्काल व्यवस्था सुधारने के निर्देश देने को कहा है। अपर आयुक्त के अनुसार, निर्माण स्थल पर नियमित पानी का छिड़काव कराया जाना चाहिए और सड़क की स्थिति दुरुस्त की जानी चाहिए, ताकि धूल से लोगों को राहत मिले और आवागमन सुरक्षित हो सके।

संपदा 2.0 से लिंक हुई प्रॉपर्टी की जियो टैगिंग

गली के अंदर मकान बताकर कॉर्नर के मकान की नहीं होगी रजिस्ट्री



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गली के अंदर मकान या प्लॉट बताकर कॉर्नर के प्लॉट या मकान की रजिस्ट्री अब नहीं होगी। जो लोग स्टांप ड्यूटी कम चुकाने के लिए इस तरह की हेरफेर करते हैं, उनके लिए अब पंजीयन विभाग ने प्रॉपर्टी की जियो टैगिंग कर दी है। इस टैगिंग के साथ प्रॉपर्टी की वर्तमान गाइडलाइन भी दर्ज की गई है। इस संपदा 2.0 के नए साफ्टवेयर से जोड़ दिया गया है, जिससे स्टांप ड्यूटी वसूलने में आसानी होगी, दरअसल वर्तमान में लोग मकान की लोकेशन के आधार पर फर्जीवाड़ा कर रजिस्ट्री कराते हैं। जिससे उन्हें स्टांप ड्यूटी की अच्छी बचत हो जाती है। जिसको देखते हुए जिले की 4 हजार 113 लोकेशन की जियो टैगिंग की गई है।

जियो टैगिंग का सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि इसे गूगल मैप पर आसानी से देखा जा सकेगा। हर प्रॉपर्टी चाहे वो नगर निगम सीमा में हो या ग्रामीण क्षेत्र में सभी का एक अलग आईडी नंबर होगा। जिससे रजिस्ट्री में फर्जीवाड़ा कर प्रॉपर्टी खरीद फरोख्त भी रुकेगी।

वर्तमान मालिक का नाम भी होगा शो

इस व्यवस्था से प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री कराते समय संबंधित आईडी सॉफ्टवेयर में शो होगी। जिससे ट्रेस हो जाएगा वो किसके नाम है। इससे निगम को बकाया टैक्स लेने में भी आसानी रहेगी। ये सब संपदा टू में हो रहा है। लोकेशनों की जियो टैगिंग का काम पूरा कर लिया है। प्लॉट कॉर्नर, रोड साइड, कौन सा मुखी सब गूगल मैप के नक्शे पर ही दिखेगा। रजिस्ट्री में कितनी स्टांप ड्यूटी लगेगी, इसकी काउंटिंग भी खुद कर सकेंगे।

टैगिंग का काम पूरा

कलेक्टर गाइडलाइन की लोकेशनों की जियो टैगिंग का काम पूरा हो गया है। जिससे गाइडलाइन देखने में आसानी के साथ फर्जीवाड़ा भी रुकेगा।

-स्वपनेश शर्मा,
प्रभारी संपदा पंजीयन

एलएनसीटी में 'माय भारत' का आयोजन

'नशा मुक्त युवा' का संदेश और 'विकसित भारत' की ली शपथ



शपथ लेते हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार के 'मेरा युवा भारत' (माय भारत) द्वारा मंगलवार को एलएनसीटी कॉलेज के प्रांगण में एक दिवसीय दो बड़े राष्ट्रीय अभियानों का संयुक्त आयोजन किया गया।

इस अवसर पर एक तरफ 'आस-पड़ोस युवा संसद' के तहत नशा मुक्त युवा विषय पर मंथन हुआ। वहीं, दूसरी ओर 26 अक्टूबर से 5 नवंबर तक देशभर में चलाए जा रहे 'विकसित भारत युवा संवाद' अभियान के अंतर्गत युवाओं में लोकतांत्रिक जागरुकता और राष्ट्र-निर्माण के लिए 'युवा संवाद' का सफल आयोजन किया गया। आयोजन में युवाओं ने 'नशा मुक्त युवा' का संदेश और 'विकसित भारत' के निर्माण की शपथ ली। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

जून में होने वाली परीक्षा नवंबर माह में ले पा रहा विवि

गजब बीयू... हॉस्टल के कुछ स्टूडेंट्स घर जा रहे तो परीक्षा में देरी से कुछ वापस आ रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में अब दीपावली का असर दिखने लगा है। विवि के हॉस्टल्स में रहने वाले कुछ स्टूडेंट्स दीपावली मनाने घर जा रहे हैं, तो कुछ वापस होस्टल आ रहे हैं। वापस आने वाले विद्यार्थियों को अब विवि प्रशासन की अनियमिताओं के कारण अब दीवाली होस्टल में ही मनाना पड़ेगी। दरअसल, विवि के एमएससी और कुछ कोर्सेस की परीक्षाएं 4 नंवबर 2026 से शुरू हो रही हैं। वापस आने वाले कुछ विद्यार्थियों का कहना है कि यह परीक्षाएं जून महीने में होना थीं। इन परीक्षाओं में शामिल होने के कारण परीक्षार्थी दीपावली मनाने अभी घर नहीं जा पा रहे हैं। हाल यह है कि जो विद्यार्थी अपने घर गए हुए थे, वे भी अब वापस होस्टल में आ रहे हैं। ऐसे में विवि प्रशासन द्वारा परीक्षा कैलेंडर को फॉलो नहीं करा पाने का खामियाजा अब स्टूडेंट्स को भुगतना पड़ रहा है।



बीयू के हॉस्टल में दीपावली से पहले लौटते छात्र

राम मंदिर में भगवान गोवर्धन की पूजा कर लगाएंगे 56 भोग

भोपाल। राम मंदिर कोटरा कमला नगर में सहज शिक्षा समाधान समिति द्वारा 10 नवंबर को भगवान गोवर्धन का पूजन किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष कमल गर्ग और प्रवक्ता रमेश राठौर ने बताया कि 10 क्विंटल गोबर से 21 फीट के भगवान गोवर्धन की प्रतिमा बनाकर छप्पन भोग लगाया जाएगा। इस अवसर पर रहवासी भगवान गिरिराज की परिक्रमा कर देश की जनकल्याण की भगवान से कामना करेंगे। गोवर्धन पूजा की तैयारियों को लेकर मंगलवार को समिति के पदाधिकारियों की बैठक हुई।

रिलायंस द्वारा दर्ज किया गया सबसे बड़ा सिंगल-ड्राइव चयन आंकड़ा

मैनिटः रिलायंस ने एक ही ड्राइव में 9 लाख के पैकेज पर 47 छात्रों का किया चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

केंद्रीय तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए राजधानी स्थित मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) ने इस सत्र का अपना सबसे बड़ा सिंगल-कंपनी कैंपस प्लेसमेंट रिकॉर्ड दर्ज किया है। इसके तहत रिलायंस इंडस्ट्रीज ने रुपए 9 लाख के वार्षिक पैकेज पर 47 छात्रों का चयन किया है। यह इस सीजन में देशभर में रिलायंस द्वारा दर्ज किया गया सबसे बड़ा सिंगल-ड्राइव चयन आंकड़ा है।



साथ ही यह इस शैक्षणिक वर्ष में मैनिट के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट सेल के लिए किसी एक कंपनी द्वारा किया गया सबसे बड़ा चयन भी है। इसकी घोषणा मंगलवार को मैनिट के मुख्य पोर्च (निदेशक कार्यालय के पास) आयोजित समारोह के दौरान की गई।

भाई दूज, यमद्वितीया पर कायस्थम करेगा श्री चित्रगुप्त मंदिर में पूजा

भोपाल। कायस्थ समाज की अग्रणी संस्था कायस्थम मप्र 11 नवंबर को भाई दूज यम द्वितीया पर्व पर प्रोफेसर कॉलोनी स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर में पूजन-अर्चन का कार्यक्रम आयोजित करेगा। सुबह 10 बजे से होने वाले आयोजन में भगवान श्री चित्रगुप्त की पूजा के साथ ही हवन, आरती, प्रसादी वितरण का कार्यक्रम होगा। प्रसादी वितरण के साथ कायस्थम की ओर से चित्रांश बंधुओं को कलम भी भेंट की जाएगी।

- चित्रांश बंधुओं को वितरित की जाएगी कलम

एम्स भोपाल के अध्यक्ष के साथ संस्थान सभा के सदस्य भी थे डॉ. महापात्र

16 घंटे सर्जरी कर जुड़े जुड़वां बच्चे 'जगा और कलियास' को अलग करने वाले पद्मश्री डॉ. अशोक महापात्र नहीं रहे

2025 में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने पद्मश्री से किया था सम्मानित

2022 में सीवी रमन पुरस्कार से भी हो चुके थे सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एम्स भोपाल के अध्यक्ष एवं संस्थान सभा के सदस्य, देश के प्रख्यात न्यूरोसर्जन पद्मश्री डॉ. अशोक कुमार महापात्र का निधन हो गया। उनका जन्म 29 दिसंबर 1952 को हुआ था। उनके निधन से एम्स भोपाल सहित संपूर्ण चिकित्सा जगत में शोक की लहर है।

बता दें कि पद्मश्री डॉ. अशोक कुमार महापात्र ने वर्ष 2017 में एम्स नई दिल्ली में 16 घंटे लंबे जटिल ऑपरेशन का नेतृत्व करते हुए ओडिशा के दो जुड़े हुए जुड़वां बच्चों 'जगा और कलियास' को अलग किया। 30 डॉक्टरों की टीम के साथ पूरी की गई यह ऐतिहासिक सर्जरी लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज हुई और भारत के चिकित्सा इतिहास में एक मील का पत्थर बनी। ओडिशा के मूल निवासी डॉ. महापात्र ने एम्स नई दिल्ली में स्नातकोत्तर प्रशिक्षण प्राप्त किया और एमएस (सर्जरी) एमच (न्यूरोसर्जरी) तथा डीएनबी (न्यूरोसर्जरी) की उपाधियां अर्जित की। उन्होंने एम्स नई दिल्ली में न्यूरोसर्जरी विभागाध्यक्ष, न्यूरोसाइंसेस सेंटर के प्रमुख और अनुसंधान डीन जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. नरेंद्र कोतवाल ने उनके निधन को संस्थान और देश की चिकित्सा बिरादरी के लिए अपूरणीय क्षति बताते हुए गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिजनों को यह दुःख सहने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।



डॉ. अशोक कुमार महापात्र।

सीवी रमन पुरस्कार से भी हुए सम्मानित

डॉ. महापात्र ने न्यूरो सर्जरी, सिर की चोट, स्कल-बेस सर्जरी, ग्रामीण मस्तिष्क सर्जरी, मिर्गी शल्य चिकित्सा और मस्तिष्क ट्यूमर के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया। उन्होंने 870 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित किए, 16 पुस्तकें लिखीं और 140 से अधिक पुस्तकों में अध्याय लिखे। उनके शोध कार्य को 13 हजार 500 से अधिक उद्धरण प्राप्त हुए। उन्होंने 12 पीएचडी शोधार्थियों का मार्गदर्शन किया और 20 से अधिक शोध परियोजनाओं का संचालन किया। उनके असाधारण योगदानों के लिए उन्हें अप्रैल 2025 में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा पद्मश्री से सम्मानित किया गया। उन्हें 2022 में सीवी रमन पुरस्कार (ओडिशा विज्ञान अकादमी) से भी सम्मानित किया गया था।

प्राचार्य डॉ. शालिनी ने कहा-युवा देश की सबसे बड़ी ताकत

एसपीएमः युवा उत्सव 2026 में रचनात्मक प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने दिखाया हुनर



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी स्थित शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय में मंगलवार को युवा उत्सव 2026 का आयोजन किया गया। इसके तहत विभिन्न साहित्यिक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने अपने हुनर का परिचय दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनूप सिंह बैस ने कहा कि प्रतिभा को अवसर मिले तो साधारण विद्यार्थी भी असाधारण उपलब्धियां हासिल कर सकता है।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शालिनी सक्सेना ने अपने उद्बोधन में कहा कि युवा केवल देश का भविष्य नहीं, बल्कि वर्तमान की देश की सबसे बड़ी ताकत हैं।

कई प्रतियोगिताएं हुईं आयोजित

साहित्यिक गतिविधियों में वाद-विवाद प्रतियोगिता, प्रश्न मंच प्रतियोगिता, क्ले मॉडलिंग, रंगोली प्रतियोगिता, स्थल चित्रण, कोलाज एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। युवा उत्सव का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा, विचारों एवं रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रस्तुत करने के लिए मंच प्रदान करना तथा उनमें साहित्यिक अभिरुचि, तार्किक क्षमता, कलात्मक कौशल एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करना था।

हरिभूमि
भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 4 नवंबर 2026



जगमग गौहर महल

भोपाल। मंगलवार की शाम गौहर महल सैकड़ों दीपों की स्वर्णिम आभा से आलोकित हो उठा। शाम की बेला ढलते ही 2027 दीप प्रज्ज्वलित किए गए। जिनकी रोशनी से पूरा गौहर महल जगमग हो गया।

हाईकोर्ट ने सरकार की स्टेटस रिपोर्ट पर सुनवाई के दौरान जताई व्यापक कार्ययोजना की जरूरत

शहर व गांवों में स्ट्रीट डॉग्स की रोकथाम के लिए बनेगा मॉडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जबलपुर

स्ट्रीट डॉग्स का आतंक अब केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं है, बल्कि गांव और कस्बों में भी डॉग बाइट और रेबीज की घटनाएं चिंता का विषय बन रही हैं। इस समस्या के प्रभावी निराकरण के लिए हाई कोर्ट ने एक मॉडल तैयार करने की दिशा में पहल की है। चीफ जस्टिस अल्पेश यशवंत कोगजे व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने सभी पक्षों की सहमति से मॉडल तैयार करने का निर्णय लिया। अगली सुनवाई में तय किया जाएगा कि इसके लिए किस शहर का चयन किया जाए। मंगलवार को स्ट्रीट डॉग्स से संबंधित याचिकाओं की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों के पालन में किए गए कार्यों की स्टेटस रिपोर्ट पेश की गई।

सुप्रीम कोर्ट ने दिए हैं सख्त निर्देश

कोर्ट मित्र वरिष्ठ अधिवक्ता ब्रायन डिसल्वा और याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अनुराग गोहिल ने ध्यानाकर्षण कराया कि सरकार का ध्यान मुख्य रूप से बड़े शहरों तक सीमित है, जबकि समस्या गांवों और कस्बों में भी गंभीर रूप ले चुकी है। इसके लिए व्यापक और ठोस कार्ययोजना जरूरी है। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने स्ट्रीट डॉग्स के हमलों को गंभीरता से लेते हुए सरकारी एवं निजी संस्थानों, अस्पतालों, शैक्षणिक संस्थानों, सार्वजनिक खेल परिसरों और रेलवे स्टेशनों जैसे स्थानों को चिन्हित कर कुत्तों के नसबंदी के निर्देश दिए हैं। स्थानीय निकायों को इन स्थानों का नियमित निरीक्षण करने तथा यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि वहां आवारा कुत्ते डेरा न जमाएं।

20 संदिग्धों से पूछताछ, दाहोद में शराब को छोटी-छोटी मात्रा में बांटा जाता

देवास से गुजरात तक फैला था शराब सप्लाई का नेटवर्क, आरोपी रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

खातेगांव टीआई दिलीप पुरी को ट्रक से कुचलने के मामले में पुलिस की जांच अब गुजरात तक पहुंच गई है। शराब सप्लाई नेटवर्क की जांच में पुलिस को कई अहम जानकारियां मिली हैं। अब तक तीन आरोपित राहुल जायसवाल, विजय राव और केरम सिंह को गिरफ्तार किया गया है। मंगलवार को तीनों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से पुलिस को 10 नवंबर तक का रिमांड मिला है। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ के आधार पर सप्लाई नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका खंगाल रही है।

एसपी आदित्य मिश्रा ने बताया कि पूछताछ में सामने आया है कि देवास से बड़ी मात्रा में शराब गुजरात के दाहोद तक पहुंचाई जाती थी। वहां शराब को छोटी-छोटी मात्रा में बांटकर गुजरात में रिटेल स्तर पर सप्लाई किया जाता था। बुधवार को पुलिस टीम तीनों आरोपियों को लेकर गुजरात-दाहोद बॉर्डर जाएगी। वहां शराब सप्लाई के रास्ते की तस्दीक कराई जाएगी।

आरोपियों को दाहोद बॉर्डर ले जाकर जाएगी पुलिस | शराब के परिवहन और वितरण पर होगी पूछताछ

20 लोगों से पूछताछ, कई नाम जांच के दायरे में



स्व. दिलीप पुरी

मामले में पुलिस ने करीब 20 लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। इनमें टिमरनी वाइन शॉप का मैनेजर भूपेंद्र राणा, संजीव बर्मन, राजकुमार चौकसे, धीरज जायसवाल और जयप्रकाश जायसवाल सहित अन्य लोग शामिल हैं। पुलिस इनसे शराब की खरीद, परिवहन और वितरण से जुड़े पहलुओं पर पूछताछ कर रही है। एसपी ने बताया कि पूछताछ में जिसकी भी संलिप्तता सामने आएगी, उसे गिरफ्तार किया जाएगा।

22 सदस्यीय टीम कर रही मामले की जांच

पुलिस ने 22 सदस्यीय विशेष जांच टीम गठित की है। इसमें एक एएसपी, दो एसडीओपी, पांच टीआई, तीन एसआई सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल हैं। टीम शराब के स्रोत से लेकर उसके परिवहन और गुजरात में वितरण तक की व्यवस्था की जांच कर रही है। पूछताछ में तथ्यों के आधार पर आगे की गिरफ्तारियां की जाएंगी।

कांग्रेस पार्टी दे रही शराब माफिया को संरक्षण : भाजपा

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा ने सोशल मीडिया पर जीतू पटवारी और राहुल जायसवाल के संबंधों पर सवाल उठाते हुए कांग्रेस पर शराब माफिया को संरक्षण देने का आरोप लगाया। तस्करी में प्रयुक्त आयशर वाहन खरगोन निवासी अकील कुरैली के नाम पर पंजीकृत पाया गया है। आबकारी निरीक्षक पूजा गेहलोत ने बताया कि जब्त वाहन में ऊपर नहीं, बल्कि नीचे एक विशेष गुप्त कंपार्टमेंट बनाकर बिना किसी वैध परमिट के 100 से 200 शराब की पेटियां तस्करी के लिए ले जाई जा रही थीं। टीआई द्वारा चेकिंग के लिए रुकवाते ही चालक ने उन 4 पर पर वाहन चढ़ा दिया। वाहन में शराब परिवहन से संबंधित कोई भी वैध परमिट मौजूद नहीं था। नियमानुसार वैध परमिट होने पर आबकारी विभाग के पास रिकॉर्ड रहता है, परंतु यह पूरी तरह अवैध तरीके से ले जाई जा रही थी।





अपने जन्मदिन पर की हत्या, प्रेमिका को किए कॉल से पकड़ा गया

सेवानिवृत्त आईएएस राकेश अग्रवाल के हत्यारे वरुण का शॉर्ट एनकाउंटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के बहुचर्चित सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी राकेश अग्रवाल हत्याकांड के मुख्य आरोपी वरुण वाल्मीकि को पुलिस ने एक महीने की तलाश के बाद गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आयुक्त संजय कुमार ने बताया कि आरोपी पर 50 हजार का इनाम घोषित था और उसकी गिरफ्तारी के लिए पांच राज्यों में दस विशेष टीमें तैनात की गई थीं। पुलिस ने करीब ढाई हजार सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद उत्तर प्रदेश के आगरा जिले से उसे दबोचा।

पुलिस ने करीब ढाई हजार सीसीटीवी फुटेज खंगाले | लघु शंका का बहाना बना वाहन रुकवाया पिस्तौल छीनकर भागने का प्रयास किया

आगरा में आरोपी की प्रेमिका की जानकारी मिलने पर पुलिस ने जाल बिछाया



स्व. राकेश अग्रवाल

आगरा में प्रेमिका के कचरा संग्रहण कार्य में लगे होने की जानकारी मिलने पर पुलिस ने जाल बिछाया। आरोपी को भनक लगने पर वह वृंदावन सहित कई राज्यों में लगभग पंद्रह दिनों तक फरार रहा और फिर आगरा लौटा। पुलिस ने स्थानीय नागरिकों के वेश में बहुरूपिया बनकर उसे घात लगाकर पकड़ा। भोपाल लाते समय रातीबड़ के मुगलिया छाप गांव के पास उसने लघुशंका का बहाना बनाकर वाहन रुकवाया और एक अधिकारी की पिस्तौल छीनकर भागने लगा। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में हुई संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद उसे पुनः हिरासत में ले लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह सेवानिवृत्त अधिकारी के आचरण से नाराज था।

हत्या के बाद शराब पीकर मनाया अपना जन्मदिन

29-30 सितंबर की दरमियानी रात आरोपी ने 70 वर्षीय सेवानिवृत्त अधिकारी राकेश अग्रवाल की गला रेतकर हत्या कर दी। हत्या को हादसे का रूप देने के उद्देश्य से उसने रसोई गैस का नोजल खोल दिया फरार हो गया। घटना का खुलासा तब हुआ जब गैस रिसाव की आशंका पर अधिकारी की पत्नी ने बंगले में ही रहने वाले रसोइए अमर सिंह पालीवाल से सहायता मांगी। जांच में सामने आया कि जिस दिन हत्या की गई, उसी दिन आरोपी का जन्मदिन भी था। वारदात के बाद उसने घर में रखी शराब का सेवन किया और वहीं जन्मदिन मनाया। इसके बाद उसने मृतक के ही मोबाइल से अपनी प्रेमिका सोनम को फोन किया। कॉल अनुत्तरित रहने पर वह केरल एक्सप्रेस से ग्वालियर पहुंचा। यही कॉल पुलिस के लिए निर्णायक सुराग बनी, जिसके आधार पर उसकी प्रेमिका की पहचान हुई।



अस्पताल में आरोपी वरुण।

पूर्व आपराधिक पृष्ठभूमि और चरित्र सत्यापन की खानी

जांच में आरोपी की आपराधिक पृष्ठभूमि भी उजागर हुई। मूलतः ग्वालियर निवासी वरुण का बचपन में ही मातृ वियोग हो गया था और उसका पालन-पोषण पंजाब के पटियाला जिले के नाभा क्षेत्र में उसकी बहन सिमरन ने किया। आरोपी नैनीताल में रामप्रसाद होम हेल्थ केयर के माध्यम से कार्य कर चुका है, जहां उस पर मोबाइल चोरी और एक 92 वर्षीय वृद्ध की गला दबाकर हत्या के प्रयास के आरोप लगे थे।

जीवन-मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने पहुंचे कई लोग लौटे

नगर निगम में सर्वर ठप, तीन घंटे तक भटकते रहे आवेदक



नगर निगम मुख्यालय में आवेदन लेकर पहुंचे लोगों को इंतजार करना पड़ा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नए नगर निगम भवन में जीवन-मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने आने वाले लोगों को इन दिनों भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को एक बार फिर सर्वर की समस्या के चलते करीब तीन घंटे तक प्रमाण पत्र बनाने का काम पूरी तरह प्रभावित रहा। दोपहर करीब 12:30 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक सर्वर नहीं रहने के कारण लोगों को लंबा इंतजार करना पड़ा। इसके बावजूद जब काम शुरू नहीं हुआ तो कई लोग निराश होकर बिना काम कराए ही वापस लौट गए।

लोग अपने जरूरी दस्तावेज लेकर जीवन-मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए नगर निगम कार्यालय पहुंचे थे। उन्हें उम्मीद थी कि समय पर उनका काम हो जाएगा, लेकिन सर्वर ठप होने से काउंटर पर कामकाज रुक गया। लोग घंटों तक सर्वर चालू होने का इंतजार करते रहे, लेकिन तकनीकी समस्या ने सभी को परेशान कर दिया।



जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी से मुक्त

बार-बार होने वाली इस समस्या के बावजूद अब तक कोई स्थाई समाधान होता नजर नहीं आ रहा है। सवाल यह है कि जब नगर निगम सर्वर की समस्या से निपटने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था क्यों नहीं कर रहा है। कब तक आम लोगो को तकनीकी खामियों का खामियाजा भुगतते रहेंगे। जिम्मेदार अधिकारियों को इस समस्या पर गंभीरता से ध्यान देकर स्थाई समाधान करना चाहिए।

समस्या के समाधान के लिए काम चल रहा है: अवस्थी

आवेदक, मुकेश गुप्ता ने बताया कि रोजाना किसी न किसी तरह की समस्या यहां बनी रहती है। कभी अधिकारी गायब रहते है तो कभी इतनी भीड़ हो जाती है कि काम कराना मुश्किल हो जाता है। सर्वर की समस्या तो आए दिन की है। इस संबंध में अपर आयुक्त सामान्य प्रशासन वरुण अवस्थी ने कहा कि इस समस्या के समाधान के लिए काम किया जा रहा है। इसका अल्टरनेट उपाय जल्द किया जाएगा।

देर शाम तक कुछ स्कूलों ने घोषित की छुट्टी, विभाग ने बुलाई स्कूलों से जानकारी, जारी किए दिशा-निर्देश

भाजपा की पदयात्रा: स्कूलों के समय और यातायात व्यवस्था में बदलाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में 4 नवंबर को आयोजित होने वाली भाजपा की 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा को देखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग ने सभी स्कूलों को जरूरी दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसमें विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्कूल के समय और स्कूली वाहनों के यातायात को लेकर स्कूलों से निर्णय लेने की बात कही गई है।

जिला शिक्षा अधिकारी अभिनव आर्य ने जिले के सभी सरकारी और निजी स्कूलों को अपने स्तर पर आवश्यक निर्णय लेने के निर्देश दिए हैं। जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा है कि स्कूल प्रबंधन 4 नवंबर को स्कूल के समय में बदलाव करने या संचालन के संबंध में आवश्यक निर्णय लें।

स्कूलों को इस निर्णय की जानकारी अभिभावकों, विद्यार्थियों और वाहन संचालकों को देने के साथ जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय को भी भेजनी होगी। इधर मंगलवार देर शाम को भोपाल के कई स्कूलों ने अवकाश घोषित करना शुरू कर दिया। इसमें सेंट जोसेफ स्कूल कोलार सहित कुछ स्कूलों ने छुट्टी घोषित कर दी है।

भाजपा की रैली का खामियाजा बच्चे अभिभाव क्यों भुगते?: जीतू

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने 4 नवंबर को होने वाली भाजपा की 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा को लेकर सवाल उठाए है। पटवारी ने कहा कि भाजपा की पदयात्रा के कारण कई निजी स्कूलों में चार नवंबर को अवकाश घोषित हो गया है। भाजपा की रैली का खामियाजा बच्चे और अभिभावक क्यों भुगतें? क्या मप्र में अब बच्चों की पढ़ाई भी भाजपा के कथित कार्यक्रमों की मोहताज हो गई है? सरकार सुन लें बच्चों के भविष्य से बड़ा कुछ नहीं है!

सुबह के समय 76 प्रतिशत नमी रही, यह सामान्य से 20 फीसदी अधिक

हवा में अभी 20 फीसदी ज्यादा नमी, तीन दिन में रात का पारा तीन डिग्री तक गिरेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी सहित अधिकांश जिलों में अब मौसम धीरे-धीरे सामान्य हो रहा है। सुबह की हवा में अभी नमी की मात्रा अधिक होने से कुछ जिलों में बादल और हल्की बौछारों का असर बना हुआ है, जबकि भोपाल सहित ज्यादातर शहरों में रात में सर्दी का अहसास बढ़ रहा है। भोपाल में मंगलवार सुबह की हवा में 76 प्रतिशत नमी रही, जो सामान्य से करीब 20 फीसदी अधिक है। इससे गुलाबी सर्दी जारी है।

पचमढ़ी का रात का पारा अब 13.2 डिग्री पर पहुंच गया है। भोपाल में दिन का पारा दशमलव 2 डिग्री बढ़कर 30.6 डिग्री रहा, जो सामान्य से दशमलव 9 डिग्री कम है।

अब रात का पारा और गिरेगा

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार दो से तीन दिन में प्रदेशभर में मौसम आमतौर पर साफ होने के साथ रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री तक कमी आएगी। इससे सर्दी धीरे धीरे तीसरे सप्ताह तक तेज हो जाएगी। भोपाल में भी ठंडक अब लगातार बढ़ेगी। अभी हरियाणा के ऊपर एक सकुर्लेशन है, जिसका विशेष असर प्रदेश में नहीं होगा। बंगाल की खाड़ी में आया तूफान मुरासु अब कमजोर होकर चक्रवाती तूफान में बदल गया है। आज मध्य रात्रि तक और कमजोर होकर एक गहरे दबाव में बदलने की संभावना है। इससे अब प्रदेश में बारिश का दौर लगातार कम होगा।

राजधानी में अस्थाई बाजारों में दस-दस फीट दूरी पर लगेंगी पटाखा दुकानें

सौ किलो पटाखा स्टॉक की एक हजार दुकानों को मिला लाइसेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

दिवाली नजदीक आते ही पटाखा बाजार में रौनक बढ़ गई है। शहर की थोक दुकानों पर छोटे पटाखा कारोबारियों की भीड़ देखी जा रही है। जिसको देखते हुए थोक की 20 और पांच सौ केजी की 14 दुकानों को पटाखे बेचने की परमिशन दी गई है।

जबकि बीस दिनों के लिए अस्थाई तौर पर लगने वाली 1114 दुकानों को भी लाइसेंस दिए जा रहे हैं। इन दुकानों को अस्थाई बाजारों में लगाया जाएगा, जहां पर आग से बचाव के इंतजाम भी करना जरूरी है। दिवाली पर पटाखा बेचने के लिए जिले में 1114 अस्थाई दुकानें लगेंगी। इसके लिए व्यापारियों ने जिला प्रशासन को अस्थाई लाइसेंस के लिए आवेदन किए हैं। ये 20 दिनों के लिए सशर्त जारी किए जाएंगे, जिसकी प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इनमें थोक की 20, 500 केजी की 14 और 100 केजी तक के पटाखों की 1100 दुकानें लगेंगी। सबसे ज्यादा 200 दुकानें बैरसिया में लगाई जाएंगी।

भोपाल जिले से 1 हजार 114 लाइसेंस के लिए आवेदन मिले

प्रशासन ने विक्रेताओं को बीस दिन के लिए जारी किए लाइसेंस

आग से बचाव के करना पड़ेंगे इंतजाम, फायर ब्रिगेड रहेगी तैनात



लालघाटी में पटाखा बाजार की दुकान पर खरीदारी करते लोग।

मंगलवार तक भोपाल जिले से 1 हजार 114 लाइसेंस के लिए आवेदन मिले हैं। इनमें 500 केजी और 100 केजी के पटाखों की दुकानों के लिए सिर्फ 20 दिनों की सशर्त अनुमति के साथ लाइसेंस जारी किए जाएंगे। 500 केजी के पटाखों की जिले में 20 आवेदन आए हैं। इनमें होशंगाबाद रोड 11, करोंद 2 और भानपुर एक दुकान शामिल है। वहीं, थोक कारोबारियों के लिए साल भर का लाइसेंस लेना होगा। भोपाल जिले में ऐसी 20 दुकानें है। इनमें हलालपुरा 15, होशंगाबाद रोड, रेलवे फाटक करोंद, बैरसिया रोड करोंद में 1-1 और बैरसिया में दो दुकानें होंगी।

शहर में कहां लगेंगी कितनी दुकानें

बैरसिया 200, गोविंदपुरा में 170, कोलार 165, हुजूर 80, टीटी नगर में 85, बैरागढ़ में 80, सिटी 120, एमपी नगर 2

अस्थाई पटाखा बाजारों में रहेंगे सुरक्षा के इंतजाम

एसडीएम क्षेत्र में लगाए जाने वाले अस्थाई पटाखा बाजारों में आग से बचाव के इंतजाम पूरी तरह से करना पड़ेंगे। एसडीएम इसकी निगरानी रखेंगे।
महेंद्र कवचे, एडीएम

शिकायत वापस लेने के नाम पर 25 लाख रुपए में आरोपियों ने किया समझौता

40 लाख लेने के बाद डेढ़ करोड़ की मांग की, व्यवसायी एलएन मालवीय को दुष्कर्म और एससी-एसटी एक्ट में फंसाने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी भोपाल में एक व्यवसायी को कथित हनीट्रैप और ब्लैकमेलिंग के जरिए निशाना बनाए जाने का मामला सामने आया है। झूठे दुष्कर्म और एससी/एसटी एक्ट में फंसाने की धमकी देने एक शातिर महिला ने पति और पिता के साथ मिलकर व्यवसायी लक्ष्मीनारायण मालवीय से अलग-अलग चरणों में 40 लाख रुपए वसूले।


एलएन मालवीय

आरोप है कि इतनी बड़ी रकम लेने के बावजूद आरोपियों की मांग खत्म नहीं हुई और बाद में डेढ़ करोड़ रुपए की अतिरिक्त मांग की गई। एलएन मालवीय की शिकायत पर बागसेवनिया पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर महिला रत्नप्रिया देवड़ा धाकड़, उसके पति राम कुमार धाकड़ और पिता रामकृष्ण देवड़ा को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है।



आरोपी पति-पत्नी

पहले पांच लाख रुपए, फिर 10 लाख दिए नकद, आरोपी महिला, पति और पिता गिरफ्तार

एलएन मालवीय के अनुसार पूरे घटनाक्रम की शुरूआत दुष्कर्म के झूठे आरोप में फंसाने की धमकी से हुई। महिला ने पहले पांच लाख और फिर 10 लाख नकद लिए। इस लेनदेन से संबंधित मूल अनुबंध पत्र उनके पास सुरक्षित हैं। मालवीय का कहना है कि इन दस्तावेजों पर महिला, उसके पति और गवाहों के हस्ताक्षर मौजूद हैं। इनमें महिला के पिता रामकृष्ण देवड़ा भी एक गवाह बताए गए हैं। एलएन मालवीय के मुताबिक महिला ने एमपी नगर थाने में दुष्कर्म संबंधी शिकायत की। आरोप है कि एक मध्यस्थ के माध्यम से 40 लाख की मांग रखी गई और शिकायत वापस लेने के लिए दबाव बनाया गया। बाद में कथित तौर पर 25 लाख में स्टाम्प पर समझौता हुआ। मालवीय ने महिला को 10 लाख और 15 लाख के दो चेक दिए। 25 लाख मिलने के बाद महिला ने अपनी शिकायत वापस ले ली।

परिवार की गरिमा और सम्मान के लिए चुकाई रकम : एलएन मालवीय

एलएन मालवीय का कहना है कि उन्होंने अपनी सामाजिक प्रतिष्ठा, परिवार की गरिमा और वर्षों से अर्जित सम्मान को ध्यान में रखते हुए विवाद को समाप्त करने के लिए बड़ी रकम चुकाई। लेकिन इसके बावजूद कथित तौर पर पैसों की मांग बंद नहीं हुई।

40 लाख के बाद सीधे डेढ़ करोड़ की मांग

मामले में सबसे गंभीर आरोप यह है कि कुछ समय बाद महिला के पति और पिता ने कथित तौर पर फोन कर सीधे डेढ़ करोड़ की मांग कर दी। मालवीय का आरोप है कि रकम नहीं देने पर उन्हें दोबारा दुष्कर्म और एससी/एसटी एक्ट के मामले में फंसाने तथा जान से मारने की धमकियां दी गईं। उनके पास इन कथित धमकियों से संबंधित कॉल रिकॉर्डिंग और वाट्सएप चैट मौजूद हैं, जिन्हें उन्होंने पुलिस को उपलब्ध कराया है।

प्रतिष्ठा बचाने के लिए चुप रहे, अब न्याय की लड़ाई...

शुरूआत में प्रतिष्ठा, परिवार की सामाजिक गरिमा को देखते हुए विवाद को शांतिपूर्वक समाप्त करने का प्रयास किया। लेकिन मांगों और धमकियों के बाद कानूनी रास्ते का निर्णय लिया। मुझे कानून पर पूरा भरोसा है उम्मीद है कि साक्ष्यों की निष्पक्ष जांच के बाद सच्चाई सामने आएगी, न्याय मिलेगा।
एलएन मालवीय
व्यवसायी

पुलिस ने किया आरोपियों को गिरफ्तार

एक व्यवसायी को झूठे दुष्कर्म और एससी/एसटी एक्ट में फंसाने की धमकी देने के मामले में एक महिला, उसके पति और पिता को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है।
उमराव सिंह,
एसीपी, मिसरोद

खबर संक्षेप



विधायक पटवा ने स्व. सुमन बाई गारोटिया को अर्पित की श्रद्धांजलि

औबेदुल्लागंज। विधायक सुरेंद्र पटवा ने मंगलवार को ग्राम नूरगंज निवासी ओमप्रकाश नागर की धर्मपत्नी एवं राहुल नागर तथा अजय नागर की माताजी स्व. सुमन बाई गारोटिया के निधन पर उनके निवास पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित किए एवं शोकाकुल परिजनों से भेंट कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। ईश्वर दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें एवं परिजनों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले दोषी को 20 साल की सजा

भोपाल। शादी का झांसा देकर नाबालिग किशोरी के साथ लगातार दुष्कर्म कर शादी से इंकार करने वाले आरोपी जावेद खान निवासी भोपाल मप्र को विशेष न्यायाधीश पास्को एक्ट मनोहर लाल पाटीदार के न्यायालय ने भादंसं की धारा-376 (3) एवं पॉक्सो एक्ट की धारा-5(एल) / 6 के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए 20 वर्ष के सश्रम कारावास और 10,000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। उक्त प्रकरण में अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक अजय शंकर प्रजापति एवं ज्योति कुजूर द्वारा पैरवी की गई थी। अभियोजन के अनुसार पीड़िता ने 12 मार्च 2021 को थाना हनुमानगंज भोपाल उपस्थित होकर इस आशय से रिपोर्ट कराई कि उसकी बहन हमीदिया अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती थी। 6 फरवरी 2021 को हमीदिया अस्पताल में उसकी मुलाकात अभियुक्त जावेद खान से हुई थी। जान-पहचान होने के बाद दोनों एक-दूसरे से फोन पर बात करने लगे थे। 25 फरवरी 2021 को अभियुक्त जावेद खान ने उसे फोन कर मिलने बुलाया। अभियुक्त जावेद खान उसे घुमाने के बहाने घोड़ा नक्कास भोपाल स्थित एक लॉज में लेकर गया और शादी करने का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। उक्त सूचना के आधार पर पुलिस थाना हनुमानगंज भोपाल द्वारा अभियुक्त जावेद खान के विरुद्ध भादंसं की धारा- 363, 376 (3), एवं पॉक्सो एक्ट की धारा- 5 एल/6 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर पुलिस ने प्रकरण की विवेचना के दौरान आरोपी को गिरफ्तार कर विवेचना में घटनास्थल का नक्शा, पंचनामा व साक्ष्य संकलित किए गए। विवेचना अधिकारी ने प्रकरण की विवेचना के पश्चात डीएनए टेस्ट रिपोर्ट, पुलिस कर्मियों सहित अन्य गवाहों की सूची सहित अभियोग पत्र जिला न्यायालय में प्रस्तुत किया था। विशेष न्यायाधीश ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को पीड़िता को 4,00000 रूपए का प्रतिकर भी अदा किए जाने का आदेश दिया है।

शुभांक

कल्याणः	4-9-2-7		
दिनः	678	17	124
रातः	128	12	138
ताराः			
दिनः	789	45	230
रातः	150	68	369

शाहजहांनी पार्क में सुबह 9 बजे से दिया धरना, ज्ञापन लेने नहीं पहुंचे अधिकारी

सफाईकर्मियों ने किया जहांगीराबाद चौराहे पर दो घंटे तक चक्काजाम

मांगें पूरी नहीं होने पर दी अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी भोपाल में अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे सफाईकर्मियों का गुस्सा मंगलवार को सड़कों पर दिखाई दिया। सुबह 9 बजे से शाहजहांनी पार्क में धरने पर बैठे कर्मचारियों ने शाम को जहांगीराबाद चौराहे पर चक्काजाम कर दिया। कर्मचारी मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपना चाहते थे, लेकिन उनका आरोप है कि शाम 4 बजे तक कोई भी जिम्मेदार अधिकारी ज्ञापन लेने नहीं पहुंचा।

इससे नाराज होकर उन्होंने मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने की रणनीति बनाई। प्रदर्शन में भोपाल सहित प्रदेश के अलग-अलग जिलों से सफाईकर्मी शामिल हुए। कर्मचारियों ने बताया कि वे लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर आवाज उठा रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं हुआ है। उनकी प्रमुख मांगों में वेतन बढ़ाना और अस्थाई कर्मचारियों को स्थाई करना शामिल है।



बैरिकेडिंग हटाकर चौराहे तक पहुंचे कर्मचारी



पुलिस ने सफाईकर्मियों को आगे बढ़ने से रोकने के लिए शाहजहांनी पार्क के रास्ते पर बैरिकेडिंग की थी। हालांकि, कर्मचारी बैरिकेडिंग हटाकर बाहर निकल गए और तलैया थाने के सामने से होते हुए जहांगीराबाद चौराहे पर पहुंच गए। यहां पुलिस ने दोनों तरफ बैरिकेडिंग लगाकर उन्हें रोक दिया। इसके बाद कर्मचारी सड़क पर ही बैठ गए। करीब दो घंटे तक चौराहे पर प्रदर्शन चलता रहा। पुलिस और अधिकारियों ने कर्मचारियों को समझाइश दी, जिसके बाद वे सड़क से हटे। जाम के कारण पुलिस को ट्रैफिक डायवर्ट करना पड़ा। पुलिस कंट्रोल रूम के सामने और पुराने शहर के कई इलाकों में वाहनों की कतारें लग गईं। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी हुई।

मांगें नहीं मानी तो करेंगे हड़ताल

अखिल भारतीय सफाई मजदूर ट्रेड यूनियन (7262) के बैनर तले यह आंदोलन किया जा रहा है। यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष मगनलाल झांझोट ने कहा कि प्रदेश के हजारों सफाईकर्मी और अन्य कर्मचारी इस आंदोलन में शामिल हैं। हमारी मांगें जायज हैं और सरकार को इनका जल्द निराकरण करना चाहिए।उन्होंने कहा कि मंगलवार को शांतिपूर्वक धरना दिया गया, लेकिन सरकार की ओर से कोई सकारात्मक निर्णय नहीं आया। यदि मांगों पर जल्द फैसला नहीं हुआ तो 4 नवंबर से प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की जाएगी।

कचरा गाड़ियों से किया गया था प्रचार

प्रदर्शन की जानकारी सोमवार को नगर निगम की सरकारी कचरा गाड़ियों पर लगे लाउडस्पीकर से भी दी गई थी। इसकी शिकायत निगम अधिकारियों तक पहुंची है। बताया गया कि यूनियन के आंदोलन का प्रचार सरकारी कचरा गाड़ियों से किए जाने पर आपत्ति जताई गई है।

लोन के नाम पर लाखों हड़पने वाले दोषियों को 8 बार 3 साल की सजा

भोपाल। फर्जी फाइनेंस कंपनी खोलकर धोखाधड़ी कर ऋण देने के नाम पर पीड़ितों से 25 लाख रुपए हड़पने के मामले के आरोपियों बालादीन रजक पिता गिरधारी लाल रजक निवासी-ग्राम करीतलाई जिला कटनी हाल निवासी-फ्लैट नं. 501 रीगल नेस्ट, अवधपुरी भोपाल और रितेश गुप्ता पिता सुभाष गुप्ता निवासी-मं. 118 दुबे कॉलोनी महर्षि विद्या मंदिर के पास वार्ड नं 14, थाना न्यू कटनी जंक्शन जिला कटनी वर्तमान निवासी- फ्लेट नं. 1105 जैनित अपार्टमेंट थाना पनवेल नवी मुम्बई जिला रायगढ़ (मुंबई) को भादंसं की धारा-420 के अंतर्गत अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मयंक कुमार शुक्ला के न्यायालय द्वारा दोषी ठहराते हुए 8 बार 3-3 वर्ष के सश्रम कारावास और 48000 - 48000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

तस्कर महिलाओं को कोर्ट में पेश कर भेजा जेल

कच्ची शराब बेचती मिलीं महिलाएं दो सौ लीटर लहान किया जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कच्ची शराब और अवैध शराब को लेकर आबकारी विभाग का अमला रोजाना सर्चिंग कर रहा है। जिसके तहत मंगलवार को आबकारी की टीम ने पड़रिया काछी में अलग-अलग जगहों से दो महिलाओं को कच्ची शराब और महुआ लहान जब्त किया है।

महिला तस्करों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया है। जिला आबकारी कंट्रोलर वर्षा उइके ने बताया कि रायसेन रोड के पड़रिया काछी में सुशीला बाई के कब्जे से 12 लीटर हाथ भट्टी शराब और 150 लीटर महुआ लहान बरामद किया। गांव की ही सुनीता बाई के कब्जे से 12 लीटर कच्ची शराब और 50 लीटर लहान जब्त किया। टीम ने एक अन्य जगह से 2 लीटर कच्ची शराब और 300 लीटर लहान बरामद कर केस दर्ज किया है।

डंडा मारकर तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाया

डीजे संचालक के घर में घुसकर बदमाश ने मारपीट, प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

टीला जमालपुरा थाने के निगरानी गुंडे ने डीजे संचालक के घर में घुसकर जमकर उपद्रव मचाया। उसने डंडा बरसाते हुए तोड़फोड़ भी की है। पुलिस ने इस मामले में प्रकरण दर्ज कर लिया है। लेकिन आरोपी फरार चल रहा है।

पुलिस के अनुसार मोहम्मद जैद पिता मोहम्मद नवेद उम्र 26 साल कांग्रेस नगर में रहते हैं। उनका डीजे लाइट का काम है। सोमवार को निगरानी गुंडा अरशद बब्बा अपने साथियों अरबाज उर्फ बिहारी और इकबाल के साथ पहुंचा। सभी आरोपी उससे कहने लगे कि डीजे के धंधे में वह पैसा ज्यादा कमा रहा है। इसके बदले में वह दस हजार रुपए मांगने लगे। विरोध किया गया तो गाली-गलौज करते हुए मारपीट में उतर आए। घर की अलमारी में भी तोड़फोड़ की गई। आरोपी अरबाज ने चाकू मारा। वार पीड़ित की जांघ में लगा है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मारपीट, तोड़फोड़, चाकू मारकर लहूलूहान करने समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है।

मप्र के सभी नगरीय निकायों में लगेंगे क्रेता-विक्रेता शिविर

भोपाल। मप्र के सभी नगरीय निकायों में क्रेता-विक्रेता शिविर लगाए जाएंगे। मप्र के नगरीय क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के प्रभावी क्रियान्वयन और अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को लाभांवित करने का अभियान शुरू किया जा रहा है। योजना के ब्याज अनुदान योजना घटक के तहत ईडब्लूएस, एलआईजी एवं एमआईजी वर्ग के पात्र परिवारों को गृह ऋण पर अधिकतम 1.80 लाख तक का ब्याज अनुदान प्रदान किया जाएगा। प्रत्येक शुक्रवार को नगरीय निकायों में विशेष क्रेता-विक्रेता शिविर लगेंगे।

हनुमान चालीसा से गूंजा दीपमाला पागारानी संस्कार विद्यालय... मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

दीपमाला पागारानी संस्कार पब्लिक स्कूल में सत्र 2025-26 के मेधावी विद्यार्थियों के लिए पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं संतजी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ भी किया गया।

मुख्य अतिथि कर्नल नारायण पारवानी ने विद्यार्थियों को मेहनत, निरंतर अभ्यास और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। संस्था अध्यक्ष सुशील वासवानी ने समय का महत्व, अनुशासन और सेवा भाव अपनाने का संदेश दिया। सचिव बसंत चेलानी ने मेधावी विद्यार्थियों की सराहना करते हुए अन्य विद्यार्थियों से उनसे प्रेरणा लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।



कलेक्टर और एसपी को पत्र लिखकर की थी निष्पक्ष जांच की मांग

सरकारी जमीन की फर्जी रजिस्ट्री मामले में दोषियों पर हो सख्त कार्रवाईः विधायक पटवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

नगर में शासकीय भूमि की कथित फर्जी रजिस्ट्री के मामले में विधायक सुरेंद्र पटवा ने एक बार फिर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

हरिभूमि से फोन पर चर्चा करते हुए विधायक पटवा ने कहा कि इस पूरे प्रकरण में निष्पक्ष जांच कराने के लिए उन्होंने पहले ही जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर मांग की थी कि सरकारी जमीन बेचने में जो भी व्यक्ति शामिल है, उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। पटवा ने कहा कि वे लगातार जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक के संपर्क में रहे हैं और मामले की जांच की प्रगति को लेकर अधिकारियों से चर्चा करते रहे हैं। इस प्रकरण में उन्हें भी बदनाम करने का प्रयास किया गया, लेकिन एफआईआर दर्ज होने के बाद अब काफी हद तक स्थिति स्पष्ट हो गई है। नगर में इस प्रकरण को लेकर फैली भ्रांतियों पर भी विराम लगेगा। विधायक ने आगे कहा कि औबेदुल्लागंज में शासकीय भूमि पर हो रहे अतिक्रमण को रोकना बेहद जरूरी है। सरकारी जमीनों को सुरक्षित रखने के लिए प्रशासन को गंभीरता से कार्रवाई करनी चाहिए।



भाजपा के नोटिस से धरना बना चर्चा का विषय

कथित फर्जी रजिस्ट्री प्रकरण को लेकर भाजपा नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता बच्चन सिंह लोधी पिछले छह दिनों से धरने पर बैठे हुए हैं। इस धरने को लोगों के साथ भाजपा के कुछ पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों का भी समर्थन मिला। इसी बीच भाजपा संगठन ने धरने में शामिल कुछ पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया है। जानकारी के अनुसार नोटिस पाने वालों में तीन पार्षद पति, एक एल्डरमैन तथा अर्जुन नगर क्षेत्र के तीन भाजपा नेता शामिल हैं। संगठन ने उनसे पार्टी अनुशासन के संबंध में स्पष्टीकरण मांगा है। वहीं धरने पर बैठे बच्चन सिंह लोधी का कहना है कि उनका आंदोलन कथित फर्जी रजिस्ट्री मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर जारी रहेगा।

पीड़ित ने कलेक्टर से लगाई मदद की गुहार

बीडीए ने 20 लाख लेकर दूसरे का प्लॉट बिल्डर को बेचा

जनसुनवाई में 130 लोगों ने पेश किए आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

छह साल पहले पूरी राशि देकर खरीदे गए एक प्लॉट को लेकर बीडीए ने गड़बड़ी की है। आरोप है कि अफसरों ने इस प्लॉट को किसी बिल्डर को बेच दिया है। इसके बदले दूसरा प्लॉट भी नहीं दिया जा रहा है। कई बार बीडीए के चक्कर भी लगाए गए, लेकिन शिकायता का निराकरण नहीं किया जा रहा है। पीड़ित ने प्लॉट दिलाने की मांग कलेक्टर प्रियंक मिश्रा से की है।

मंगलवार को कलेक्टर की जनसुनवाई में 130 लोगों ने शिकायती आवेदन पेश कर मदद की गुहार लगाई।



कलेक्टर ने बीडीए सीईओ को सौंपी मामले की जांच

लक्ष्मी कंपाउंड ईदगाह हिल्स निवासी राजेंद्र लालचंदानी ने बताया कि उन्होंने एयरपोर्ट रोड स्थित राजा भोज आवासीय गोंदरमऊ चरण टू योजना में एक प्लॉट बीडीए से लिया था। यह प्लॉट बेटी भावना लालचंदानी के नाम से नामांतरण करवा दिया था। छह साल पहले इस प्लॉट के बीस लाख रुपए जमा कर दिए। बावजूद बीडीए ने प्लॉट नहीं दिया है। कई बार शिकायत की गई है। पता चला है कि बीडीए ने यह प्लॉट किसी बिल्डर को बेच दिया है। पीड़ित ने प्लॉट दिलवाने की मांग रखी है। जिसको लेकर सीईओ बीडीए को जांच सौंपी गई है।

नौ महीने पहले लगवाया सोलर पैनल, बिजली एक्सपोर्ट का इंतजार

सुबोध कुमार गोंडल उम्र 79 साल ने शिकायत में बताया कि वह सरकारी सेवा से रिटायर हैं। उन्होंने फरवरी माह में तीन किलोवॉट का सोलर पैनल लगवाया था, जिसमें मुझे बिजली का एक्सपोर्ट लाभ प्राप्त नहीं हो रहा है। घर पर स्मार्ट मीटर लगा है, लेकिन रीडिंग मैनुअल हो रही है। मैं बिजली कंपनी के दर्जनों चक्कर काट चुका हूं, लेकिन अफसर समस्या का समाधान नहीं कर रहे हैं। आवेदक ने कहा कि अब मैं परेशान हो चुका हूं। पीड़ित ने प्रशासन से बिजली कंपनी से न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। अधिकारी ने मामले में जांच के निर्देश दिए हैं।

शैक्षणिक सहयोग को बढ़ावा देने एमओयू

भोपाल। विद्यार्थियों, किसानों, शोधार्थियों एवं युवाओं को मशरूम उत्पादन की आधुनिक तकनीकों से परिचित कराने, मूल्य संवर्धन, कृषि उद्यमिता, स्वरोजगार एवं ग्रामीण आर्थिक विकास के प्रति जागरूक और प्रेरित करने के उद्देश्य से उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान (आईईएचई), भोपाल के कृषि विभाग द्वारा सतत मशरूम उत्पादन, मूल्य संवर्धन एवं कृषि व्यवसाय विकास विषय पर राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जल एवं भूमि प्रबंधन संस्थान (वाल्मी) तथा उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान, भोपाल के मध्य शैक्षणिक एवं संस्थागत सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। समझौते का प्रमुख उद्देश्य कृषि के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के लिए प्रोत्साहित करना हे।

48 हजार रुपए किराए के नाम पर छात्र की कार किराए पर लेकर युवक चंपत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बागसेवनिया इलाके में एक व्यक्ति वर्ना कार को 48 हजार रुपए के एग्रीमेंट करके हड़प ले गया। पूरा मामला तब उजागर हुआ जब उसकी लोकेशन पता लगाने जीपीएस चालू किया गया। जिस व्यक्ति की कार है उसके मालिक ने यह बताया तो मामला थाने में पहुंचा। पुलिस ने गबन का प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार रोहित सिंह राजावत पिता ओमप्रकाश सिंह राजावत उम्र 21 साल बागमुगालिया लहारपुर में रहते है। वे एलएनसीटी कॉलेज के छात्र हैं। उन्होंने वर्ना कार किराए पर देने की सलाह दोस्त प्रांजल को दी थी। हड़पी गई कार प्रांजल के मौसा रामधन पवार के नाम पर है। मामले में आरोपी आजम मोहम्मद है जो रोहित सिंह राजावत के पास सौरभ तिवारी का नाम लेकर आया था। उसने एक महीने के लिए 48 हजार रुपए कार किराए पर ली थी। किराए की रकम रोहित सिंह राजावत के दोस्त शुभ्रांश मिश्रा के खाते में ली गई थी। इस संबंध में 24 अगस्त को अनुबंध भी हुआ था। उसके तमाम दस्तावेज और वीडियो—फोटो खींचकर कार दे दी गई। जब उससे कार मांगी गई तो उसका कहना था कि उसने राजगढ़ के तलेन में दोस्त को दी है। उसके बाद आगर जिले में होने की जानकारी देने लगा। शंका होने पर पीड़ित परिवार ने कार में लगे जीपीएस सिस्टम को देखा। वह लगभग एक पखवाड़े करोद इलाके में बंद किया गया था। आरोपी आजम खान ने फोन उठाना बंद किया तो पीड़ित थाने पहुंचा।

पन्ना, विदिशा, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली और उज्जैन की सिंचाई परियोजनाओं के लिए 4,103 करोड़ 73 लाख रुपए स्वीकृत

मप्र के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने 23 हजार 300 करोड़ से अधिक के प्रस्ताव मंजूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

लोकायुक्त संगठन के सुचारू संचालन के लिए 573 करोड़ 85 लाख रुपए की स्वीकृति

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में लिए गए निर्णय

मप्र कैबिनेट ने शहरों में नागरिक सुविधाओं और अधोसंरचना के विस्तार के लिए मुख्यमंत्री नगरीय क्षेत्र अधोसंरचना निर्माण योजना के अंतर्गत 700 करोड़ रुपए का अतिरिक्त प्रावधान किया गया है।

स्वास्थ्य क्षेत्र में औद्योगिक निवेश और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए 610 करोड़ 51 लाख रुपए तथा पारदर्शी प्रशासनिक व्यवस्था के लिए लोकायुक्त संगठन के लिए 573 करोड़ 85 लाख रुपये मंजूर किए गए हैं। जबलपुर स्थित राजा शंकर शाह-कुंवर रघुनाथ शाह संग्रहालय के सुचारू संचालन के लिए पद सृजन और वार्षिक व्यय को भी मंजूरी दी गई है।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रालय में मंत्री परिषद की बैठक।

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री ने निर्णयों की दी जानकारी

सीएम की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक मंत्रालय में हुई। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप ने कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी दी। मंत्री काश्यप ने बताया कि मंत्रि-परिषद ने प्रदेश के समग्र विकास, पर्यावरण संतुलन और बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 23 हजार 300 करोड़ रुपये से अधिक के कई अहम वित्तीय प्रस्तावों को स्वीकृति दान की गई। वनों के संवर्धन और वन्यजीव संरक्षण से जुड़ी 9 प्रमुख योजनाओं के लिए 17,240 करोड़ 55 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है। कैबिनेट ने कृषि और जल प्रबंधन को गति देने के लिए पन्ना, विदिशा, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली तथा उज्जैन की प्रमुख सिंचाई परियोजनाओं के निरंतर संचालन के लिए 4,103 करोड़ 73 लाख रुपए का अनुमोदन दिया गया है।

वनों के संवर्धन के लिए 17 हजार 240 करोड़ से अधिक की स्वीकृति

कैबिनेट ने वनों के संवर्धन एवं वन्यजीव संरक्षण कार्यों के लिए वन विभाग के अंतर्गत संचालित 9 प्रमुख विद्यमान योजनाओं के सुचारु संचालन के लिए कुल 17,240 करोड़ 55 लाख रुपए की स्वीकृति दी है। यह स्वीकृति 16वें केंद्रीय वित्त आयोग की अवधि में 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 तक के लिए प्रदान की गई है। स्वीकृत राशि में से सर्वाधिक 10,664 करोड़ 79 लाख रुपए कार्यकारी योजना संगठन एवं वन वृत्तों की स्थापना पर खर्च किए जाएंगे।

लोकायुक्त संगठन के लिए भी राशि स्वीकृत

कैबिनेट ने लोकायुक्त संगठन के 16वें वित्त आयोग की अवधि 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 तक सुचारू संचालन के लिए 573 करोड़ 85 लाख रुपये की स्वीकृति दी है। लोकायुक्त संगठन के कार्यालय स्थापना, वेतन और कार्यालय व्यय के लिए 553 करोड़ 85 लाख रुपये और विभागीय परिसंपत्तियों के संधारण के लिए 20 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए है। इसीतरह अन्य निर्णय भी लिए गए।

टाइगर रिजर्व, राष्ट्रीय उद्यानों का संरक्षण होगा

इमारती लकड़ी का उत्पादन योजना का लक्ष्य काष्ठ व बांस का वैज्ञानिक विदोहन, परिवहन, विक्रय और राजस्व अर्जन है। वन्यजीवों के लिए राष्ट्रीय उद्यान स्थापना योजना की ओर से 9 टाइगर रिजर्व एवं 10 राष्ट्रीय उद्यानों का संरक्षण व विकास किया जाएगा। वहीं संरक्षित क्षेत्रों के बाहर वन्यप्राणी प्रबंधन का उद्देश्य सघन गश्त, बाघ मॉनिटरिंग व रेस्क्यू कार्य सुनिश्चित करना है और जू एवं रेस्क्यू सेन्टर योजना का उद्देश्य बाह्य-स्थलीय संरक्षण सहित उज्जैन व जबलपुर में नए केंद्र स्थापित करना है।

रोटावेटर के मानकों पर विशेषज्ञों का मंथन

भोपाल। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के भोपाल शाखा कार्यालय की ओर से मंगलवार को केंद्रीय कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान, बुधनी में रोटरी टिलर (रोटावेटर) से संबंधित भारतीय मानक पर मानक मंथन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें करीब 20 तकनीकी विशेषज्ञों, निर्माताओं और हितधारकों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में रोटावेटर के लिए निर्धारित भारतीय मानक के विभिन्न प्रावधानों पर चर्चा की गई। साथ ही मशीन की गुणवत्ता, कार्यक्षमता, सुरक्षा और विश्वसनीयता बेहतर बनाने के लिए सुझाव भी साझा किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत बीआईएस भोपाल के वैज्ञानिक-सी एवं उप निदेशक आशुतोष राय ने सीएफएमटीटीआई के निदेशक डॉ. बी.एम. नंदेडे और वरिष्ठ इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियर आर.पी. पांडे के स्वागत से की। इसके बाद डॉ. नंदेडे ने संस्थान की गतिविधियों और कृषि मशीनरी के प्रशिक्षण, परीक्षण एवं मूल्यांकन में इसकी भूमिका बताई। वहीं आशुतोष राय ने बीआईएस के कार्यों और मानकीकरण के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने एसएनएपी के बारे में बताते हुए प्रतिभागियों से सुझाव मांगे।

मुख्यमंत्री ने कहा, रील बनाने से कहीं ज्यादा रियल प्रॉब्लम सुलझाने पर ध्यान दें युवा पुलिस अधिकारी

शराब माफिया के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करे पुलिस, राज्य सरकार बलिदानी पुलिसकर्मियों के त्याग व योगदान को हमेशा रखेगी याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

2029 तक मप्र को नशा मुक्त बनाने में पुलिस की होगी अहम भूमिका

पुलिस अकादमी भौंरी में 12 करोड़ की लागत से बनेगा ऑडिटोरियम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि युवा पुलिस अधिकारी सोशल मीडिया पर सक्रिय रहते हुए रील बनाने से अधिक रियल प्रॉब्लम सुलझाने पर ध्यान दें। सोशल मीडिया का उपयोग आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान और उनकी सहायता के लिए करें। पुलिस अधिकारी गरीबों, महिलाओं और बच्चों की मदद के लिए देवदूत की तरह कार्य करें।

ऐसे अधिकारी बनें, जिनका सम्मान समाज के प्रत्येक वर्ग में हो। सीएम मप्र पुलिस अकादमी, भौंरी के परेड ग्राउंड में आयोजित 44 वें एवं 45वें बैच के उप पुलिस अधीक्षकों के दीक्षांत परेड समारोह को संबोधित कर रहे थे। इसके बाद नव प्रशिक्षित अधिकारियों ने अनुशासन, समर्पण और कर्तव्य निष्ठा का परिचय देते हुए सधे हुए कदमों और उत्कृष्ट तालमेल से परेड मार्च किया।



उप पुलिस अधीक्षकों के दीक्षांत परेड समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री।

पुलिस प्रशिक्षण के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुलिस अकादमी भौंरी में 12 करोड़ रुपए की लागत से ऑडिटोरियम बनाने, विद्युत सब स्टेशन स्थापित करने और एक किमी लंबे एप्रोच रोड के निर्माण की घोषणा की। उन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारियों को बेहतर प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराना आवश्यक है, जिससे वे अपनी जिम्मेदारियों का प्रभावी ढंग से निर्वहन कर सकें।

पुलिस विभाग में निरंतर जारी है भर्ती प्रक्रिया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पुलिस विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के कल्याण की चिंता करना सरकार का दायित्व है। राज्य सरकार ने पिछले तीन वर्षों में पुलिस विभाग में 17 हजार 710 पदों पर भर्ती की है। कुल 22 हजार 500 पदों पर भर्ती का लक्ष्य रखा गया है। नव नियुक्त अधिकारी-कर्मचारियों का प्रशिक्षण निरंतर जारी है। सरकार ने पुलिस विभाग में पदोन्नति के माध्यम से भी अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया है। नक्सल विरोधी अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 60 से अधिक पुलिसकर्मियों को आउट ऑफ टर्न प्रमोशन दिया गया है।



लगातार बदल रही हैं अपराध की चुनौतियां

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र पुलिस ने अपनी तत्परता, कर्तव्य निष्ठा और साहस से उत्कृष्ट प्रतिमान स्थापित किए हैं। प्रदेश का चंबल और रीवा अंचल दशकों तक दस्यु समस्या से प्रभावित रहा, लेकिन पुलिस ने अपनी कुशल कार्य क्षमता से इसका उन्मूलन किया। इसके बाद नक्सलवाद के विरुद्ध प्रभावी अभियान चलाकर प्रदेश को नक्सल मुक्त बनाया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को पूरा करते हुए मप्र पुलिस के वीर जवानों ने निर्धारित समय-सीमा से पहले नक्सलवाद को समाप्त करने में सफलता प्राप्त की। मप्र ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य बना है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि अपराध की चुनौतियां लगातार बदल रही हैं। युवा पुलिस अधिकारी आधुनिक तकनीक के साथ कदमताल करें।

युवा अधिकारियों पर है प्रदेश की सुरक्षा की सेवा की जिम्मेदारी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र पुलिस के 48 प्रशिक्षु अधिकारी प्रशिक्षण पूर्ण कर प्रदेश की सेवा के लिए तैयार हैं। यह युवा अधिकारियों के लिए पब्लिक सर्विस में प्रवेश का महत्वपूर्ण अवसर है। पुलिस सेवा में आने के साथ ही उनके कंधों पर प्रदेश की सुरक्षा और नागरिकों की सेवा की जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी अधिकारियों को प्रशिक्षण पूर्ण करने पर बधाई दी है।

पुलिस की सबसे बड़ी शक्ति वर्दी नहीं, बल्कि जनता का विश्वास है

पुलिस महानिदेशक मकवाना ने कहा कि यूनिफॉर्म सर्विस में पासिंग आउट परेड अधिकारी के जीवन की महत्वपूर्ण स्मृति होती है। वर्ष 2014 से डीएसपी स्तर के अधिकारियों का प्रशिक्षण भोपाल स्थित भौंरी पुलिस अकादमी में कराया जा रहा है। इस बार 48 अधिकारियों ने प्रशिक्षण पूर्ण किया है, जिनमें 20 महिला अधिकारी शामिल हैं। अकादमी में पहली बार रेडियो संवर्ग के डीएसपी स्तर के अधिकारियों को भी प्रशिक्षित किया गया है। ये अधिकारी पुलिस की तकनीकी क्षमताओं और सायबर अपराधों से मुकाबले को मजबूती प्रदान करेंगे। प्रशिक्षु अधिकारियों में 22 इंजीनियरिंग पृष्ठभूमि से हैं।



यह शानदार परिणाम आगे भी बेहतर बना रहे..

राजधानी स्थित मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) ने स्टूडेंट्स के लिए जो सौगात दिलाने में सहायता की, वह संस्थान के विभागों की मेहनत, कोआर्डिनेशन और चयन टीम के साथ बेहतर संबंध माने जा सकते हैं। दरअसल, मैनिट में संभवता लंबे असरे बाद देश के किसी टॉप संस्थान ने एक साथ 47 स्टूडेंट्स को जॉब दिया है, वह भी 9 लाख रूपए के सालाना पैकेज पर। यह अपने आप में एक बेहतरीन रिकार्ड है। बताया गया है कि रिलायंस इंडस्ट्रीज ने मैनिट में अपना कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव चलाया। इसमें करीब 100 स्टूडेंट्स को मौका मिला, जिसमें से 47 का चयन 9 लाख रूपए सालाना पैकेज पर कर लिया गया। यह इस शैक्षणिक वर्ष में मैनिट के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट सेल (टीपीसी) के लिए किसी एक कंपनी द्वारा किया गया सबसे बड़ा चयन भी है। इससे एक बात तो स्पष्ट है कि संस्थान केवल डिग्री देने तक नहीं, बल्कि स्टूडेंट्स के भविष्य गढने तक अपनी जिम्मेदारी से पीछे नहीं हट रहा है। यह परंपरा जो संस्थान में अब चल रही है, यह आगे भी और बेहतरी के साथ बनी रहे, ऐसी उम्मीद अब मैनिट के विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावकों को भी जाग रही है।

ठीकरा न फोड़ें, अपनी जिम्मेदारी भी समझें..

राजधानी के एक विश्वविद्यालय में कुछ विभागों द्वारा आयोजित परीक्षा के रिजल्ट में गड़बड़ी सामने आने के बाद दूसरे विभाग पर ठीकरा फोडने का दौर जारी है। यह विवि लंबे समय से परीक्षा और रिजल्ट को लेकर चर्चा के बाजार में गर्म रहा है। यहां का एक विभाग जो समाज से जुड़ा है, उसके बड़े साहब भी पढ़ाई तो जैसी भी करा रहे हों, लेकिन सामाजिक कार्यों में ज्यादा मशगूल दिखाई देते हैं। विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों का ऐसा भी मानना है कि इन साहब का कार्य अब केवल दूसरे कॉलेजों के निरीक्षण से लेकर उनसे जुड़े अन्य सहायक कार्य ही करना रह गया है। खैर, इनके अलावा भी कुछ ऐसे साहब हैं, जिन्होंने परीक्षा के बाद परिणाम को लेकर विवि के विभाग को ही कटघरे में खड़ा कर दिया है। ऐसे में यह कहना ठीक होगा कि गलती किसी से भी हो सकती है, लेकिन लापरवाही ठीक नहीं। किसी दूसरे पर ठीकरा फोडने से बेहतर है कि अपनी जिम्मेदारियों को भी समय रहते समझें।

आईटी सेल के चक्कर में चकरघिन्नी

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में आईटी सेल में पदस्थ एक शिक्षक इन दिनो खूब चर्चा में है। बताया जाता है कि आईटी सेल में अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति, शिक्षकों की सीसीएल स्वीकृति से लेकर अन्य कार्यों में इनका सीधा दखल है। विभागीय सूत्रों की माने तो यह डीपीआई में पदस्थ कुछ अधिकारियों का नाम लेकर अपना दबदबा बनाते हुए नजर आते हैं। अधिकारियों की ओर स्वीकृति मिलने के बाद भी सीसीएल की स्वीकृति को लेकर शिक्षकों को इनके चक्कर काटने पड़ते हैं, कई दिनों की मिन्नतों के बाद शिक्षकों के कार्य हो पाते हैं।बताया जाता है कि यह पूर्व में यह यूडीटी शिक्षक के रूप में डीईओ कार्यालय के पास स्थित एक स्कूल में ही पदस्थ रहे हैं, हालांकि इनके डीईओ कार्यालय में पोस्टिंग को लेकर पहले भी सवाल उठाए गए हैं। वहीं इन दिनों यह अपनी कार्यशैली को लेकर विभागीय गलियारों में खूब चर्चाओं में हैं।

बड़ी चिंता...साहब तो पूरे बदल गए

स्कूल शिक्षा विभाग में संभाग स्तर पर पदस्थ एक अधिकारी इन अपनी कार्यशैली को लेकर इन दिनों खूब चर्चाओं में हैं। बताया जाता है कि यह पूर्व में जिला स्तर पर पदस्थ रहे हैं, लेकिन अब प्रमोशन के बाद संभाग स्तर पर विभाग की कमान संभाल रहे हैं। हालांकि विभागीय सूत्रों के अनुसार, साहब के प्रमोशन के बाद अब कर्मचारी उनकी कार्यशैली को लेकर अचंभित हैं और दबी जुंबा से कहते नजर आते हैं कि साहब तो पूरे बदल गए हैं। हालांकि यह अधिकारी पहले भी जिला स्तर पर कुर्सी छोड़ने को तैयार नही थे, जिसके बाद विभाग ने इन्हे मुख्यालय भेजा था। जिसके बाद साहब संभाग के लिए बीते दो सालों से भागदौड़ कर रहे थे और फिर सफल भी हुए, लेकिन अब अधीनस्थ कर्मचारी, अधिकारी साहब के बदले व्यवहार से चिंतित नजर आते हैं।

संजीव सक्सेना

8 करोड़ 35 लाख रुपए की लागत से होगा भवन का निर्माण

ऊर्जा मंत्री तोमर ने गोविंदपुरा में किया नवीन 'ई-ऊर्जा भवन' का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को पारदर्शी, त्वरित और सूचना प्रौद्योगिकी आधारित बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में ऊर्जा विभाग द्वारा प्रभावी कार्यक्रम बनाकर बेहतर अनुप्रयोग अमल में लाए जाने के अनुक्रम में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी का निर्मित होने वाला नवीन ई-ऊर्जा भवन प्रभावी भूमिका निभाएगा।

- आधुनिक आईटी सुविधाओं से सुसज्जित होगा भवन

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर मंगलवार को बिजली नगर कॉलोनी गोविंदपुरा स्थित आस्था परिसर में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के नवीन ई-ऊर्जा भवन के भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कंपनी के प्रबंध संचालक ऋषि गर्ग, निदेशक (वाणिज्य) सुधीर कुमार श्रीवास्तव, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) डॉ. राकेश शर्मा, मुख्य वित्तीय अधिकारी अखिलेश कुमार पाण्डे सहित सभी मुख्य महाप्रबंधक, महाप्रबंधक एवं अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।



मप्र लघु वेतन कर्मचारी संघ की बैठक

नर्मदा प्राधिकरण के मृतक आश्रितों को नहीं मिली अनुकंपा नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र लघु वेतन कर्मचारी संघ द्वारा नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के विभागीय कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। संघ के प्रांताध्यक्ष महेंद्र शर्मा ने बैठक को संबोधित करते हुए बताया कि नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण में 175 मृतक परिवार के आश्रितों को अभी तक अनुकंपा नियुक्ति नहीं मिली है। विभाग द्वारा कहा जा रहा है कि स्थाई कैडर नहीं होने के कारण नियुक्ति में समस्या आ रही है, जबकि अधिकारियों के लिए यह समस्या नहीं है। महेंद्र शर्मा ने बताया कि सीएम ने सभी 55 विभागों को निर्देश दिए है कि अनुकंपा नियुक्ति तत्काल की जाए।



कल करेंगे आयुक्त कार्यालय का घेराव

शर्मा ने बताया कि आदिम जाति कल्याण विभाग के अंतर्गत प्रदेश में कार्यरत स्थाई कर्मी, अंशकालीन एवं दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को अभी तक वेतन का भुगतान नहीं हुआ है। इसके विरोध में कल आयुक्त, जनजातीय कार्यालय अरेरा हिल्स का घेराव कर प्रदर्शन करेंगे।

राज्यपाल से की मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष ने मुलाकात



भोपाल। भोपाल लोक भवन में राज्यपाल मंगुभाई पटेल से मप्र मानव अधिकार आयोग अध्यक्ष डॉ. अवधेश प्रताप सिंह द्वारा सौजन्य भेंट कर आयोग की गतिविधियों की जानकारी देने के साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं में निःशुल्क कोचिंग देने वाली प्रतिज्ञा समाज सेवा कल्याण समिति के अध्यक्ष डॉ. अनिल उपाध्याय उपस्थित थे।

दिवंगत टीआई पुरी के परिजनों से मिलकर डिप्टी सीएम ने जताई शोक संवेदना

बख्शे नहीं जाएंगे दोषी, प्रदेश सरकार पीड़ित परिवार के साथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ धार

भोपाल। मध्य प्रदेश शासन के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने मंगलवार को धार जिले के तहसील सरदारपुर अंतर्गत ग्राम बरमंडल पहुंचकर दिवंगत टीआई दिलीप पूरी के निवास पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और परिवार को यह दुख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की।

उपमुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरी सरकार पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। अवैध शराब और आपराधिक मामलों पर कड़ा रुख अपनाते हुए उन्होंने कहा कि कई लोगों को हिरासत में लिया गया है। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि पूरे प्रदेश में इस प्रकार की अवैध गतिविधियों और शराब का धंधा करने वालों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी। इस प्रकार के अपराध में संलिप्त व्यक्ति चाहे कोई भी हो, किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

उपमुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा-कई लोगों को हिरासत में लिया गया

बच्चों की शिक्षा का प्रबंध कराने का भी आश्वासन दिया



डिप्टी सीएम ने की दिवंगत टीआई के परिजनों से भेंट।

दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी

मुख्यमंत्री द्वारा एसआईटी के गठन की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी दोषियों को पकड़कर उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री की ओर से परिवार को एक करोड़ रुपये की सहायता राशि, पत्नी को उप-निरीक्षक पद पर अनुकंपा नियुक्ति तथा शहीद का दर्जा दिए जाने की घोषणा दोहराई। साथ ही, परिवार के बच्चों की शिक्षा का समुचित प्रबंध कराने का भी आश्वासन दिया।

दिलीप पुरी की हत्या के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन मोमबत्ती जलाकर दी श्रद्धांजलि, सरकार पर लगाए आरोप

बिगड़ती कानून व्यवस्था के विरोध में बोर्ड ऑफिस चौराहे पर बनाई मानव श्रृंखला

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

जिला कांग्रेस भोपाल शहर द्वारा मंगलवार को बोर्ड ऑफिस चौराहे पर शराब, रेत एवं खनिज माफियाओं के बढ़ते आतंक और प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था के विरोध में मानव श्रृंखला बनाकर जोरदार प्रदर्शन किया गया। जिला कांग्रेस भोपाल शहर के अध्यक्ष इंजी प्रवीण सक्सेना ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है।

शराब, रेत और खनिज माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि अब वे कानून के रक्षकों को भी निशाना बनाने से नहीं डर रहे हैं। देवास जिले के खातेगांव थाना प्रभारी दिलीप पुरी गोस्वामी की ट्रक से कुचलकर की गई हत्या प्रदेश की कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसजनों ने मानव श्रृंखला बनाकर माफिया राज के खिलाफ एकजुटता दिखाई तथा दिवंगत थाना प्रभारी दिलीप पुरी गोस्वामी की स्मृति में मोमबत्तियां जलाकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रवीण सक्सेना ने कहा कि कांग्रेस माफियाओं के आतंक और सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ चुप नहीं बैठेगी।



ये रहे प्रदर्शन में मौजूद

इस अवसर पर पूर्व मंत्री पीसी शर्मा, पूर्व महापौर विभा पटेल, जिला कांग्रेस कमेटी के संगठन महामंत्री अभिषेक शर्मा, प्रदेश कांग्रेस सचिव राजकुमार सिंह, महिला कांग्रेस की पूर्व जिला अध्यक्ष संतोष कंसाना, सेवादल जिला अध्यक्ष निहाल अहमद, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष निक्की चौबे सहित जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीगण, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षगण, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता साथी उपस्थित रहे।

पेज एक का शेष...

एक लॉन्चर से ...

है, टर्मिनल फेज में मैन्युवर करती है। इसलिए दुश्मन का एयर डिफेंस इसे इंटरसेप्ट नहीं कर पाता। इसे आर्मी और एयरफोर्स दोनों में शामिल किया जाना है।

भोपाल में भाजपा ...

वरिष्ठ नेता, मंत्री, सांसद और विधायक मौजूद रहेंगे। पदयात्रा सुबह 10 बजे टीटी नगर स्थित अटल पथ से शुरू होकर रोशनपुरा चौराहे तक निकाली जाएगी। इसका मुख्य उद्देश्य लोकतांत्रिक मर्यादाओं की रक्षा, संवैधानिक संस्थाओं के सम्मान और विपक्ष के भ्रामक नैरेटिव के खिलाफ जनजागरण करना है। पहले रक्षा मंत्री राजनाथ को इस कार्यक्रम में शामिल होना था।

करीब 1 लाख ...

सामाजिक संगठनों के साथ आम नागरिकों की भी बड़ी भागीदारी रहेगी। वीआईपी मूवमेंट और भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस व प्रशासन पुख्ता सुरक्षा इंतजाम किए हैं। शहर में सुगम आवागमन के लिए ट्रैफिक रूट डायवर्जन और अलग-अलग स्थानों पर पार्किंग के विशेष प्रबंध किए गए हैं, ताकि आमजन को असुविधा न हो।

आईपीएस सुजानिया ने...

सेवाएं दे चुके हैं। मुरैना में शराब कांड तथा सागर में भी शराब कांड के बाद हटाए गए थे। हालांकि दोनों जिलों के शराब कांड में उनकी संलिप्तता साबित नहीं हुई थी। कानून व्यवस्था के मामले में जरूर सुजानिया की पकड़ ढीली बताई जा रही थी। संभवतः इन्हीं कारणों से उन्हें हटाया गया था।

अब अवैध शराब के ...

से नक्सलवाद के खात्मे के पश्चात अब अवैध शराब के परिवहन, भंडारण और क्रय-विक्रय पर प्रतिबंध हमारी प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने इस संबंध में बैठक में विस्तार से समीक्षा के पश्चात पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आने वाले दीपावली पर्व पर प्रतिबंध पटाखे उपयोग में न लाने का आमजन से आह्वान भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एंटी ड्रग माफिया के खिलाफ वर्ष 2029 तक कठोर कार्यवाही करने का जो निर्णय लिया गया है उसके परिपालन में आगामी दीपावली के पावन पर्व के संदर्भ में लॉ एंड आर्डर से संबंधित जरूरी निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दीपावली पर प्रायः प्रतिबंध के बावजूद उपयोग किए जाने वाले विस्फोटक जिनसे मानव जीवन को खतरा हो सकता है, उन पर रोक लगाई गई है। अभिभावकों से भी अपने बच्चों को ऐसे पटाखों जिसमें कार्बाइन गन भी शामिल है, से बचाने का आव्हान किया गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बीते दिन देवास के पास जो घटना हुई, उसे लेकर वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक ली है, जिसमें सख्त निर्देश दिए गए हैं। हमारे राज्य के अंदर एंटी ड्रग्स से लेकर जिस प्रकार की गतिविधियों को लेकर भारत सरकार ने अपेक्षा की है, उसके तहत पूरी ताकत के साथ कार्यवाही करने का निर्णय लिया गया। प्रदेश में नक्सलवाद के खात्मे के लिए हमारा अभियान सबसे सफल रहा। समय-सीमा के अंदर प्रदेश से नक्सलवाद का खात्मा किया गया। इसी प्रकार का पूरा मैकेनिज्म बनाने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों का पूरा समूह कार्य कर रहा है। इन्हें सभी आवश्यक साधन उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि अवैध शराब के परिवहन, भंडारण, अवैध शराब के क्रय विक्रय पर प्रतिबंध लगाकर पूरे राज्य में एक साथ कार्यवाही की जाए। जो लोग इन कृत्य में पाए जाएं, उन पर कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। देवास की घटना की जानकारी आते ही हमने मौके पर भेजा। देवास जिले में थाना प्रभारी से संबंधित दुखद घटना होते ही तत्काल मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल को मौके पर भेजा गया एवं स्पेशल डीजी उपेन्द्र जैन भी मेरे निर्देश पर मौके पर पहुंचे तथा उनके मार्गदर्शन में वर्तमान में जांच की जा रही है। आज उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा भी शोकाकुल परिवार से मिले और सरकार की आरे से संदेवनाएं व्यक्त की गईं। उनके द्वारा देवास के कलेक्टर, एसपी द्वारा की जा रही कार्यवाही के संबंध में चर्चा की गई। शोकाकुल परिवार की सहायता के लिए वीर बलिदानी दिलीप पुरी की पत्नी को एसआई के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति दी जा रही है। पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता भी दी। हम अवैध कार्रवाई करने वालों ओर शराब माफिया के खिलाफ पुलिस हमेशा डटकर खड़ी रहेगी। हमारे पुलिस जवान हमेशा ऐसे लोगों के खिलाफ हमेशा खड़े रहते हैं। प्रदेश के जिलों में अपराधियों के विरूद्ध पकड़-धकड़ की कार्यवाही की जा रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देवास की घटना में शामिल अवैध शराब के नेटवर्क के मुख्य सरगना राहुल जायसवाल को गिरफ्तार किया गया है। वाहन चालक और वाहन मालिक को भी पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस द्वारा दक्षता का परिचय देने हुए अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही की गई है। आबकारी अधिकारी अमर सिंह बघेल को निलंबित किया गया गया। पुलिस महानिदेशक को ऐसे मामलों के लिए योजना बनाकर निरंतर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं।

3 संदिग्धों से ...

पुष्टि की है। हरदा के शराब कारोबारी व लिकर कॉन्ट्रैक्टर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष राहुल जायसवाल का नाम आने के बाद शराब तस्करी नेटवर्क की जांच तेज हो गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीजी उपेंद्र जैन जांच की कमान संभालेंगे।

टीआई को कुचलने ...

तभी आरोपी ने बाथरूम जाने के बहाने नीचे उतरकर भागने की कोशिश की। इस दौरान उसने एएसआई की रिवॉल्वर छीनने का प्रयास भी किया। पुलिस के अनुसार, आरोपी को रोकने के लिए आत्मरक्षा में गोली चलाई गई, जो उसके पैर में लगी। घायल आरोपी को उपचार के लिए जिला अस्पताल देवास लाया गया।

आलीराजपुर के दो ...

रूप में हुई है। दोनों गुजरात के लीलिया तहसील के गुंदरन गांव में मजदूरी करने गए थे। रवि के पिता कमलेशभाई के मुताबिक, रात करीब 12:30 बजे धमाके जैसी आवाज सुनकर उनकी नींद खुली। बाहर देखा तो वाहन आग की लपटों में घिरा था। परिजनों ने पैसों के लेन-देन और गाड़ी खड़ी करने को लेकर विवाद के चलते विनोद नामक व्यक्ति पर आग लगाने का आरोप लगाया है। लीलिया पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। डीएसपी विस्मय मानसता ने बताया कि कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मामले की जांच जारी है।

प्रियंका सेंगर का ...

19 सितंबर को कार्यक्रम में राहुल गांधी ने प्रियंका से उसकी खराब आंख के बारे में पूछा था। प्रियंका ने बताया था कि तीन साल की उम्र में आंख में चूना चले जाने से उसकी एक आंख खराब हो गई थी। एक ऑपरेशन हो चुका था, लेकिन आर्थिक तंगी के कारण दूसरा ऑपरेशन नहीं करा पा रहे थे। इस पर राहुल ने दिल्ली में इलाज कराने का वादा किया था। पिछले महीने उनकी टीम ने प्रियंका और परिजनों से संपर्क किया। इसके बाद कांग्रेस नेताओं ने उसे दिल्ली पहुंचाया, जहां उसका इलाज कराया गया।

खीर-पूड़ी खाते ...

पुराना गूंथा हुआ आटा इस्तेमाल कर पूड़ियां बनाई थीं। दोपहर करीब 1:30 बजे बच्चों को खीर-पूड़ी परोसी गई। खाना खाते ही बच्चों ने पूड़ियों का स्वाद खराब होने और उनसे दुर्गंध आने की शिकायत की। प्रधान पाठक गणेशदत्त बादल ने भोजन चखकर इसकी पुष्टि की। एंबुलेंस की मदद से बच्चों को अस्पताल पहुंचाया। कलेक्टर रजनी सिंह और एसपी डॉ. ऋषिकेश मीना अस्पताल पहुंचे। ऐहतियातन प्राथमिक शाला के 8 और माध्यमिक शाला के 37 बच्चों को भर्ती कर निगरानी में रखा गया है। कलेक्टर ने एकता स्वसहायता समूह को तत्काल हटा दिया है।

बोले- डरिए मत...

उन्होंने यहां तक सुझाव दिया कि बहस के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत को जज बनाया जा सकता है।

देशद्रोही कौन...

आमने-सामने बैठेंगे और अपनी बात रखेंगे। जज के तौर पर प्रधानमंत्री जिसे चाहें, उसे चुन सकते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि बहस में देश की आर्थिक व्यवस्था और आर्थिक ढांचे से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा होगी। उन्होंने अमेरिका के साथ हुई डील को लेकर सवाल उठाए कि यह समझौता कैसे और क्यों हुआ? इतनी जल्दी इसे करने की जरूरत क्यों पड़ी? इसे केवल प्रधानमंत्री ने क्यों किया और कैबिनेट को इसकी जानकारी क्यों नहीं दी गई? राहुल ने अडाणी मामले और एपस्टीन से जुड़े मुद्दे पर भी खुली चर्चा करने की बात कही।

दिल्ली की रैली से ...

की थी। इसमें शामिल होने के लिए विभिन्न राज्यों के युवा कांग्रेस पदाधिकारियों को निर्देश दिए गए थे। मध्यप्रदेश के कई पदाधिकारियों की अनुपस्थिति को संगठन ने गंभीरता से लिया और उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की।

निलंबित नेताओं में प्रदेश उपाध्यक्ष शिवराज यादव, राजवीर सिंह कुड़िया, योगिता सिंह परिहार, प्रमोद सिंह खरे और नीरज पटेल शामिल हैं। महासचिवों में रोहित राजोरिया, अब्दुल करीम कुरैशी, विनय पांडे, राहुल हितेश ठाकुर, सुमन मौर्य, मोहम्मद अली, प्राची विजय पारधी, जितेंद्र इवाने, सोम्यराज पारते, पायल जैन, अंकित यादव, रेणुका गांधी और शेख सलमान सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हैं। सचिव स्तर पर अक्षय दुबे, विक्रम सिंह, अभिषेक शुक्ला, ब्रजपाल राजावत, गौरीशंकर गुर्जर, अमनदीप सिंह गुर, जितेंद्र पाटीदार, मुआज कामिल और इम्तियाज खान के नाम हैं।

पप्पू यादव ने ...

कथाओं का देश भर में बहिष्कार किया जाए। इनको बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पद से बर्खास्त किया जाए। अखिलेश ने कहा कि सच्चे सनातनी अब इसका जवाब देंगे। मप्र के टीकमगढ़, अशोकनगर और छतरपुर में गुस्साए लोगों ने शास्त्री के पुतले फूंके। गौर हो कि करैरा में शास्त्री ने भगवान राम और श्रीकृष्ण के स्वरूप की तुलना करते हुए टिप्पणी की थी। इसमें उन्होंने श्रीकृष्ण की त्रिभंग मुद्रा, बांसुरी बजाने की शैली और भगवान राम के सीधे स्वरूप का जिक्र किया था।

धीरेंद्र शास्त्री के खिलाफ प्रदर्शन, पुतला जलाया: अखिल भारतीय यादव महासभा ने टीकमगढ़ में के गांधी चौराहे पर नारेबाजी करते हुए पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का पुतला जलाया। महासभा ने एफआईआर करने और सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की। अशोक नगर और छतरपुर में उनके पुतले का दहन किया गया।

तेजस्वी बोले- ये ...

नेताओं से इस मामले में सामने आकर देश और सनातनियों से माफी मांगने की मांग की। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने धीरेंद्र शास्त्री को मूर्ख कहा है। वहीं, उनके छोटे भाई और पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह ने कथावाचक के बहिष्कार की अपील की है।

उड़ान के दौरान यात्री ने खोला इमरजेंसी गेट का कवर... विमान में बजा अलार्म

दिल्ली से पुणे जा रही इंडिगो की फ्लाइट में टला बड़ा हादसा

नई दिल्ली। दिल्ली से पुणे जा रही इंडिगो की उड़ान में एक यात्री ने उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही इमरजेंसी गेट के लीवर का कवर खोलने की कोशिश की। इससे विमान में अलार्म बजने लगा और चालक दल सतर्क हो गया। घटना सोमवार रात की है। पुलिस ने यात्री के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, आरोपी की पहचान पुणे जिले के सासवड निवासी 33 वर्षीय गौरव सत्येंद्र रौतेला के रूप में हुई है।



नाम परिवर्तन की सूचना

मैं, फायका सौलत खान (FAIQA SAULAT KHAN), निवासी बहार मंजिल, अहमदाबाद पैलेस कम्पाउंड, कोहेफिजा, भोपाल (मध्यप्रदेश), यह घोषणा करती हूँ कि मेरा पुराना नाम फायका सौलत खान (FAIQUA SAULAT KHAN) था, जिसे अब परिवर्तित करके नया नाम फायका सौलत खान (FAIQA SAULAT KHAN) रख लिया है। अतः अब भविष्य में मुझे सभी दस्तावेजों एवं सरकारी गैर सरकार दस्तावेंजों में मुझे फायका सौलत खान, पुत्री श्री आलमगीर सौलत खान (D/O Alamgir Saulat Khan) एवं पत्नी श्री नईम उर रहीम खान (W/O Naim Ur Rahim Khan) के नाम से जाना एवं पहचाना जाए।

नाम परिवर्तन सूचना

मैं, देवी सिंह धुर्वे आ. श्री धानु सिंह धुर्वे, आयु वयस्क, निवासी-पारापानी, पारापानी, डिंडोरी, म.प्र. है। परन्तु मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम त्रुटिवश देव सिंह धुर्वे आ. श्री धनुवा (DEV SINGH DHURVE S/O DHANUVA) अंकित हो गया है जो कि गलत है। मेरा वास्तविक सही नाम देवी सिंह धुर्वे आ. श्री धानु सिंह धुर्वे (DEVI SINGH DHURVE S/O DHANOO SINGH DHURVE) है जो कि मेरे पेन कार्ड एवं शासकीय दस्तावेज में दर्ज होने से प्रमाणित है, जो कि मैं अपने आधार कार्ड में दर्ज करवाना चाहता हूँ। प्रकाशन उपरांत मेरा नाम देवी सिंह धुर्वे आ. श्री धानु सिंह धुर्वे (DEVI SINGH DHURVE S/O DHANOO SINGH DHURVE) के नाम से जाना पहचाना व पढ़ा जावे।

पुराना नाम देव सिंह धुर्वे आ. श्री धनुवा (DEV SINGH DHURVE S/O DHANUVA)
नया नाम देवी सिंह धुर्वे आ. श्री धानु सिंह धुर्वे DEVI SINGH DHURVE S/O DHANOO SINGH DHURVE)

रजिस्ट्रेशन गुम होने की सूचना

उपरोक्त विषय में निवेदन है कि आवेदिका दिनांक 30.10.2026 को म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौन्सिल, जवाहर चौक, भोपाल गई थी, मेरे पास बैग में म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौन्सिल का मूल रजिस्ट्रेशन क्र.-V-80349 दिनांक 28.12. 2019 भी रखा हुआ था, जो कि जवाहर चौक के आस-पास कहीं गिर गया है, जिसकी काफी तलाश की गई, परन्तु प्राप्त नहीं हो पाया है। वर्तमान में मुझे उक्त गुए हुए रजिस्ट्रेशन प्रमाण-पत्र की आवश्यकता पड़ रही है। अतः महोदय जी से अनुरोध है कि कृपया उक्त गुम हुए रजिस्ट्रेशन प्रमाण-पत्र की सूचना दर्ज करने का कष्ट करें।

भवदीय
(अलम बाई) पुत्री श्री मेहताब
पता-10 बावड़ी फलिया मोही बेगड़ी तहसील एवं जिला - अलीराजपुर (म.प्र.)
मो.नं.-7440877615

कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल
प्रगति भवन प्रेस कॉम्पलेक्स जोन-1
महाराणा प्रताप नगर भोपाल
प्रॉपर्टी आई डी. नं. 0428000242 आवेदन क्रमांक-13549
आवेदन दिनांक-15/10/2026

क्रमांक 2408 / राजस्व / भौविप्रा /26 भोपाल
दिनांक: 02/11/2026

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की साकेत नगर योजना में स्थित भूखण्ड क्रमांक-242 जिसका उपयोग आवासीय है। श्री व्ही.डी. रानाडे आ स्व. श्री डी.बी. रानाडे एवं श्री श्रीष रानाडे आण स्व. श्री व्ही. डी. रानाडे तथा श्रीमती उषा रानाडे पत्नि स्व. श्री व्ही.डी. रानाडे के संयुक्त पर आवंटित है। उनमे से एक आवंटी श्री व्ही.डी. रानाडे का स्वर्गवास दिनांक: 30/08/2026 को एवं दूसरी आवंटी उनकी पत्नि श्रीमती उषा रानाडे का भी स्वर्गवास दिनांक 17/08/2020 को हो जाने के कारण आवंटी के वारिस पुत्र श्री श्रीष रानाडे द्वारा आवेदन पत्र के साथ आवंटी का मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, आधार कार्ड एवं वसीयतनामा के आधार पर तथा वांछित प्रपत्रों को प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड अपने नाम पर नामांतरण चाहा गया है। उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साक्ष्य / दस्तावेजो के साथ अधोहताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपति / दावा प्रस्तुत करे। उक्त समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा / आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

राजस्व अधिकारी
भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल

म.प्र. राज्य पर्यटन विकास निगम मर्या.
पर्यटन भवन, भदभदा रोड, भोपाल-462003
फोन नं. : +91 755-4027100, 2774340, 42, www.mpstdc.com
क्रमांक 527/यांत्रिकी/पविनि/26 दिनांक : 03.11.2026

NIT/SYSTEM No. 367/2026_STDC_547456_1

Request for expressions of interest for selection of consultants for planning, architectural and structural design and estimate of development of Saraswati Lok at Bhojshala, Distt. Dhar 2nd call.
Terms and Conditions can be downloaded from website **https://mptenders.gov.in.** For any other information contact Mr. Deepak Raj, Executive Engineer Mob. No. 8109098807 or e-mail at **deepakraj@mpstdc.com** Last date and time for Online Tender Purchase is 11.11.2026 time 05:00 PM
M.P. Madhyam/128933/2026 **EXECUTIVE ENGINEER**

मुख्यालय राज्य आपदा आपातकालीन मोचनबल मध्यप्रदेश
नूरबाग कैम्पस, पुलिस ऑफीसर मैंस के सामने जहाँगीराबाद, भोपाल

क्र/68/आ.प्र./ 2026 भोपाल, दिनांक. 03.11.2026

ई-निविदा सूचना

मुख्यालय, राज्य आपदा आपातकालीन मोचन बल मध्यप्रदेश, पुलिस ऑफीसर मैस के सामने, भोपाल द्वारा नीचे दर्शित तालिका अनुसार आनलाईन ई-निविदा https://https://gem.gov.in के सामन पर आमंत्रित की जाती है।

स.क्र.	सामग्री का नाम	बिड क्रमांक/दिनांक	संख्या
01	थ्रौ बैग	जैम/2026/बी/8216217 दिनांक 03.11. 2026	520

उक्त निविदा के संबंध में जानकारी होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा तथा आपदा प्रबंधन मध्यप्रदेश की वेबसाइट (www.homeguard.mp.gov.in) पर निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत जानकारी डाउनलोड की जा सकती है।

निविदा प्रपत्र डाउनलोड प्रारम्भ करने की तिथि	:	03/11/2026
ऑनलाईन निविदा जमा करने की प्रारम्भ तिथि	:	03/11/2026
ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि	:	24/11/2026
निविदा खोलने की तिथि	:	25/11/2026

जी - 20995/26
स्वच्ता ही सेवा है।
संभागीय सेनानी
एसडीईआरएफ म.प्र. भोपाल

आवश्यकता है खरीदना है बेचना है व्यापार चिकित्सा ज्योतिष डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
चर्म रोग, पित्ते की पथरी, गुर्दे की पथरी
44 वर्षो का होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M. 9425006131, 8871714432
सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 75 वर्ष तक लाभदायक लिंग को 7-8 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक। घर बैठे मंगवाये। ब्रेस्ट टोनर क्रिम लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330
R-30-07-2026,to 11-08-26
SUNDAY HOLD

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक


This festive season just got special.
Raymond
SINCE 1925
Auth. Stockist
DESIGNER SUIT | INDO WESTERN | KURTA PAJAMA
Guide Collection
80-B, Malviya Nagar, Roshanpura Chouraha, Bhopal
Contact : 0755-4009286
Style Comfort Elegance
Premium Fabrics
Latest Designs
Perfect Fit
Warm Regards - Tailors Guide Brothers, New Market, Bhopal

राशिफल

मेष मन परेशान रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार का विस्तार हो सकता है। यात्रा पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। संयत रहें।

वृष व्यवधान आ सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन सुख में कमी आयेगी। मन परेशान हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

मिथुन लाभ के अवसर मिलेंगे। मित्रों से सद्भाव बनाकर रखें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं। वाणी में मधुरता रहेगी।

कर्क कारोबार में कुछ कठिनाइयां तो आ सकती हैं। फिर भी लाभ में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य जीवन सुखमय रहेगा। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी।

सिंह रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ बढ़ेगा। मित्रों के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

कन्या तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। परिश्रम अधिक रहेगा। आय में वृद्धि होगी। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा की मन:स्थिति रहेगी।

तुला नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मसंयत रहें। मन परेशान रहेगा। अफसरों का सहयोग मिलेगा। वाद-विवाद से बचें।

वृश्चिक किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। पिता के स्वास्थ्य को लेकर परेशान हो सकते हैं।

धनु नए अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन प्रसन्न रहेगा।

मकर नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

कुंभ वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। आत्मविश्वास में कमी आएगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं।

मीन आय में वृद्धि होगी। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। लाभ के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी।

शब्द पहेली - 6398



बाएँ से दाएँ
1.उपासना करना-6
5.अलमस्त, उत्साही-4
8. हरे रंग का-2
9.चाह,इच्छा-3
10.अधिकार,आरोप-2
11.निर्दय, हिंसक-4
12.आंदोलन-2
14.सज्जन,सभ्य-4
15.स्मृति,अविस्मरण-2
17.रूखा, रसहीन-3
19.गुप्तचर-4
21.संकट मोचक,नाविक-5
24.चुगली करना-5
27.नेता पथ प्रदर्शक-4
29.प्रेम,चाहत-3
31.एक ग्रह-2
32.अनर्गल प्रलाप-4
33.नौकर,सेवक-2
35.उद्विग्न,आतुर-4
36.श्रवणेंद्रिय-2
38.दीपक,दिया-3
39.बोलने के लिये कहना-2
40.एक मुस्लिम महीना-4
41.सहायता करना-3,3

ऊपर से नीचे
1.सहिष्णुता,उदारता-6
2.थोड़ा,कम-2
3.कपड़ों के टुकड़े-4
4.असफल-5
5.राजी करना-3
6.वजन,वायदा-2
7.अनाथ,बेवारिस-4
11.वैधव्य-4
13.राजा की पत्नी-2
16.टूटना-4
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.खबरी,खबर देने वाला-4
20.हमारा पड़ोसी देश-2
22.घूमना-3
23.पराजय-2
25.खतरनाक, खौफनाक-4
26.पसंद नहीं होना, अस्वीकृत-4,2
28.अशोक कुमार, मीना कुमारी, प्रदीप कुमार की फिल्म-5
29.हमले का जवाब देना,प्रतिशोध-4
30.कभी-2
32.जब्त,प्राप्त होना-4
34.मास्टर ब्लास्टर-3
37.भीगा हुआ-2
39.टैक्स,हाथ-2

शब्द पहेली- 6397 का हल

	ब	ल	शा	ली		रु	ख	सा	र	
अ	न		ली		प	त	न		जा	न
न		ज	मा	दा	र		न	म		फा
म	ग	रु	र			आ		द	र	स
ना		र		अ	ज	ग	र		वा	त
	मि	त	वा		ही		स	प	ना	
म	ल		दा	वा	न	ल		रा		फि
त	न	य		ल			ह	ज	र	त
ल		म	त		का	र्या	ल	य		र
बी	ज		म	का	न		च		सा	त
	य	ल	गा	र		ब	ल	शा	ली	

सूडोकु नवताल - 6408

★★★★★ कठिनतम

	9				4			7
					7	9		
8								
4		5	8					
3				1				2
					9	7		6
								4
		3	5					
2			6				8	

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल- 6407 का हल

7	8	5	2	6	3	1	4	9
4	3	1	9	7	5	8	2	6
2	6	9	1	4	8	7	5	3
3	1	4	6	8	9	5	7	2
9	5	8	7	2	4	6	3	1
6	7	2	5	3	1	9	8	4
5	2	7	3	9	6	4	1	8
1	4	6	8	5	2	3	9	7
8	9	3	4	1	7	2	6	5

खबर संक्षेप

जीएसएमए बोर्ड के गोपाल विट्टल फिर बने चेयरमैन

नई दिल्ली। भारती एयरटेल के एग्जीक्यूटिव वाइस चेयरमैन गोपाल विट्टल को ग्लोबल मोबाइल इंडस्ट्री संगठन जीएसएमए के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने 2027-2028 कार्यकाल के लिए दोबारा चेयरमैन चुना है। उनका कार्यकाल दिसंबर 2028 तक रहेगा। वे 2025 से इस पद पर कार्यरत हैं और पिछले 10 वर्षों से जीएसएमए बोर्ड के सदस्य हैं। बोर्ड ने राल्फ मुपिता को दोबारा को-डिप्टी चेयर चुना है, जबकि मार्गेरिटा डेल्ला वाल्ले भी उनके साथ यह जिम्मेदारी संभालेंगी।

लैंक्सेस और बीपीसीएल के बीच साझेदारी

मुंबई। लैंक्सेस और महारत्न सार्वजनिक उपक्रम भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने उन्नत इंडस्ट्रियल लुब्रिकेंट और स्पेशियलिटी फ्लुइड टेक्नोलॉजी के विकास के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साझेदारी का उद्देश्य भारत में तकनीकी नवाचार, उत्पाद विकास और व्यावसायीकरण को बढ़ावा देना है। एमओयू के तहत दोनों कंपनियां ओईएम अप्रूवल वाले हाई परफॉर्मेंस लुब्रिकेंट्स और स्पेशियलिटी ग्रीस के क्षेत्र में सहयोग की संभावनाएं तलाशेंगी।

'स्मार्ट ब्लैक' शैंपू हेयर कलर लांच

मुंबई। गोदरेज की कंपनी हेयर लैब ने 'स्मार्ट ब्लैक' शैंपू हेयर कलर लॉन्च किया है। कंपनी का दावा है कि इस उत्पाद से बिना दस्ताने, ब्रश या मिक्सिंग बाउल के बालों को रंगा जा सकता है। इसके पेटेंटेड फॉर्मूलेशन में अमोनिया और पेरॉक्साइड का इस्तेमाल नहीं किया गया है। गैलिक एसिड और एलोवेरा के गुणों से युक्त यह हेयर कलर महज 15 मिनट में बालों को प्राकृतिक काला रंग देता है।

इनफिनिक्स ने लांच किया जीटी 50 प्रो

मुंबई। इनफिनिक्स ने भारतीय बाजार में नया गेमिंग स्मार्टफोन जीटी 50 प्रो लांच किया है। इसमें मीडियाटेक डाइमेंसिटी 8400 अल्टीमेट प्रोसेसर और हाइड्रोफ्लो तरल शीतलन तकनीक दी गई है। कंपनी के मुताबिक, चुनिंदा गेम में फोन 144 फ्रेम प्रति सेकंड तक की गति से प्रदर्शन कर सकता है। इसमें 6.78 इंच की 1.5के एमोलेड स्क्रीन, 144 हर्ट्ज की ताज़ा दर और 6500 एमएएच की बैटरी है।

इंडस एप स्टोर बना फोनपे एप स्टोर

मुंबई। फोनपे ने अपने स्वदेशी ऐप बाजार मंच इंडस एपस्टोर का नाम बदलकर फोनपे एपस्टोर कर दिया है। कंपनी के मुताबिक, यह मंच 20 करोड़ से अधिक उपकरणों तक पहुंच चुका है। उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र सहित अन्य राज्यों में सबसे ज्यादा उपयोगकर्ता हैं। इस पर चैटजीपीटी, डुओलिंगो, शेयरचैट और सोनी लिव जैसे एप के साथ कई गेम भी उपलब्ध हैं। अब मंच पर एप और गेम के अलावा कार्ड और रिचार्ज की सुविधा भी मिलेगी।

दिवाली के लिए 84 फीसदी तक की छूट

बेंगलुरु। अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के तहत अमेजन बिजनेस ने कारोबारियों के लिए आखिरी पलों के खास ऑफर्स पेश किए हैं। ग्राहक लैपटॉप, टीवी, एसी, ऑफिस फर्नीचर, स्टेशनरी और लाइटिंग उत्पादों पर 84 प्रतिशत तक की छूट पा सकते हैं। योग्य थोक खरीद पर अतिरिक्त डिस्काउंट, इंस्टेंट बैंक ऑफर और 9,999 रुपए तक कैशबैक भी मिलेगा।

अनिल ने पेश की सफलता की नई मिसाल

इंदौर। मेहनत और दृढ़ संकल्प से इंदौर के अनिल राजपूत ने सफलता की नई मिसाल पेश की है। वर्ष 2021 में सरकारी नौकरी की तैयारी के लिए इंदौर आए अनिल आर्थिक तंगी के चलते पहले सुपरवाइजर की नौकरी करते थे। उन्होंने जोमैटो में डिलीवरी पार्टनर के रूप में काम शुरू किया, जिससे उन्हें पढ़ाई के लिए रोजाना 8 से 10 घंटे मिलने लगे। वर्ष 2023 में पुलिस भर्ती के फिजिकल टेस्ट में असफल होने के बाद भी उन्होंने प्रयास जारी रखा।

मंडी सचिव उमेश बसेडिया ने दी औषधीय उपजों और मंडी की गतिविधियों की जानकारी

औषधीय उपजों के प्रदर्शन में नीमच मंडी ने दिखाई अपनी ताकत, कृषि मंत्री ने किया स्टॉल का अवलोकन, की चर्चा

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭भोपाल

मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के 71वें वर्ष के उपलक्ष्य में राजधानी के लाल परेड ग्राउंड में आयोजित तीन दिवसीय औषधीय उपज प्रदर्शनी एवं सेमिनार में नीमच मंडी ने अपनी विशिष्ट पहचान दर्ज कराई। कृषि उपज मंडी समिति नीमच की ओर से लगाए गए स्टॉल पर जिले की औषधीय उपजों का प्रदर्शन किया गया। मंगलवार को प्रदेश के कृषि मंत्री ऐंदल सिंह कंसाना ने स्टॉल का अवलोकन कर वहां प्रदर्शित उपजों की जानकारी ली। इस दौरान मंडी समिति के सचिव उमेश कुमार बसेडिया शर्मा ने उन्हें औषधीय उपजों और मंडी की गतिविधियों से अवगत कराया।



विविधता और महत्व को सामने रखा

प्रदर्शनी में नीमच मंडी की सहभागिता जिले की कृषि और औषधीय उपजों को प्रदेश स्तर पर पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण रही। स्टॉल के माध्यम से औषधीय उपजों की विविधता और उनके महत्व को सामने रखा गया। कृषि मंत्री ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और प्रस्तुत की गई जानकारी प्राप्त की।

कृषि और मंडी बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारी रहे मौजूद

कार्यक्रम में कृषि एवं मंडी बोर्ड के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इनमें कृषि सचिव निशांत बरबड़े (आईएएस), मंडी बोर्ड के प्रबंध संचालक राघवेंद्र सिंह (आईएएस), कृषि संचालक उमाशंकर भार्गव (आईएएस), मंडी बोर्ड के अपर संचालक अनुराग सक्सेना (आईएएस), अपर संचालक श्रीमती सविता झानिया और मंडी बोर्ड के उप संचालक योगेश नागले शामिल रहे। नीमच मंडी समिति की ओर से सचिव उमेश कुमार बसेडिया शर्मा, लेखापाल अमरनाथ सराफ, नंदकिशोर सोलंकी और दीपक डगवार ने सहभागिता की।

औषधीय उपजों की संभावनाओं पर केंद्रित आयोजन

प्रदर्शनी का उद्देश्य औषधीय उपजों के महत्व, उनकी संभावनाओं और कृषि क्षेत्र में उनकी उपयोगिता को रेखांकित करना है। ऐसे आयोजनों के जरिए किसानों, मंडियों और कृषि क्षेत्र से जुड़े संस्थानों को अपनी उपज और कार्यों को व्यापक मंच पर प्रस्तुत करने का अवसर मिलता है। नीमच मंडी समिति की भागीदारी से जिले की औषधीय उपजों को राजधानी में आयोजित प्रदेशस्तरीय आयोजन में प्रदर्शित करने का अवसर मिला। कृषि मंत्री सहित शासन और मंडी बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा स्टॉल का अवलोकन किए जाने से नीमच मंडी की सहभागिता को विशेष महत्व मिला।

भोपाल के थोक बाजार में चीनी 6200 रुपए क्विंटल

शक्कर में कड़वाहट आई, हफ्तेभर में 1200 रुपए क्विंटल का उछाल!

मिठाई कारोबारियों से लेकर आम आदमी तक की जेब पर पड़ेगी मार

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭भोपाल

धनतेरस और दीपावली पर मिठास घोलने की तैयारी कर रहे लोगों को शक्कर की महंगाई ने जोरदार झटका दे दिया है। त्योहार से ठीक पहले चीनी के दामों में ऐसी तेजी आई है कि बाजार में मिठास से ज्यादा महंगाई की कड़वाहट महसूस होने लगी है। भोपाल के प्रमुख थोक जिंस बाजार हनुमानगंज और जुमेराती में शक्कर के भाव सप्ताहभर के भीतर करीब 1200 रुपए प्रति क्विंटल उछल गए हैं। जो चीनी सप्ताहभर पहले 4800 से 5000 रुपए क्विंटल बिक रही थी, उसके भाव अब बढ़कर 6100 से 6200 रुपए प्रति क्विंटल तक पहुंच गए हैं। थोक बाजार में चीनी 62 रुपए किलो के भाव बिक रही है। शक्कर के भाव में आई इस अचानक तेजी ने व्यापारियों को भी चौंका दिया है।



बाजार में मांग का दबाव

शक्कर ब्रोकर रमाकांत तिवारी के मुताबिक, सप्ताहभर के भीतर चीनी की कीमतों में करीब 1200 रुपए प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी हुई है। त्योहारों के नजदीक आते ही बाजार में मांग का दबाव बढ़ रहा है और इसका असर सीधे कीमतों पर दिखाई दे रहा है। महज सात दिनों में आई इस तेजी ने चीनी के कारोबार का पूरा गणित बदल दिया है।

गुड़ की मिठास पर महंगाई का वार, 15 फीसदी तक महंगा

त्योहारों के मौसम में महंगाई आम आदमी का पीछा छोड़ने को तैयार नहीं है। पहले शक्कर के दामों में उछाल ने मिठास कम की और अब गुड़ भी महंगाई की मार से महंगा हो गया है। मध्य प्रदेश के 'चीनी के कटोरे' के नाम से मशहूर नरसिंहपुर जिले में गुड़ की कीमतों में 10 से 15 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इसकी सबसे बड़ी वजह गन्ने की खेती में इस्तेमाल होने वाले उर्वरकों की आसमान छूती कीमतें बताई जा रही हैं। मध्य प्रदेश में गन्ने को लेकर कोई घोषित राज्यस्तरीय नीति नहीं होने से किसानों की मुश्किलें भी कम नहीं हो रही हैं। गन्ने की कीमतों के निर्धारण में सरकारी नियंत्रण और स्पष्ट व्यवस्था का अभाव किसानों को मिल मालिकों पर निर्भर बनाता है।



मिठाई की लागत बढ़ी, त्योहार का बजट बिगड़ना तय

कुंदन नकीन एंड स्वीट्स के प्रेमनारायण यादव ने कहाकि दीपावली पर मिठाइयों की मांग सबसे ज्यादा रहती है। मिठाई निर्माताओं की उत्पादन लागत बढ़ना तय है। इसका असर मिठाइयों के दामों पर भी पड़ सकता है। मिठाई कारोबारियों को अब बढ़ी हुई लागत के हिसाब से कीमतें तय करनी पड़ सकती हैं। नतीजतन, त्योहार पर मिठाई खरीदने वाले ग्राहकों को ज्यादा जेब ढीली करनी पड़ेगी।

सोना 137524 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आया, चांदी 179900 रुपए किलो पहुंची

सोना-चांदी धड़ामः सोना 2530 और चांदी 1,372 रुपए हुई सस्ती

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭भोपाल

सराफा बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में एक बार फिर बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। सोना 2,530 रुपए प्रति 10 ग्राम सस्ता होकर 1,37,524 रुपए पर आ गया। वहीं, चांदी की कीमत में भी 1,372 रुपए की गिरावट आई और यह 1,79,900 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। बाजार जानकार नवनीत अग्रवाल के अनुसार सोने-चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव के पीछे अंतरराष्ट्रीय बाजार की परिस्थितियां भी अहम भूमिका निभा रही हैं। अमेरिकी ब्याज दरों को लेकर अनिश्चितता, डॉलर की चाल और वैश्विक आर्थिक हालात का असर कीमती धातुओं पर पड़ रहा है।

निवेशक फिलहाल बाजार के रुख पर नजर बनाए हुए हैं। लगातार ऊंचे स्तर पर कारोबार करने के बाद कीमतों में आई इस गिरावट से आभूषण खरीदने की योजना बना रहे ग्राहकों को राहत मिली है। अग्रवाल के अनुसार सराफा कारोबारियों की नजर आने वाले दिनों में अंतरराष्ट्रीय संकेतों और घरेलू मांग पर रहेगी। कीमतों में आगे भी उतार-चढ़ाव बने रहने की संभावना है। राजधानी भोपाल के सराफा बाजार में मंगलवार को 24 कैरेट सोने का भाव करीब 1,39,690 रुपए प्रति 10 ग्राम



दर्ज किया गया। वहीं 22 कैरेट सोना 1,28,050 रुपए और 18 कैरेट सोना 1,04,780 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर रहा। स्थानीय बाजार में चांदी का भाव करीब 2 लाख रुपए प्रति किलोग्राम बताया गया। ये सांकेतिक बाजार दरें हैं। वास्तविक खरीदारी में जीएसटी और मेकिंग चार्ज के कारण कीमत अलग हो सकती है। विशेषज्ञों के मुताबिक, अमेरिकी ब्याज दरों को लेकर बनी अनिश्चितता, बॉन्ड यील्ड और डॉलर की चाल तथा वैश्विक भू-राजनीतिक परिस्थितियों का असर कीमती धातुओं पर पड़ रहा है। निवेशक फिलहाल बाजार के संकेतों पर नजर बनाए हुए हैं।

एफसीआई का बड़ा कदम, नीलामी की मात्रा दोगुनी

मप्र का आवंटन 6 हजार से बढ़ाकर 10 हजार टन किया, आज होगी नीलामी



वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭भोपाल

गेहूं की बढ़ती कीमतों पर अंकुश लगाने और बाजार में आपूर्ति बढ़ाने के लिए भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) ने नीलामी की मात्रा लगभग दोगुनी करने का फैसला किया है। 4 नवंबर को होने वाली साप्ताहिक नीलामी में एफसीआई 1.99 लाख टन गेहूं बिक्री के लिए पेश करेगा। इससे पहले 28 अक्टूबर को हुई नीलामी में 1.01 लाख टन गेहूं रखा गया था। इस बार मात्रा में करीब 98 हजार टन की बढ़ोतरी की गई है। मध्य प्रदेश के लिए भी आवंटन 6 हजार टन से बढ़ाकर 10 हजार टन कर दिया गया है।

28 अक्टूबर को हुई नीलामी में एफसीआई ने 1.01 लाख टन गेहूं बिक्री के लिए पेश किया था। इसमें से 99,316 टन गेहूं बिक गया। यानी कुल उपलब्ध मात्रा का लगभग 98.3 प्रतिशत उठाव हुआ। कई राज्यों में नीलामी के लिए रखी गई पूरी मात्रा खरीदारों ने उठा ली। इससे बाजार में गेहूं की मांग और उपलब्धता के बीच दबाव का संकेत मिलता है। इसी को देखते हुए अगली नीलामी में बिक्री की मात्रा बढ़ाई गई है।

पिछली नीलामी में 98 फीसदी से ज्यादा गेहूं बिका

मध्यप्रदेश को अतिरिक्त 4 हजार टन गेहूं मिलेगा



भोपाल ग्रेन मर्चेंट एंड ऑयल सीड्स एसोसिएशन के प्रवक्ता और गेहूं कारोबारी संजीव जैन ने बताया कि नई व्यवस्था में मध्य प्रदेश का आवंटन 6 हजार टन से बढ़ाकर 10 हजार टन किया गया है। यानी प्रदेश को अब 4 हजार टन अतिरिक्त गेहूं मिलेगा। इससे आटा मिलों और प्रोसेसिंग यूनिट्स को कच्चे माल की उपलब्धता बढ़ने की उम्मीद है। कारोबारियों का मानना है कि अतिरिक्त आपूर्ति से बाजार में कीमतों को नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है। हालांकि, उनका कहना है कि प्रदेश की मांग के अनुपात में आवंटन और बढ़ाने की जरूरत है।

राहत की उम्मीद, लेकिन कारोबारियों में असंतोष भी



आटा मिल संचालक प्रमोद जैन हिमांशु के अनुसार नीलामी की मात्रा बढ़ाना बाजार के लिए राहत भरा कदम है, लेकिन केवल आवंटन बढ़ाने से कीमतों पर स्थायी नियंत्रण मुश्किल है। इसके लिए नियमित आपूर्ति और पर्याप्त मात्रा में गेहूं उपलब्ध कराना जरूरी है। कारोबारियों के मुताबिक, गेहूं की कीमतों में तेजी का सीधा असर आटे की लागत पर पड़ता है। ऐसे में एफसीआई की बढ़ी हुई नीलामी से बाजार को कितनी राहत मिलती है, यह आने वाले दिनों में गेहूं के उठाव और कीमतों के रुख से स्पष्ट होगा।

व्यापारियों को नीलामी में शामिल होने की अनुमति नहीं

एफसीआई की इस नीलामी में सामान्य व्यापारियों को भाग लेने की अनुमति नहीं है। गेहूं की बिक्री मुख्य रूप से वास्तविक उपयोगकर्ताओं, जैसे आटा मिलों और प्रोसेसिंग यूनिट्स को की जाती है। इसका उद्देश्य सरकारी भंडार से गेहूं सीधे उन इकाइयों तक पहुंचाना है, जहां उसका उपयोग आटा और अन्य खाद्य उत्पाद बनाने में होता है।

बैंक ऑफ इंडिया ने बढ़ाईं एफडी की ब्याज दरें, मिलेगा 7.5 फीसदी तक रिटर्न

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया ने अपनी फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) की ब्याज दरों में बढ़ोतरी की है। बैंक ने चुनिंदा अवधि की जमा पर ब्याज दरें संशोधित करने के साथ 500 दिन की विशेष एफडी योजना 'स्टार अक्षय फिक्स्ड डिपॉजिट' भी शुरू की है। इसमें सुपर वरिष्ठ नागरिकों को अधिकतम 7.5 फीसदी सालाना ब्याज मिलेगा। बैंक के मुताबिक, इस विशेष योजना के तहत सामान्य ग्राहकों को 6.85 फीसदी सालाना ब्याज दिया जाएगा। वहीं, वरिष्ठ नागरिकों को 7.35 फीसदी और सुपर वरिष्ठ नागरिकों को 7.5 फीसदी ब्याज मिलेगा।

'पारिवारिक मनोरंजन' का डिजिटल प्रीमियर 13 को

मुंबई। ओरिजिनल फिल्म 'पारिवारिक मनोरंजन' का डिजिटल प्रीमियर 13 नवंबर 2026 को होगा। फिल्म में पहली बार पंकज त्रिपाठी और अदिति राव हैदरी की जोड़ी साथ नजर आएगी। रोमांस, हास्य और पारिवारिक रिश्तों पर आधारित यह फिल्म दिवाली के मौके पर दर्शकों का मनोरंजन करेगी। पंकज त्रिपाठी ने फिल्म की सादगी और सहज हास्य को इसकी खासियत बताया, वहीं अदिति ने पंकज के साथ काम करने का अनुभव शानदार बताया। फिल्म का निर्देशन वरुण वी. शर्मा ने किया है।

फैसला तत्काल वापस लेने की मांग

दूसरे दिन भी ठप रहा आईडीबीआई बैंक का कामकाज, बैंककर्मियों का प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

आईडीबीआई बैंक के निजीकरण के विरोध में कर्मचारियों और अधिकारियों की राष्ट्रव्यापी हड़ताल मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रही। यूनाइटेड फोरम ऑफ आईडीबीआई बैंक ऑफिसर्स एंड एम्प्लॉइज के आह्वान पर हुई हड़ताल में देशभर की 2 हजार से अधिक शाखाओं के करीब 10 हजार कर्मचारी और अधिकारी शामिल हुए। हड़ताल को यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस ने भी समर्थन दिया। भोपाल में सुबह 10 बजे सैकड़ों बैंककर्मी बोर्ड ऑफिस चौराहे पर जुटे और निजीकरण के विरोध में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। सभा में वीके शर्मा, दीपक रत्न शर्मा, नजीर कुरैशी, विकास सिंह, नागेश पांचाल, आकांक्षा गुप्ता और अनिल परमार सहित कर्मचारी नेताओं ने संबोधित किया।

कर्मचारियों ने बिक्री प्रक्रिया का विवरण सार्वजनिक करने, स्वतंत्र मूल्यांकन कराने और निजीकरण का फैसला तत्काल वापस लेने की मांग की। मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज करने और आगे राष्ट्रव्यापी हड़ताल करने की चेतावनी दी।

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

निविदा सूचना संख्या – एम.सी.–आर.जी.डी. लॉन्ड्री– 26–27.

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर निम्नलिखित कार्यों के लिए मान्यता प्राप्त अनुभवी एवं वित्तीय रूप से सक्षम ठेकेदारों से एवं रेल, सिंचाई, सी.पी.डब्लु.डी, एम.ई.एस. अथवा अन्य लोक उपक्रम में रजिस्टर्ड अथवा कार्यरत ठेकेदारों से ऑन–लाइन खुली निविदा आमंत्रित करते हैं :–

1. कार्य के नाम, लोकेशन के साथ : राजगीर डिपो में प्रति शिफ्ट 3 टन क्षमता वाली मशीनीकृत विभागीय लॉन्ड्री की स्थापना। 2. अनुमानित निविदा राशि (रूपया में) : ₹5,69,93,499.43 (रूपये पाँच करोड़ उनहत्तर लाख तिरानवे हजार चार सौ निन्यानवे एवं तेतालिस पैसे मात्र)। 3. अग्रधन राशि (रूपया में) : ₹11,39,900.00 (रूपये ग्यारह लाख उनचालिस हजार नौ सौ मात्र)। 4. निविदा कागजात जमा करने की एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समय : निविदा ऑन लाइन www.ireps.gov.in पर प्रस्तुत की जानी है। निविदादाताओं द्वारा निर्धारित तिथि 20.11.2026 को 12:00 बजे तक निविदा प्रस्तुत कर दिया जाय एवं उसी दिन निर्धारित तिथि को 12:30 बजे निविदा खोली जायेगी। 5. वेबसाईट नाम एवं निविदा, शुद्धि पत्र (अगर जारी हुआ) संबंधी सूचना : निविदा सूचना पात्रता मान दंड तथा निविदा प्रलेख क्रिस के वेब साईट CRIS website : www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।

मंडल रेल प्रबन्धक (यांत्रिक)/
पूमरे/दानापुर
पीआर/1248/डीएनआर/यां./टी/26–27/44

OFFICE OF THE CHIEF MUNICIPAL OFFICER
MUNICIPAL COUNCIL KANKER

S.No. 1046/PWD/ONLINE TENDER — Kanker/Dated 03.11.2026

E-procurement Tender Notice
Main Portal: https://cgeprocurement.gov.in

S. No.	NIT. No.	System Tender no.	Name of work	Probable Amount of Contract (In Lakh)	Earnest Money (In Lakh)	Class of Contractor	Last Date and Time For Downlode Tender
1	1040	203327 (1st Call)	Rejuvenation of Water body including ecological restoration and public amenities with Five (05) years Operation & Maintenance in Dudhawa Talab, at Ward No. 19 Kanker, Chhattisgarh under AMRUT 2.0.	Rs. 427.38	Rs. 2.14	In Class B or Above	25.11.2026 till 5.30 pm
2	1042	203356 (2nd Call)	Construction of CC Top And RCC Drain on bus stand at Nagar pali-ka kanker under Adhosarchna Budget	Rs. 125.82	Rs. 0.95	In Class C or Above	25.11.2026 till 5.30 pm

The details can be viewed and downloaded online directly from Government of Chhattisgarh e-Procurement System Portal (https://cgeprocurement.gov.in) from 03.11.2026 at 17:30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

Chief Municipal Officer
Municipal Council KANKER
District- North Bastar Kanker (C.G.)

सोनालीका ने बनाया नया रिकॉर्ड, बेचे 1.21 लाख से अधिक ट्रैक्टर

नई दिल्ली। भारत से ट्रैक्टर निर्यात में नंबर-1 ब्रांड सोनालीका ट्रैक्टर्स ने अप्रैल से अक्टूबर 2026 के दौरान 1,21,148 ट्रैक्टरों की कुल बिक्री कर अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया है। कंपनी ने घरेलू बाजार में भी बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए सबसे कम समय में एक लाख ट्रैक्टरों की बिक्री का आंकड़ा पार किया है। कंपनी की 30वीं वर्षगांठ के वर्ष में हासिल यह उपलब्धि किसानों के बीच बढ़ती स्वीकार्यता को दर्शाती है। कंपनी के एकीकृत ट्रैक्टर विनिर्माण संयंत्र से उत्पादन क्षमता को मजबूती मिल रही है। कंपनी के ज्वॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर रमन मित्तल ने कहा कि 1,21,148 ट्रैक्टरों की बिक्री कंपनी के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है।



जॉन डियर ने सालभर में बेचे 1 लाख से अधिक ट्रैक्टर

पुणे। जॉन डियर इंडिया ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए एक वित्त वर्ष में भारत में 1 लाख से अधिक ट्रैक्टरों की बिक्री का आंकड़ा पार कर लिया है। यह उपलब्धि भारतीय किसानों के भरोसे, मजबूत डीलर नेटवर्क और कृषि मशीनीकरण को बढ़ावा देने की कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। कंपनी के अनुसार, यह सफलता भारतीय कृषि में आधुनिक तकनीक और मशीनीकरण की बढ़ती भूमिका का प्रमाण है। जॉन डियर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं कंट्री मैनेजर राजेश सिन्हा ने कहा कि एक साल में 1 लाख से अधिक ट्रैक्टरों की बिक्री केवल व्यावसायिक उपलब्धि नहीं, बल्कि किसानों और डीलर पार्टनर्स के विश्वास का प्रतीक है।



कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रीवा परिक्षेत्र रीवा (म.प्र.)

website:www.mppwd.gov.in Email:-cepwdrewa@mp.nic.in
phone no. 07662-255200, Fax: 255380

निविदा सूचना क्र. 13/सा./ 2026-27 // निविदा आमंत्रण सूचना // रीवा दिनांक 28.10.2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

सं क्रं	टेन्डर क्रं.	संभाग का नाम	कार्य का नाम	आमंत्रण क्र.	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	कार्य की अनुमानित राशि (लाख में)	अमानत राशि (रूपये में)	निविदा फार्म (रूपये में)
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	2026_PWDRB_545885_1	शहडोल	गोहपारू रसमोहनी भटिया मार्ग लंबाई 27.50 कि.मी. का निर्माण कार्य ।	द्वितीय	24 माह वर्षाकाल सहित	5741.91	2870955/-	50000/-
					Total	5741.91		

उपरोक्त बेवसाईट आनलाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्यूमेन्ट) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने तथा आनलाईन बिड सबमिशन की प्रारंभिक तिथि दिनांक 04.11.2026 से अंतिम तिथि 25.11.2026 सायं 18.00 बजे तक निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट में किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

मुख्य अभियंता
लोक निर्माण विभाग, रीवा परिक्षेत्र रीवा

G-20964/26

" स्वच्छता ही सेवा "

चिंतन

अनिश्चितकाल तक प्रदर्शन का हक नहीं



सियासत

प्रो .(डॉ) मनोज दयाल

लोकतंत्र में असहमति और प्रदर्शन का अधिकार है, लेकिन विरोध के नाम पर दूसरों के अधिकारों को कुचलने की छूट भी नहीं दी जा सकती। सार्वजनिक स्थानों पर अनिश्चितकाल तक कब्जा जमाकर बैठ जाना और आम लोगों की जिंदगी को बाधित करना किसी भी सूरत में उचित नहीं ठहराया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट की ताजा टिप्पणी इसी संतुलन की जरूरत को रेखांकित करती है। दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ हुए प्रदर्शन से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि किसी भी संगठन को किसी सार्वजनिक स्थल पर अनिश्चितकाल तक प्रदर्शन करने का हक नहीं है। प्रदर्शन के लिए निर्धारित स्थानों पर भी समय-सीमा होनी चाहिए, ताकि दूसरे संगठनों को भी अपनी बात रखने का अवसर मिल सके। लोकतंत्र में विरोध का अधिकार किसी एक संगठन की स्थायी संपत्ति नहीं हो सकता। दरअसल, सार्वजनिक स्थानों पर लंबे समय तक चलने वाले धरने-प्रदर्शनों का असर केवल यातायात तक सीमित नहीं रहता। इससे दुकानदारों, रेहड़ी-पटरी वालों, दिहाड़ी मजदूरों, नौकरीपेशा लोगों, विद्यार्थियों और मरीजों तक को परेशानी उठानी पड़ती है। दिल्ली के व्यापारिक संगठनों ने अदालत में दावा किया कि त्योहारों के सीजन में प्रदर्शनों के कारण कारोबारियों को करीब दो हजार करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। किसी के विरोध के अधिकार की कीमत दूसरे नागरिकों को अपनी रोजी-रोटी गंवाकर नहीं चुकानी चाहिए। हालांकि, पूरे मामले का दूसरा पहलू भी उतना ही अहम है। प्रदर्शनकारियों को पुलिस कार्रवाई, हिरासत और निगरानी के नाम पर मनमानी का सामना नहीं करना चाहिए। सुनवाई के दौरान करीब सात हजार लोगों को हिरासत में लिए जाने और प्रदर्शनकारियों की निगरानी के कानूनी आधार पर सवाल उठाए गए। सरकार और पुलिस को यह स्पष्ट करना होगा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई किस कानून और किन परिस्थितियों में की गई। यही कारण है कि प्रदर्शन के अधिकार और सार्वजनिक व्यवस्था के बीच संतुलन बनाना आवश्यक है। सरकार और प्रशासन की जिम्मेदारी है कि वे शांतिपूर्ण प्रदर्शन के लिए पर्याप्त और सुविधाजनक स्थान उपलब्ध करवाएं। इन स्थानों का निर्धारण पारदर्शी नियमों के आधार पर हो और सभी संगठनों को समान अवसर मिले। दूसरी ओर, पुलिस को भी कानून के दायरे में रहकर कार्रवाई करनी चाहिए। शांतिपूर्ण प्रदर्शन और हिंसक या अवैध गतिविधियों के बीच स्पष्ट अंतर किया जाना जरूरी है। प्रदर्शन आयोजित करने वाले संगठनों की जिम्मेदारी भी कम नहीं है। उन्हें यह समझना होगा कि लोकतांत्रिक अधिकारों के साथ सामाजिक दायित्व भी जुड़े हैं। यदि किसी आंदोलन के कारण सड़कें बंद होती हैं, सार्वजनिक परिवहन बाधित होता है या कारोबार ठप पड़ता है तो इसकी जवाबदेही तय होनी चाहिए। कई बार लंबे समय तक चलने वाले धरने इस बात का संकेत होते हैं कि संबंधित पक्षों की शिकायतों का समाधान नहीं हो पा रहा। प्रशासन को समय रहते बातचीत करनी चाहिए, ताकि असंतोष टकराव में न बदले। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी का व्यापक संदेश यही है कि लोकतंत्र में अधिकार एकतरफा नहीं हो सकते। किसी एक वर्ग की आवाज बुलंद करने के लिए दूसरे वर्ग की आवाजाही और आजीविका बाधित करना लोकतांत्रिक भावना के अनुकूल नहीं है। लोकतंत्र की मजबूती इसी में है कि असहमति को जगह मिले और आम जनजीवन भी निर्बाध चलता रहे।

किसी ने बनाई पार्टी, किसी ने बदला दल

> लोकतंत्र में सबको चुनाव लड़ने का अधिकार है। आजकल चुनाव लड़ने से ज्यादा चुनावी दुकान खोलने का चलन बढ़ गया है। "माननीय" बनने की ऐसी होड़ लगी है कि जिसके पास चार लोगों का समर्थन नहीं, वह भी चार पहियों वाली गाड़ी पर अपना झंडा लगाकर पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बन बैठा है। किसी ने पार्टी बनाई तो किसी ने दल बदल लिया। नाम चाहे कुछ भी हो..! मकसद एक ही है – किसी तरह विधायक-सांसद की नेम प्लेट लग जाए। उत्तर प्रदेश से लेकर दिल्ली तक का राजनीतिक मौसम देखिए। जैसे ही चुनाव की आहट सुनाई देती है, वैसे ही कुछ रिटायर्ड अफसरों, पूर्व न्यायाधीशों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और हताश नेताओं के भीतर सोया हुआ 'जननायक' जाग जाता है।

राजनीति का नया शॉर्टकट..! माननीय बनने की होड़..! कोई अपनी पार्टी बना रहा है तो कोई दल बदल रहा है। यह हरकतें चुनावी आहट के साथ तेज हो रही हैं। सियासी हसरतें पूरी करने का चलन इस कंपन्न से झनझना उठा है। लोकतंत्र में सबको चुनाव लड़ने का अधिकार है। आजकल चुनाव लड़ने से ज्यादा चुनावी दुकान खोलने का चलन बढ़ गया है। "माननीय" बनने की ऐसी होड़ लगी है कि जिसके पास चार लोगों का समर्थन नहीं, वह भी चार पहियों वाली गाड़ी पर अपना झंडा लगाकर पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बन बैठा है। किसी ने पार्टी बनाई तो किसी ने दल बदल लिया। नाम चाहे कुछ भी हो..!

मकसद एक ही है - किसी तरह विधायक-सांसद की नेम प्लेट लग जाए। उत्तर प्रदेश से लेकर दिल्ली तक का राजनीतिक मौसम देखिए। जैसे ही चुनाव की आहट सुनाई देती है, वैसे ही कुछ रिटायर्ड अफसरों, पूर्व न्यायाधीशों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और हताश नेताओं के भीतर सोया हुआ 'जननायक' जाग जाता है। वे सोचते हैं, किसी पार्टी में जाकर टिकट मांगने से अच्छा है, अपनी ही पार्टी क्यों न बना ली जाए। टिकट मांगने का झंझट खत्म..! खुद ही टिकट बांटो, खुद ही अध्यक्ष बनो..! यह हसरतें पूरी करने का जो नया चलन है, वह चुनावी कैलेंडर के साथ और तेज हो गया है। 2027 के विधानसभा चुनाव अभी दूर हैं। पर उत्तर प्रदेश में अभी से सैकड़ों नई पार्टियों ने निर्वाचन आयोग के दरवाजे पर दस्तक दे दी है। कोई लखनऊ में प्रेस क्लब में पार्टी लांच कर रहा है तो कोई दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब में अपना घोषणा पत्र पढ़ रहा है। सोशल मीडिया पर पार्टी का लोगो, झंडा और एक जोशीला नारा- बस, बन गए राष्ट्रीय अध्यक्ष। रिटायर्ड अफसरों की राजनीति..! पेंशन के बाद पद की तलाश..! इस दौड़ में सबसे आगे हमारे सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी हैं। जीवन भर फाइलों पर 'स्वीकृत' और 'अस्वीकृत' लिखने वाले ये अधिकारी रिटायरमेंट के बाद अचानक व्यवस्था को बदलने का सपना देखने लगते हैं। इस कड़ी में सबसे चर्चित नाम है विजय शंकर पांडे का। उत्तर प्रदेश कैडर के इस पूर्व आईएएस अधिकारी ने अपने कार्यकाल में भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग छेड़ने के लिए ख्याति अर्जित की थी। कहा जाता है कि उन्होंने प्रदेश के कई महाभ्रष्ट अधिकारियों को चिह्नित करने का बीड़ा उठाया था। उनकी छवि एक निर्भीक अधिकारी की थी। रिटायरमेंट के बाद उन्होंने सोचा कि व्यवस्था को फाइल से नहीं, मैदान से बदला जा सकता है। और फिर बना डाली अपनी पार्टी - लोक गठबंधन पार्टी। उनका तर्क है कि ईमानदार राजनीति ही भ्रष्टाचार का जवाब है। पर सवाल यह भी है कि क्या पार्टी बनाते ही जनता उनके पीछे चल देगी? इसी तरह एक और पूर्व आईएएस अधिकारी चंद्रपाल हैं। प्रशासन में लंबे अनुभव के बाद उन्होंने 'आदर्श समाज पार्टी' का गठन किया। उनका नारा है- समाज में आदर्श और समता स्थापित करना। वे दलित, पिछड़े और वंचित वर्ग की आवाज बनने का दावा करते हैं। प्रशासन में रहते हुए उन्होंने सिस्टम को अंदर से देखा। अब बाहर से उसे सुधारने निकले हैं। अब इस फेहरिस्त में नया नाम जुड़ा है -आईएएस दिव्या मित्तल का। अभी हाल ही में उन्होंने अपनी राजनीतिक पार्टी बनाने का ऐलान किया है। एक युवा, तेजतर्रार महिला अधिकारी के रूप में उनकी



पहचान रही है। उनका राजनीति में आना कई लोगों के लिए आश्चर्यजनक है तो कई लोगों के लिए यह संकेत है कि ब्यूरोक्रेसी में अब प्रतिभा घुटन महसूस कर रही है और उसे राजनीति में ऑक्सीजन तलाश रही है। क्या यह महज संयोग है कि ये सभी चुनाव से ठीक पहले सक्रिय होते हैं? नहीं, यह रणनीति है। चुनाव वह मौसम है, जब मीडिया को नए चेहरे चाहिए, जनता को नए विकल्प की तलाश होती है और ऐसे में अपनी दुकान सजाना सबसे आसान होता है। दलित राजनीति से राष्ट्रीय राजनीति तक का प्रयोग..! यह केवल आईएएस अधिकारियों तक सीमित नहीं है। इस ट्रेंड के पुराने खिलाड़ी भी हैं। उदित राज इसका सबसे बड़ा उदाहरण हैं। भारतीय राजस्व सेवा से लेकर राजनीति तक उनका लंबा सफर रहा है। उन्होंने सबसे पहले इंडियन जस्टिस पार्टी बनाई थी। दलितों को न्याय दिलाने के नाम पर बनी यह पार्टी बाद में कांग्रेस, फिर भाजपा में विलीन होती-निकलती रही। उदित राज ने दिखाया कि पार्टी बनाना एक तरह से अपनी राजनीतिक कीमत बढ़ाने का तरीका भी है। आपकी अपनी पार्टी है, तो बड़ी पार्टियां आपको गठबंधन में लेने के लिए मजबूर होंगी। यही फॉर्मूला अब हर कोई अपना रहा है। जिसके पास 5 हजार वोट भी नहीं हैं, वह भी कहता है- हम 20 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे और किंगमेकर बनेंगे। हकीकत यह है कि वे किंगमेकर नहीं, अपने ही घर के मेकर भी नहीं बन पाते। इन दुकानों के बनने के तीन बड़े कारण हैं। पहला - टिकट का अभाव और व्यक्तिवाद का उभार। बड़ी पार्टियों में टिकट के लिए लंबी लाइन है। वहां जाति, पैसा और परिवारवाद हावी है। ऐसे में एक रिटायर्ड अफसर या सामाजिक कार्यकर्ता को लगता है कि वहां उसकी पूछ नहीं होगी। इसलिए वह अपनी पार्टी बनाकर खुद को 'हाईकमान' घोषित कर देता है। दूसरा - चुनाव एक उद्योग बन गया है। पार्टी बनाइए। चंदा लीजिए। थोड़ा प्रचार कीजिए और अगर एक-दो सीटों पर 10-15 हजार वोट काट दिए, तो बड़ी पार्टियों से सौदेबाजी का रास्ता खुल जाता है। कई पार्टियां तो इसी वोट-कटवा की भूमिका के लिए ही बनाई जाती हैं। तीसरा - सोशल मीडिया का भ्रम। फेसबुक पर 10 हजार फॉलोअर और यूट्यूब पर 2 लाख व्यूज देखकर लोगों को लगता है कि ये व्यक्ति लोकप्रिय है। यह वर्चुअल लोकप्रियता उन्हें जमीन पर भी नेता होने का भ्रम दे देती है। वे भूल जाते हैं कि लाइक वोट में नहीं बदलता। सवाल यह है कि क्या यह लोकतंत्र के लिए खतरा है? जवाब है- नहीं, पर चेतावनी जरूर है। भारतीय निर्वाचन आयोग के पास 2800 से ज्यादा पंजीकृत दल हैं, पर 90% दल ऐसे हैं जिन्होंने कभी एक भी चुनाव नहीं लड़ा। ये सिर्फ कागजों पर हैं। बैलेट पेपर पर एक ही नाम से मिलते-जुलते 4-5 निर्दलीय और छोटी पार्टियों के चुनाव चिह्न देखकर वोटर कन्फ्यूज हो जाता है। और यही इनका असली खेल है - वोट काटो, चुनाव प्रभावित करो। दूसरी तरफ, यह लोकतंत्र की जीवंतता भी है। अगर कोई विजय शंकर पांडे या चंद्रपाल या दिव्या मित्तल ईमानदारी से कोई विकल्प देना चाहते हैं, तो उनका स्वागत होना चाहिए। समस्या तब है, जब पार्टी का मकसद सिर्फ 'माननीय' बनने की हसरत पूरी करना हो, जनता की सेवा नहीं। पार्टी बनाना आसान है। पर पार्टी को विचार देना, कैडर बनाना और जनता का विश्वास जीतना सबसे कठिन तपस्या है। वह तपस्या न तो प्रेस कॉन्फ्रेंस से होती है। न ही लखनऊ-दिल्ली के होटलों में पार्टी लांच करने से। लोकतंत्र में दुकानें बहुत खुल गई हैं। पर ग्राहक यानी जनता बहुत समझदार हो गई है। वह जानती है कि कौन सेवा के लिए आया है, तो कौन मेवा के लिए और सिर्फ अपनी नेम प्लेट के लिए दलबदल कर बैठा है। चुनाव आएगा तो जनता इन दुकानों का शटर खुद ही गिरा देगी।

(लेखक कुशाभाऊ ठाकरे विवि, रायपुर के कुलपति हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

आध्यात्मिक

विवेक मिश्रा



33 लाख दीप प्रज्ज्वलन का नया रिकॉर्ड बनाने का प्रयास

भारत की आध्यात्मिक धारा प्रकट से अप्रकट की ओर प्रवाहित है, इसी अंतःकरण के दीपपर्व का बाह्य मूर्त चित्रण दीपावली है। अपने परम आराध्य के प्रत्यक्ष सानिध्य की अभिलाषा में रत एक नगर का रोम-रोम आह्लादित हो उठता है। अयोध्या से आशय उस भूमि से है, जिस पर युद्ध द्वारा विजय नहीं प्राप्त की जा सकती है, युद्ध अर्थात द्वंद्व से निर्मित संघर्ष। जिस धरा या स्थान पर युद्धकारक द्वंद्व का अंत होता हो, वहां स्वतः ही राम अर्थात रमणीय आनंद का निवास होता है। योगीजन भी इसी राममयी ब्रह्म तत्व में सदैव लीन मिलते हैं। भारतीय सनातन संस्कृति का यह पौराणिक दर्शन, आज हमारे समक्ष अयोध्या के भव्य व दिव्य दीपोत्सव के रूप में साकार होता है। दीपावली के शुभयोग पर आगामी 7 नवंबर 2026 को सरयू जी के 56 घाटों पर एकसाथ 33 लाख दीप प्रज्वलित कर एक नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित करने का प्रयास होगा। श्री राम जन्मभूमि मंदिर के गर्भगृह में भी 1 लाख 11 हजार दियों का प्रज्वलन होगा। ज्ञात हो विगत वर्ष 2025 में 26 लाख से अधिक दीप प्रज्वलित कर रिकॉर्ड स्थापित किया गया है। गिनीज रिकॉर्ड स्थापित करने हेतु, सटीक मापदंडों की पालना करनी होती है। निगरानी रखने के लिए गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की एक आधिकारिक टीम मौके पर मौजूद रहती है। दीयों को व्यवस्थित रूप से दीप्त करने के लिए अवध विश्वविद्यालय समेत अन्य कॉलेजों के 35000 वालेंटियर को नियुक्त किया गया है। आयोजनों में 45 मिनट लंबा ड्रोन और लेजर शो भी रहेगा, जिसमें रामायण के प्रसंगों का सजीव चित्रण होगा। इस वर्ष 10 वे दीपोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शामिल होंगे, जबकि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत कई अन्य कैबिनेट मंत्री भी उपस्थित रहेंगे। 2027 के विधानसभा चुनावों से पूर्व इस बार का सांस्कृतिक कार्यक्रम, राजनीतिक पक्षों के चुनावी समीकरणों से भी जुड़ेगा। पिछले दिनों अयोध्या में सपा प्रमुख अखिलेश यादव का दौरा हुआ और वे श्री राम जन्मभूमि मंदिर दर्शन करने नहीं पहुंचे। सामुदायिक वोट बैंक को साधने की कोशिशों का यह एक सुनियोजित क्रम रहा है। विपक्षी दल, ऐसे आयोजनों में सरकारी धन की फिजूलखर्ची और सरकार की ब्रांडिंग पर आरोप लगाते हैं। बीते दिनों प्रधानमंत्री के जन्मदिन और सार्वजनिक जीवन में 25 वर्ष पूर्ण होने पर, आयोजित 'आशीर्वाद का दिया'नामक कार्यक्रम की तीखी आलोचना विपक्षीय दलों व चिंतको ने की थी। मुख्य विरोध उत्तर प्रदेश और बिहार से ही शुरू हुआ था। बाढ़ के बीच जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग ने उत्सव मनाने के आधिकारिक निर्देश जारी किए , जिन्हें बाद में वापस लिया गया। प्रथम दृष्टया, यह प्रश्न उचित प्रतीत होता है। इस स्तर के बड़े आयोजनों में जहां 33 लाख मिट्टी के दिये, 65 लाख बातियां, लगभग 55 हजार लीटर सरसों का तेल और 150 किलो कपूर का इस्तेमाल होने वाला है । इन व्यवस्थाओं में होने वाले खर्चों का योग कितने अंकों तक पहुंचता है? इसका अनुमान ही हम लगा सकते हैं। परन्तु एक दूसरा व्यावसायिक पक्ष यह भी है कि इस एकमुश्त मांग की आपूर्ति में कई छोटे-बड़े व्यापारी, व्यवसायी या श्रमिक वर्ग लगे होते हैं। इन बड़े आयोजनों के माध्यम से, वह पर्याप्त लाभ व रोजगार पाते हैं। पर्यटन, विज्ञापन और स्पॉन्सरशिप के माध्यम से राजकीय कोष को भी प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष लाभ पहुंचता है। वालंटियर के रूप में महाविद्यालयों के छात्रों का सहयोग,उन्हें संस्कृति से जुड़ने और परस्पर समन्वय के अवसर प्रदान करता है। भव्य आयोजनों से प्रतिष्ठित होती, नगर विशेष की अंतर्राष्ट्रीय छवि संपूर्ण राष्ट्र के लिए प्रगति के पथ को प्रशस्त करती है। अयोध्या में होने वाले दीपोत्सव को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखे जाने की अनिवार्यता को भी समझना चाहिए। मिट्टी के दीपक, बातियां, घी और सरसों का तेल पूर्णतः बायो डिग्रेडेबल हैं, अर्थात यह सभी सरलता से विघटित हो पुनः मिट्टी अथवा कार्बन स्वरूप में मिल जाते हैं। सरसों के तेल में 'एलील थियोआइसोसायनेट' नामक सक्रिय यौगिक होता है,जो तीखी गंध देता है। भारत भूमि के सबसे उन्नत आदर्श मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या में प्रत्येक वर्ष नव-नवीन कीर्तिमान स्थापित करता, भव्य-दिव्य दीपोत्सव का आयोजन, सहज सर्वमान्य होना चाहिए। प्रभु राम तो स्वयं रूपर्वरू अर्थात जोड़ने वाले और ' उत्सव' अर्थात ऊपर उठते श्रेष्ठतम यज्ञ,उत्पत्ति और आनंद के स्वरूप हैं। यह तो हमारा दृष्टिकोण है कि, हम प्रभु मूर्त को किस दृष्टि से देख पाते हैं । जैसा कि, श्री राम चरित्र मानस में गोस्वामी तुलसीदास जी लिखते हैंः- 'जाकी रही भावना जैसी। प्रभु मूरति देखी तिन्ह तैसी॥

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

चरित्र गठन की व्यायामशाला है संसार



संकलित

दर्शन

संसार न तो अच्छा है, ना बुरा। प्रत्येक मनुष्य अपने लिए अपना-अपना संसार बना लेता है। हमारी मानसिक अवस्था के अनुसार ही हमें यह संसार भला या बुरा प्रतीत होता है। अग्नि स्वयं में अच्छी है न बुरी। जब यह हमें गर्म रखती है, तो हम कहते हैं यह कितनी अच्छी है, जब हमारी अंगुली जल जाती है, तो हम इसे दोष देते हैं। यही हाल संसार का है। संसार स्वयं पूर्ण है। पूर्ण का अर्थ यह है कि इसमें अपने सभी प्रयोजन पूर्ण करने की क्षमता है। हमें जान लेना चाहिए कि हमारे बिना भी यह संसार बड़े मजे से चलता जाएगा। हमें उसकी सहायता करने के लिए माथापच्ची करने की आवश्यकता नहीं। परंतु फिर भी हमें सदैव परोपकार करते ही रहना चाहिए। यदि हम सदैव यह ध्यान रखें कि दूसरों की सहायता करना एक सौभाग्य है, तो परोपकार करने की इच्छा एक सर्वोत्तम प्रेरणा शक्ति है। एक दाता के ऊंचे आसन पर खड़े होकर अपने हाथ में दो पैसे लेकर यह मत कहो, 'ऐ भिखारी, ले, मैं तुझे यह देता हूं।' तुम स्वयं इस बात के लिए कृतज्ञ होओ कि इस संसार में तुम्हें अपनी दयालुता का प्रयोग करने और इस प्रकार पूर्ण होने का अवसर प्राप्त हुआ। धन्य पाने वाला नहीं, देने वाला होता है। भलाई के सभी कार्य हमें शुद्ध और पूर्ण बनाने में सहायता करते हैं। यह संसार न तो तुम्हारी सहायता का भूखा है और ना मेरी। परंतु फिर भी हमें निरंतर कार्य करते रहना चाहिए, परोपकार करते रहना चाहिए। क्योंकि इससे हमारा ही भला है। यही एक साधन है, जिससे हम पूर्ण बन सकते हैं। यदि हमने किसी गरीब को कुछ दिया, तो वास्तव में हम पर उसका आभार है, क्योंकि उसने हमें इस बात का अवसर दिया कि हम अपनी दया की भावना उस पर काम में ला सकें।

मूर्ख साधू और ठग



संकलित

प्रेरणा

किसी गांव के मंदिर में देव शर्मा नाम का एक प्रतिष्ठित साधू रहता था। उसे अपने भक्तों से दान में तरह- तरह के वस्त्र, उपहार, खाद्य सामग्री और पैसे मिलते थे। उन वस्त्रों को बेचकर साधू ने काफी धन जमा कर लिया था। वह अपने धन को एक पोटली में रखता था और उसे हमेशा अपने साथ लेकर ही चलता था। उसी गाँव में एक ठग रहता था। ठग हमेशा साधू का पीछा किया करता था, लेकिन साधू उस गठरी को कभी अपने से अलग नहीं होने देता। उसने साधू से मिन्नत की कि वह उसे अपना शिष्य बना ले क्योंकि वह ज्ञान प्राप्त करना चाहता था। साधू तैयार हो गया और इस तरह से वह ठग साधू के साथ ही मंदिर में रहने लगा। ठग मंदिर की साफ सफाई से लेकर अन्य सभी कार्य भी करता था। एक दिन साधू को पास के गांव में एक अनुष्ठान के लिए आमंत्रित किया गया, साधू ने वह आमंत्रण स्वीकार किया और निश्चित दिन साधू अपने शिष्य के साथ अनुष्ठान में भाग लेने के लिए निकल पड़ा। रास्ते में एक नदी पड़ी और साधू ने स्नान करने की इच्छा व्यक्त की। उसने पैसों की गठरी को एक कम्बल के भीतर रखा और उसे नदी के किनारे रख दिया। उसने ठग से सामान की रखवाली करने को कहा और खुद नहाने चला गया। ठग को तो कब से इसी पल का इंतजार था। जैसे ही साधू नदी में डुबकी लगाने गया, वह रुपयों की गठरी लेकर चम्पत हो गया। शिक्षाः किसी अजनबी की चिकनी चुपड़ी बातों में आकर ही उस पर विश्वास नहीं कर लेना चाहिए।

सटाका



आज की पाती

अपराध की काली कमाई सफेद करने का धंधा

मनी लॉन्ड्रिंग अर्थात धनशोधन आज केवल आर्थिक अपराध नहीं रह गया है, बल्कि यह संगठित अपराध, भ्रष्टाचार, मादक पदार्थों की तस्करी, आतंकवाद और अवैध व्यापार के लिए एक महत्वपूर्ण वित्तीय आधार बन चुका है। सामान्य शब्दों में कहें तो मनी लॉन्ड्रिंग वह प्रक्रिया है जिसके माध्यम से अपराध से अर्जित धन के वास्तविक स्रोत को छिपाकर उसे वैध अथवा कानूनी रूप से अर्जित धन के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। अपराधी जानते हैं कि केवल अवैध तरीके से धन कमाना पर्याप्त नहीं है। उस धन को ऐसी व्यवस्था में शामिल करना भी आवश्यक है जिससे उसकी वास्तविक उत्पत्ति का पता लगाना कठिन हो जाए।

– राजेश शर्मा, हिसार

करंट अफेयर

न्यूयॉर्क में 30 साल में पहली बार खसरे से बच्चे की मौत

अमेरिका के न्यूयॉर्क राज्य के उत्तरी ग्रामीण इलाके में खसरे से संक्रमित एक बच्चे की मौत हो गई है। राज्य के अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि पिछले 30 साल में राज्य में खसरे से मौत का यह पहला मामला है। न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल ने बताया कि बच्चे की मौत सिरैक्यूज से करीब 93 150 किलोमीटर उत्तर में स्थित लुईस काउंटी में हुई। अमेरिका ने उच्च टीकाकरण दर बनाए रखकर 2000 में देश के भीतर खसरे के प्रसार को रोक दिया था। हाल के वर्षों में टीकाकरण की दर में गिरावट आई है और यह इस बीमारी के प्रकोप को रोकने के लिए जरूरी 95 प्रतिशत के स्तर से नीचे पहुंच गई है। डेमोक्रेटिक पार्टी की नेता होचुल ने बच्चे की मौत पर दुख जताते हुए कहा, ' 'यह घटना इस बात की याद दिलाती है कि जब वाशिंगटन जानबूझकर अमेरिकियों को ऐसी बीमारियों से बचाने की दशकों की प्रगति को कमजोर करता है तो कितना कुछ दांव पर लग जाता है।'' रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (सीडीसी) ने इस साल अमेरिका में खसरे से संबंधित तीन मौतों की पुष्टि की है। विभिन्न राज्यों के स्वास्थ्य विभागों ने इससे अधिक मौतों की जानकारी दी है।



ऑफ बीट

अब बलगम का रंग बताएगा आपकी सेहत

क्या आपने कभी सोचा है कि जब आप बीमार होते हैं तो आपके बलगम का रंग अलग क्यों होता है? शायद आप यह सवाल पूछने वाले पहले व्यक्ति नहीं हैं। वास्तव में कई कारण हैं कि जब आप बीमार होते हैं तो आपके नाक के बलगम का रंग बदल जाता है। नाक के बलगम का रंग और गाढ़ापन आपकी रोग प्रतिरोध प्रणाली के बारे में रोचक जानकारी दे सकता है, और यह भी बता सकता है कि आपका शरीर बीमारियों के प्रति कैसे प्रतिक्रिया करता है। बलगम हमारे नाक के मार्ग में स्थित ऊतकों द्वारा निर्मित होता है। अक्सर इसे केवल एक दिक्कत के रूप में देखा जाता है, लेकिन बलगम एक बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। असल में यह एक सुरक्षात्मक अवरोधक के रूप में कार्य करता है, जो धूल, किटाणु, वायरस और अन्य कणों को श्वसन प्रणाली के गहरे भागों तक पहुंचने से रोकता है। हमारे नाक के बलगम में मौजूद लाइसोजाइम और लैक्टोफेरिन जैसे एंजाइम में रोगाणुरोधी गुण भी होते हैं। वे किटाणु की कोशिका को तोड़ते हैं और किटाणु के विकास को सीमित करने में मदद करते हैं। यह सुरक्षात्मक भूमिका बलगम को प्रतिरोधक की एक महत्वपूर्ण रेखा बनाती है, ऐसे समय में भी जब हम अस्वस्थ न हों।



ट्रेंड

पिंक लाइन

पुणे मेट्रो की नई 'पिंक लाइन' इतनी खास क्यों है? यह 23 किमी लंबी लाइन हिंजवडी के आईटी हब को शिवाजीनगर से जोड़ती है। इसका संचालन महिलाएं करेंगी। इससे पुणे में 'जीवन सुगमता' को काफी बढ़ावा मिलेगा! -नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



सेहत के साथ खिलवाड़ नहीं

तुर्कमान गेट पर 7,000 किलो मिलावटी खोया जब्त किया गया! त्योहारी सीजन के दौरान और पूरे साल दिल्ली भर में छापेमारी तेज की जाएगी। यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। किसी को भी मुनाफे के लिए लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ करने की इजाजत नहीं दी जाएगी।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली



बीजेपी खुद अराजक

बीजेपी तो खुद ही अराजकता है! बीजेपी के राज में कोई अपराधी नहीं पकड़ा जाएगा, क्योंकि अपराधी चाहे जो भी हो, वह बीजेपी में कहीं न कहीं कोई पदाधिकारी जरूर होगा। महिलाओं के आंसू बीजेपी की सत्ता को बहा ले जाएंगे!

- अखिलेश यादव, सांसद, सपा



महंगाई मुक्ति यात्रा

भ्रष्टाचार और आसमान छूती कीमतों के खिलाफ गोवा के लोगों को एकजुट करने के संकल्प के साथ 'आप' 26 नवंबर से 19 दिसंबर तक 'महंगाई मुक्ति यात्रा' शुरू करेगी। हमारी व्यापक और परखी हुई गारंटियां सरल और सीधा समाधान देती हैं। -अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली



अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016

aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।



स्वदेशी मेले में पहुंचे सांसद आलोक शर्मा, 24 अक्टूबर से किया जा रहा है आयोजन, आज होगा समापन

स्वदेशी अपनाकर ही भारत बनेगा आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारत को वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर और मजबूत राष्ट्र बनाना है तो स्वदेशी अपनाना होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी अपने संबोधनों में कई बार स्वदेशी के महत्व को रेखांकित कर चुके हैं। जब भी कोई विदेशी अतिथि भारत आता है, तो प्रधानमंत्री उसे स्वदेशी उत्पाद भेंट कर देश की परंपरा और सामर्थ्य से परिचित कराते हैं। यह बात भोपाल सांसद आलोक शर्मा ने स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वर्णिम भारतवर्ष फाउंडेशन द्वारा शासकीय मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय परिसर में आयोजित स्वदेशी मेले के 11वें दिन कही।



प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते मंच के पदाधिकारी और अतिथि।

राष्ट्र के लिए अपने योगदान पर हुआ विचार-विमर्श

मेले में राष्ट्र उत्थान के विषय पर उपस्थित लोगों के बीच विचार-विमर्श किया गया। इसमें प्रश्न रखा गया कि प्रत्येक व्यक्ति अपने दिन में से कितना समय देश के लिए समर्पित कर सकता है। योगदान का अर्थ किसी गतिविधि से नहीं, बल्कि अपने दैनिक कार्यों के माध्यम से देश को मजबूत बनाने से है।



मेले में स्वदेशी वस्तुओं की खरीदारी करते सांसद शर्मा।

देश को मजबूत बनाने समाज को आगे आना होगा: मनोरंजन

भाजपा मप्र के मोर्चा प्रभारी मनोरंजन मिश्रा ने कहा कि वर्ष 1991 में जब वैश्वीकरण की चर्चा हो रही थी, उस समय स्वदेशी के विचार पर भी गंभीर विमर्श शुरू हुआ था। भोपाल में अध्ययन के दौरान उन्होंने पहली बार स्वदेशी के बारे में सुना था। उस समय उम्र कम होने के कारण इसकी व्यापकता को समझ नहीं पाए थे, लेकिन आज मेले में वक्ताओं के विचार सुनकर यहां की गतिविधियों को देखकर स्वदेशी का महत्व समझ में आता है।

विभिन्न रंगारंग प्रस्तुतियां हुईं

मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लोक नृत्य, गायन और वादन सहित विभिन्न रंगारंग प्रस्तुतियां हुईं। कार्यक्रम में मेला संयोजक सतीश विश्वकर्मा, मंच के मध्य क्षेत्र संयोजक सुधीर दाते, स्वर्णिम भारतवर्ष फाउंडेशन के सीईओ साकेत सिंह राठौड़, सांसद आलोक शर्मा, भाजपा मप्र के मोर्चा प्रभारी मनोरंजन मिश्रा, भाकिसं अध्यक्ष सर्वज्ञ दीवान, राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विवि के संजीव शर्मा, स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत संयोजक श्रीकांत बुधौलिया, स्वदेशी जागरण मंच मध्यभारत प्रांत महिला कार्य प्रमुख एवं मेले के सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतियोगिता संयोजक सीमा भारद्वाज, मेला सह संयोजक दीपक वर्मा, रमन तिवारी और विनय कुमार सोनी, अभिषेक तिवारी, हरिओम सेन महेंद्र चौहान, वीरेंद्र पटेल, अश्विनी कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

तीन दिवसीय 71वां मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह का समापन

केसरिया बालम से रेशम का रुमाल तक... मामे खान के सुरों में झूम उठा परेड ग्राउंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जैसलमेर की तपती मरुधरा से उठी लोक संगीत की सुरीली बयार जब भोपाल पहुंची, तो लाल परेड ग्राउंड राजस्थानी रंगों में सराबोर हो उठा। कहीं 'केसरिया बालम' की पारंपरिक मिठास थी, तो कहीं 'छाप तिलक' का सूफियाना सुरूर। कभी 'चौधरी' की लोक लय पर कदम थिरके, तो कभी 'रेशम का रूमाल' की चंचल धुन ने माहौल में मस्ती घोल दी।

मप्र स्थापना दिवस समारोह की अंतिम सांस्कृतिक संध्या में राजस्थान के प्रसिद्ध लोक गायक मामे खान और उनके साथी कलाकारों ने अपनी दमदार आवाज और विशिष्ट गायन शैली से संगीत का ऐसा जादू बिखेरा कि श्रोता देर तक सुरों के साथ झूमते रहे। मामे खान ने अपनी प्रस्तुति की शुरुआत 'केसरिया बालम' से की। इसके बाद 'वंदे मातरम्' की प्रस्तुति ने देशभक्ति का रंग घोला। 'बावरे', 'चौधरी' और 'बदरी बदरिया' जैसे गीतों ने लोक संगीत की ऊर्जा और मिठास से दर्शकों को जोड़ दिया।

दर्शकों से ठसाठस भरा रहा लाल परेड ग्राउंड





मेले में प्रस्तुति देते राजस्थानी सिंगर मामे खान। लाल परेड ग्राउंड में बड़ी संख्या में लोग खान की प्रस्तुति को सुनने पहुंचे।

सुरों की अलग ही दुनिया का लिया लुत्फ

संगीत की इस महफिल में सूफियाना रंग भी खूब चढ़ा। 'छाप तिलक', 'सांसों की माला', 'दमादम मस्त कलंदर' और 'मेरे रश्के कमर' जैसी प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को सुरों की अलग ही दुनिया में पहुंचा दिया। वहीं 'मां तुझे सलाम', 'श्रीकृष्ण गोविंद', 'लाल पीली अखियां', 'लागी रे लगन', 'बंजारा झूम', 'तू बूंद-बूंद' और 'सानू इक पल' जैसे गीतों ने संगीत की विविधता को खूबसूरती से प्रस्तुत किया। तो वहीं 'महादेवा शिवा ट्रिलॉजी' की प्रस्तुति ने आध्यात्मिक भावों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया।

जनजातीय जीवन के रंगों से गुलजार मंच

15 से अधिक पीढ़ियों की संगीत परंपरा से जुड़े परिवार में पले-बढ़े मामे खान की प्रस्तुति के साथ ही स्थापना दिवस समारोह के अंतिम दिवस सर्वप्रथम पूर्वरंग में लोक एवं जनजातीय नृत्य प्रस्तुतियां हुईं। इसका प्रारंभ भारिया जनजातीय भड़म नृत्य के साथ हुआ। पारंपरिक लय, सामूहिक गतियों और स्थानीय सांस्कृतिक विशेषताओं से सजी इस प्रस्तुति ने भारिया जनजाति जीवन के रंगों को मंच पर साकार किया।



प्रसिद्ध गायक मामे खान से हरिभूमि की खास बातचीत

लोक संगीत की भावनाओं और आत्मा को एआई कभी पैदा नहीं कर सकता...

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एआई और तकनीक का इस्तेमाल करना गलत नहीं है, इसे एक टूल या इंस्ट्रूमेंट की तरह इस्तेमाल करें, लेकिन संगीत की भावनाएं और उसकी आत्मा एआई कभी पैदा नहीं कर सकता, चाहे लोक संगीत हो या शास्त्रीय संगीत, संगीत की जो भावनाएं होती हैं, वे इंसान के अनुभव और संवेदनाओं से आती हैं, रही बात लोक संगीत की तो यह एक कहानी है, एक परिवार है, इसे एआई कभी पैदा नहीं कर सकता.... यह कहना है प्रसिद्ध गायक मामे खान का, जो मंगलवार को स्थापना दिवस समारोह में प्रस्तुति देने आए और हरिभूमि से बातचीत में उन्होंने अपने जीवन से जुड़े अनुभव साझा किए।

नहीं सोचा था 'चौधरी' इतना बड़ा हिट होगा

अपने सुपर हिट सांग 'चौधरी' को लेकर उन्होंने कहा कि हमने कभी नहीं सोचा था कि यह गाना इतना बड़ा हिट होगा। हम तो बस गाने गए, इसकी बोल धुन अच्छी थीं, इसमें आठ रागों का इस्तेमाल हुआ और इसमें राजस्थानी संगीत की झलक भी नजर आती है।

गीत के भाव ही आपकी आवाज में उतर आते हैं

वहीं अपने गीत 'बावरे' की रिकॉर्डिंग की बात करते हुए उन्होंने कहा कि इस गीत को गाने हम अपने पारंपरिक परिधान में स्टूडियो पहुंचे, हमने गाना शुरू किया, क्योंकि किसी भी गीत को गाते समय उसके बोल और भावनाओं को समझना बहुत जरूरी है। यह समझना पड़ता है कि गीत खुशी का है, प्रेम का है या नृत्य प्रधान है। जब आप गीत के भाव को समझ लेते हैं तो वही भावना आपकी आवाज में अपने आप उतर आती है।



डॉ. रेणु श्रीवास्तव को बुन्देली गीता के लिए लोकभाषा सम्मान

भोपाल। भगवद्गीता के आध्यात्मिक एवं दार्शनिक संदेशों को बुंदेली में अभिव्यक्त करने का प्रयास करने के लिए राजधानी की विदुषी डॉ. रेणु श्रीवास्तव को लोकभाषा सम्मान से सम्मानित किया गया है। स्व. डॉ. पूरन चन्द्र श्रीवास्तव की स्मृति में दिया जाने वाला यह सम्मान इस वर्ष बुंदेली गीता कृति के लिए प्रदान किया गया है। अंतरराष्ट्रीय साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था कादम्बरी द्वारा यह सम्मान लोकभाषा एवं साहित्य के प्रति समर्पित रचनाकारों के योगदान में भूमिका निभाने वाले लेखकों को प्रदान किया जाता है।



स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी में 'दिवाली स्किल वाली 2026' का आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कहीं हाथों से तैयार आकर्षक कैंडल्स और होम डेकोर की चमक, कहीं रंग-बिरंगी ज्वैलरी और हस्तशिल्प की खूबसूरती, तो कहीं जायकेदार व्यंजनों की खुशबू...। दीपावली के उत्साह में जब हुनर और रचनात्मकता का रंग घुला तो स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी का परिसर उत्सव के अनूठे संसार में बदल गया।

मौका था विश्वविद्यालय के दो दिवसीय वार्षिक आयोजन 'दिवाली स्किल वाली 2026' का। पहले दिन करीब 3000 विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ सहभागिता की। कार्यक्रम में चांसलर डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी, कुलगुरु डॉ. विजय सिंह और कुलसचिव डॉ. सितेश कुमार सिन्हा उपस्थित रहे।

हुनर के रंग, स्वदेशी का संग और संगीत की मधुर धुन पर झूमे विवि के 3 हजार विद्यार्थी

क्रिएटिव स्टॉल्स से लेकर फैशन शो और डीजे नाइट तक दिखा उत्सव का अनूठा अंदाज



स्टॉल का अवलोकन

ओपन माइक पर सुर और कदमों से बिखेरी प्रतिभा

ओपन माइक सेशन में विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का खुला मंच मिला। किसी ने डांस से समां बांधा तो किसी ने संगीत के जरिए अपनी अभिव्यक्ति को आवाज दी।

फूड जोन में परंपरा और स्वाद का तड़का

उत्सव का जायकेदार पड़ाव फूड जोन रहा, जहां लोकप्रिय व्यंजनों ने विद्यार्थियों को आकर्षित किया। कुल्हड़ शोरबा, चिली गार्लिक नूडल्स, पापड़ी चाट, लिट्टी-चोखा और छोले-भटूरे जैसे व्यंजनों का स्वाद लेने के लिए विद्यार्थियों की भीड़ जुटी रही।

फैशन शो में रैंप पर दिखा आत्मविश्वास



शाम ढलते ही फ्रेशर्स नाइट ने आयोजन में मनोरंजन का नया रंग भर दिया। फैशन शो में विद्यार्थियों ने आकर्षक परिधानों के साथ रैंप पर अपनी फैशन सेंस और आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया।

पुस्तक में हैं अधिकारियों-कर्मचारियों के अनुभव

आकाशवाणी की स्मृतियों पर आधारित 'आकाशवाणी सप्तक' का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आकाशवाणी भोपाल के स्थापना दिवस पर आयोजित समारोह में पुस्तक 'आकाशवाणी सप्तक : स्मृतियों से भविष्य की ओर' का विमोचन मध्य प्रदेश साहित्य अकादमी के निदेशक डॉ. विकास दवे, क्लस्टर हेड लोकेश कुमार और कार्यक्रम प्रमुख शुभम तिवारी सहित अन्य अतिथियों ने किया। पुस्तक में आकाशवाणी से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने अनुभवों और संस्मरणों के माध्यम से केंद्र की विकास यात्रा और गौरवशाली परंपरा को संजोया है। मुख्य वक्ता डॉ. विकास दवे ने आकाशवाणी की सांस्कृतिक एवं सामाजिक भूमिका को रेखांकित किया।



पुस्तक का विमोचन करते अतिथि।

संपादक अमिता ने बताए उद्देश्य

पुस्तक संपादक अमिता त्रिवेदी ने इसकी परिकल्पना और उद्देश्य बताए। इस अवसर पर सेवानिवृत्त उपनिदेशक धर्मेंद्र श्रीवास्तव, पूर्व कार्यक्रम प्रमुख रेखा श्रीवास्तव , केंद्रीय संचार ब्यूरो के उपनिदेशक शारिक नूर तथा पूर्व सहायक पुस्तकालय एवं सूचना अधिकारी उर्मिला पौराणिक ने अपने विचार साझा किए। पुस्तक की संपादक अमिता त्रिवेदी ने इसकी परिकल्पना एवं उद्देश्य पर प्रकाश डाला।

साइकोलॉजी फैकल्टी ने किया संवाद

आनंदम केन्द्र में रंगों और मंडला चक्रों से मेंटल हैल्थ अवेयरनेस



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आनंदम केन्द्र में मंगलवार शाम बच्चे मंडला आर्ट के चक्रों को अपने मनपसंद रंगों से रंग कर सुंदर डिजाइन बना रहे थे। चटकीले रंगों में रंगे मंडला चक्र से बच्चों की रचनात्मक कल्पना दिख रही थी। करियर कालेज, ह्यूमैनिटी विभाग के छात्र और शिक्षकों द्वारा हैल्पबॉक्स फाउण्डेशन द्वारा संचालित आनंदम केन्द्र में मेंटल हैल्थ पर इंटरेक्टिव सेशन लिया गया। इस अवसर पर सायकोलॉजी फैकल्टी डॉ. निदा फातिमा और मुस्कान समैया द्वारा पेंटिंग एवं रंगों के प्रभाव से एकाग्रता बढ़ाने पर बच्चों से संवाद किया। अवेयरनेस सेशन में आनंदम केंद्र के 60 से अधिक बच्चे शामिल हुए।

2027 दीपों की रोशनी से जगमगाया गौहर महल का दीवान-ए-खास

दीपों की स्वर्णिम आभा में साकार हुआ विकसित मध्यप्रदेश का संकल्प



दीप प्रज्ज्वलित करती एक महिला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ऐतिहासिक गौहर महल मंगलवार की शाम दीपों की स्वर्णिम आभा से आलोकित हो उठा। मप्र हस्तशिल्प एवं हथकरघा विकास निगम की ओर से आयोजित दीपोत्सव मेले में जब शाम की बेला ढलते ही 2027 दीप प्रज्ज्वलित किए गए। एक साथ 'विकसित मध्यप्रदेश' थीम से सजे दीपों को प्रज्ज्वलित किया, जिसकी सुनहरी रोशनी ने महल के दीवान-ए-खास को ऐसा अलौकिक स्वरूप प्रदान किया कि पूरा परिसर प्रकाश, उल्लास और सांस्कृतिक आभा से सराबोर हो गया। यह आयोजन वर्ष 2026 की विदाई बेला और नववर्ष 2027 के स्वागत की भावनाओं को समर्पित रहा।



दीपोत्सव के दौरान महिलाएं दीप प्रज्ज्वलित करती हुईं।

भारतीय संस्कृति की सनातन परंपरा का कराया स्मरण

इस मौके पर दीपों की कतारों ने ऐतिहासिक स्थापत्य की खूबसूरती में नई चमक भर दी। महल की प्राचीन दीवारों, मेहराबों और पारंपरिक वास्तुशिल्प के बीच जलते दीपों का दृश्य भारतीय संस्कृति की उस सनातन परंपरा का स्मरण करा रहा था, जिसमें दीप केवल रोशनी का माध्यम नहीं, बल्कि आशा, सकारात्मकता, ज्ञान और मंगलकामना के प्रतीक माने जाते हैं।

स्वदेशी शिल्प व स्थानीय कारीगरों को दी रचनात्मक अभिव्यक्ति

दीवान-ए-खास में सजे दीपों की श्रृंखला ने अतीत और वर्तमान के बीच एक सुंदर सांस्कृतिक सेतु निर्मित किया। मिट्टी के दीपों से निकलती लौ ने स्वदेशी शिल्प और स्थानीय कारीगरों की रचनात्मकता को भी विशेष अभिव्यक्ति दी। दीपोत्सव मेले का उद्देश्य पारंपरिक हस्तशिल्प, माटीकला और स्थानीय कलाकारों को प्रोत्साहन देने के साथ भारतीय उत्सव परंपराओं को जीवंत बनाए रखना है।

फाइनल मैच में टीआईटी कॉलेज को 54 रन से हराया

टीआईटी को हराकर राधारमण-आरजीपीवी नोडल क्रिकेट टूर्नामेंट का चैंपियन बना राधारमण समूह

रौशन कुमार ने 6 रन देकर झटके 4 विकेट, संदीप पाटले और अरमान की गेंदबाजी से खिताबी जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राधारमण ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के क्रिकेट मैदान पर आयोजित राधारमण आरजीपीवी नोडल क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब मेजबान राधारमण ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस (आरजीआई) ने अपने नाम कर लिया। मंगलवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में राधारमण की टीम ने टीआईटी कॉलेज को 54 रन से हराकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। कप्तान शिवम कुमार के नेतृत्व में राधारमण की टीम ने 19.4 ओवर में 100 रन बनाए। इनमें अनीश रे ने ख्ने 12 और अली शान ने 11 रनों का योगदान दिया। टीआईटी के विपुल यादव ने 14 रन देकर 5 विकेट हासिल किए। जवाब में टीआईटी की टीम ने 26 रन तक अपने 8 विकेट गंवा दिए। राधारमण की ओर से रौशन कुमार ने 4 विकेट झटके। संदीप पाटले ने 3 और अरमान ने 2 विकेट हासिल किए। अनीश रे को एक विकेट मिला। पूरी टीआईटी टीम 12 ओवर में महज 46 रन पर ऑलआउट हो गई। टीआईटी की ओर से रोहित यादव ने 14 और रुपेश मिश्रा ने 10 रन बनाए। राधारमण ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की चेयरपर्सन मनोरमा सक्सेना, चेयरमैन इंजीनियर संजीव सक्सेना, ग्रुप डायरेक्टर डॉ. पी.के. लाहिरी एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. जितेंद्र सक्सेना ने विजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए। चेयरमैन इंजीनियर संजीव सक्सेना ने कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित करते हैं। राधारमण ग्रुप हमेशा विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ खेलों में भी आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करता रहेगा।


विजेता टीम के खिलाड़ी को पुरस्कृत करते अतिथि।


ट्रॉफी और अतिथियों के साथ विजेता टीम।

डेलिशा गुप्ता का राष्ट्रीय कराटे में दोहरा स्वर्णिम प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के एलएन सिटी यूनिवर्सिटी में आयोजित धम्मिका काई चैंपियनशिप कप 2026 में डीपीएस, कोलार रोड, भोपाल की छात्रा डेलिशा गुप्ता ने (सब जुनियार वर्ग) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए काता और कुमिते दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक प्राप्त किए। डेलिशा गुप्ता, राया कराटे अकादमी में सेंसई राम मिश्रा एवं यशस्वी रोतेला के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। उनके इस शानदार प्रदर्शन के लिए डीपीएस की प्राचार्या मुक्ता शर्मा एवं कोऑर्डिनेटर उर्वशी वाधवा ने डेलिशा को बहुत-बहुत बधाई दी।


अपने पदकों के साथ डेलिशा।

19 से 28 नवंबर तक अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बरखेड़ा नाथू में होंगे मुकाबले

मप्र पहली बार करेगा एशियन वूमेंस हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी-2026 की मेजबानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

- 6 देशों के 150 खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का करेंगे प्रदर्शन
- मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव करेंगे प्रतियोगिता का शुभारंभ

सहकारिता, खेल और युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने मंगलवार को टीटी नगर स्टेडियम में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि भोपाल पहली बार प्रतिष्ठित एशियन वूमेंस हॉकी चैम्पियन्स ट्रॉफी-2026 की मेजबानी करने जा रहा है। आगामी 19 से 28 नवंबर तक अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, बरखेड़ा नाथू, भोपाल में आयोजित होने वाली यह प्रतियोगिता प्रदेश के लिए गौरव, प्रतिष्ठा और अंतर्राष्ट्रीय पहचान का महत्वपूर्ण अवसर है। मंत्री सारंग ने बताया कि एशियन हॉकी फेडरेशन एवं हॉकी इंडिया के सहयोग से पहली बार मप्र में आयोजित हो रही यह वर्ल्ड रैंकिंग प्रतियोगिता 19 नवंबर को भव्य समारोह के साथ प्रारंभ होगी। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में किया जाएगा। प्रतियोगिता में एशिया की 6 शीर्ष महिला हॉकी टीमें भारत, जापान, चीन, मलेशिया, कोरिया और थाईलैंड भाग लेंगी। इसमें लगभग 150 अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी अपनी प्रतिभा, कौशल और खेल भावना का प्रदर्शन करेंगी। स्टेडियम में एक साथ लगभग 5 हजार दर्शकों के बैठने की व्यवस्था रहेगी। इस अवसर पर आयोजन से संबंधित एमओयू की प्रक्रिया भी पूर्ण की गई। प्रतियोगिता का लाइव प्रसारण 166 देशों में किया जाएगा।


एमओयू के दौरान मंत्री सारंग और खेल विभाग के अधिकारी।

- प्रतियोगिता का लाइव प्रसारण 166 देशों में किया जाएगा
- मंत्री विश्वास सारंग की उपस्थिति में आयोजन से संबंधित एमओयू की महत्वपूर्ण प्रक्रिया पूर्ण
- भारत, जापान, चीन, मलेशिया, कोरिया और थाईलैंड की 150 अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का करेंगी प्रदर्शन

फ्लड लाइट की रोशनी में होंगे रोमांचक डे-नाइट मुकाबले

मंत्री सारंग ने बताया कि प्रतियोगिता के सभी मुकाबले डे-नाइट फॉर्मेट में फ्लड लाइट की रोशनी में खेले जाएंगे। प्रतिदिन तीन-तीन मुकाबले आयोजित होंगे। आयोजन को खेल प्रतियोगिता तक सीमित न रखते हुए प्रदेश की समृद्ध जनजातीय संस्कृति, पारंपरिक खानपान और लोककलाओं को भी अंतर्राष्ट्रीय मंच प्रदान किया जाएगा। इसके लिए विशेष ट्राइबल फूड एवं आर्ट स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक विरासत और पारंपरिक व्यंजनों को प्रदर्शित किया जाएगा।

प्रदेश के सभी संभागों तक पहुंचेगा ट्रॉफी टूर

सारंग ने बताया कि प्रतियोगिता के प्रचार-प्रसार के लिए विशेष ट्रॉफी टूर आयोजित किया जाएगा। यह टूर भोपाल से प्रारंभ होकर प्रदेश के सभी संभागों तक पहुंचेगा, जहां प्रदेश के मंत्री, सांसद एवं विधायक ट्रॉफी का स्वागत करेंगे। इसके साथ ही उत्कृष्ट खिलाड़ियों, स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों और युवाओं की सहभागिता से रैलियां एवं जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

प्रदेश की बेटियों ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया देश का गौरव

सारंग ने कहा कि भोपाल को यूं ही हॉकी की नर्सरी नहीं कहा जाता। इस शहर और प्रदेश ने भारतीय हॉकी को अनेक प्रतिभाशाली खिलाड़ी दिए हैं। मप्र की महिला हॉकी खिलाड़ियों ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 18 स्वर्ण, 11 रजत और 7 कांस्य सहित कुल 36 पदक अर्जित किए हैं। वहीं राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश की महिला खिलाड़ियों ने 74 स्वर्ण, 34 रजत और 33 कांस्य सहित कुल 141 पदक अपने नाम किए हैं।

एलएनसीटी-आरजीपीवी नोडल कराते प्रतियोगिता

कराते में एलएनसीटी समूह के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी), भोपाल के तत्वावधान में लक्ष्मी नारायण कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस (एलएनसीटीएस) द्वारा आयोजित आरजीपीवी नोडल स्तरीय कराते प्रतियोगिता 2026–27 का आयोजन एलएनसीटी यूनिवर्सिटी, कोलार रोड में किया गया। इनमें पुरुष वर्ग में 50 किग्रा मनु सूर्यवंशी (जेएनसीटी), 55 किग्रा में जयवीर सिंह (जेएनसीटी), 60 किग्रा में हाजिक अहमद मंसूरी (जेएनसीटी), 67 किग्रा में सूर्यांश राय (ओआईएसटी), 75 किग्रा में पार्थ कटारे (ओआईएसटी), 84 किग्रा में रजत एस. पिल्लई (वीएनएस) तथा 84 किग्रा से अधिक भार वर्ग में आकाश सुमनोरिया (एलएनसीटी) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पुरुष काता स्पर्धा में रजत एस. पिल्लई (वीएनएस) प्रथम एवं पार्थ कटरे (ओआईएसटी) द्वितीय रहे।

महिला वर्ग में 45 किग्रा में माही मरकन (एसआईआरटी), 50 किग्रा में हर्षाली बंजारा (एसआईआरटी), 55 किग्रा में गुंजन नागले (जीडब्ल्यूपीसी), 61 किग्रा में नियति नामदेव (एलएनसीटी), 68 किग्रा में दीपिका भलावी (सिस्टेक) तथा 68 किलोग्राम से अधिक भार वर्ग में आस्था अग्रवाल (एलएनसीटीई) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। महिला काता में आस्था अग्रवाल (एलएनसीटीई) प्रथम एवं हर्षाली बंजारा (एसआईआरटी) द्वितीय रहीं। एलएनसीटी के पुरुष वर्ग में आकाश सुमनोरिया ने 84 किग्रा से अधिक भार वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में नियति नामदेव ने 61 किलोग्राम भार वर्ग में प्रथम तथा अंशु साहू ने 55 किलोग्राम भार वर्ग में द्वितीय स्थान हासिल किया। आस्था अग्रवाल ने 68 किलोग्राम से अधिक भार वर्ग एवं महिला काता स्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त कर समूह का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता का तकनीकी संचालन अंशुजॉय दास ने निभाई, जबकि पलाश समाधिया ने मुख्य निर्णायक की भूमिका निभाई।



खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते अतिथि।

इन्होंने किया खिलाड़ियों को मेडल से पुरस्कृत

प्रतियोगिता के समापन अवसर पर डॉ. के.टी. चतुर्वेदी, अधिष्ठाता छात्र कल्याण (डीएसडब्ल्यू), आरजीपीवी भोपाल; पंकज कुमार जैन, स्पोर्ट्स डायरेक्टर, एलएनसीटी समूह, भोपाल एवं महेश सोंधिया, प्रतियोगिता सचिव द्वारा विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें आगामी प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

31 अक्टूबर से 6 नवंबर तक यूनिवर्सिटी ऑफ जयपुर में आयोजित की जा रही प्रतियोगिता

वेस्ट ज़ोन इंटर यूनिवर्सिटी हॉकी प्रतियोगिता में भाग लेने आरएनटीयू की महिला हॉकी टीम जयपुर रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रवींद्र नाथ टैगौर विश्वविद्यालय (आरएनटीयू) की महिला हॉकी टीम वेस्ट ज़ोन इंटर यूनिवर्सिटी खेल प्रतियोगिता में भाग लेने जयपुर, रवाना हो गई। यह प्रतियोगिता 31 अक्टूबर से 6 नवंबर तक यूनिवर्सिटी ऑफ जयपुर में आयोजित की जा रही है। आरएनटीयू की टीम में सोनम राणा, आश्रिता ठाकुर, पलक गुप्ता, आयुषी पटेल, समीक्षा यादव, हुडा खान, कनक पाल , सुजाता जयंता, साक्षी जैन, योगिता वर्मा, लवदीप कौर गिल, पूजा कोरी, हिरवा पुरोहित, नेहा साउता, गोलकीपर कृष्णा परिहार, दीक्षा भार्गव, मुनमुनी दास एवं अमना अजीज शामिल हैं।



राष्ट्रीय एरोबिक्स चैंपियनशिप में किया शानदार प्रदर्शन

सेज इंटरनेशनल स्कूल की बॉयज टीम ने जीता स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सेज इंटरनेशनल स्कूल की बालक टीम ने पुणे में आयोजित सीबीएसई नेशनल एरोबिक्स चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया और विद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया।

इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर के लगभग 143 विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन 3 राउंड में किया गया। कड़े मुकाबलों के बाद सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली शीर्ष 6 टीमों ने फाइनल में जगह बनाई। फाइनल राउंड में सेज इंटरनेशनल स्कूल की टीम ने अपने शानदार प्रदर्शन, उत्कृष्ट तालमेल और अद्भुत कौशल के दम पर सभी टीमों को पीछे छोड़ते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया और प्रतियोगिता की विजेता बनी। सेज इंटरनेशनल स्कूल, अयोध्या नगर की बॉयज एरोबिक्स टीम के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों अनीश दीपक, यवन तिवारी, अध्रित बैस, ऋषिराज खरे, विराट सिकरवार एवं नवान्श शर्मा ने अपनी शानदार प्रस्तुति से सभी का दिल जीत लिया। प्रशिक्षक सीमा गुप्ता के नेतृत्व में इन खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता के दौरान अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना और उत्कृष्ट खेल कौशल का परिचय देते हुए यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर सेज ग्रुप के सीएमडी इंजीनियर संजीव अग्रवाल एवं मैनेजिंग डायरेक्टर साक्षी अग्रवाल बंसल ने विजेता खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।



विजेता खिलाड़ियों का विद्यालय में अभिनंदन किया गया।

गोवा में ट्रायज़ी एथलीट्स के 9 खिलाड़ियों ने पूरी की व्यक्तिगत स्पर्धा

226.1 कि मी में भोपाल के खिलाड़ियों ने दिखाया दम, अब ओमान में आयरनमैन की तैयारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

तैराकी, साइकिलिंग और दौड़ के कठिन इम्तिहान से गुजरते हुए भोपाल के खिलाड़ियों की टीम 'ट्रायज़ी एथलीट्स' ने दमदार भागीदारी दर्ज कराई। टीम के 28 प्रतिभागियों ने कोच जमरान हसन के दिशा निर्देशन में इस आयोजन में हिस्सा लिया, जिनमें नौ खिलाड़ियों ने व्यक्तिगत स्पर्धा सफलतापूर्वक पूरी की, जबकि चार रिले टीमों ने भी चुनौती का सामना किया। खास बात यह रही कि पांच नन्हे खिलाड़ियों ने भी बाल स्पर्धा में हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा दिखाई। अब टीम की नजर 5 दिसंबर को ओमान में होने वाली पूर्ण आयरनमैन प्रतियोगिता पर है।

तीन खेल, एक लक्ष्य और 113 किलोमीटर से ज्यादा का सफर

आयरनमैन 70.3 दुनिया की कठिन धीरज क्षमता वाली ट्रायथलॉन में शामिल है। इसमें पहले 1.9 किमी तैराकी, फिर 90 किमी साइकिलिंग और अंत में 21.1 किमी दौड़ पूरी करनी होती है। यानी कुल 113 किमी से अधिक की चुनौती। तीनों को तय समय में पूरा करन शारीरिक क्षमता, मानसिक मजबूती और अनुशासन की भी जरूरत होती है।

ऑलराउंड प्रदर्शन कर प्रतीक शुक्ला बने मैच के हीरो

भोपाल ने पहली पारी की 125 रनों की बढ़त पर सीहोर को हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अंडर-22 इंटर डिस्ट्रिक्ट मल्टी डे मैच में भोपाल संभाग ने सीहोर पर पहली पारी में 125 रनों की बढ़त के आधार पर जीत दर्ज की। मैच विदिशा के कनारा ग्राउंड पर खेला गया। भोपाल ने 78 ओवर में 8 विकेट पर 318 रन बनाकर पारी घोषित की। प्रतीक शुक्ला ने 120 रनों की पारी खेली, जबकि ऋषभ पांडेय ने 78 रन बनाए। जवाब में सीहोर की पहली पारी 63.4 ओवर में 193 रन पर सिमट गई। निर्मल मेवाड़ा (58) और विकास (75) ने संघर्ष किया, लेकिन प्रतीक शुक्ला ने 6 विकेट झटके और भोपाल को 125 रनों की बढ़त दिलाई। दूसरी पारी में भोपाल ने 34 ओवर में 7 विकेट पर 115 रन बनाए। वही सीहोर के अनिरुद्ध ठाकुर कऔर कृष्ण शर्मा को 2-2 सफलताएं प्राप्त हुई। पहली पारी की बढ़त के आधार पर भोपाल विजेता रहा। प्रतीक शुक्ला को एमपीसीए सीडीसी के चेयरमैन हर्ष कुमार पांडे ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया ।



शहर के 27 स्कूलों की 60 टीमें ले रही भाग

13वें सेंट जॉर्ज कप अंतरविद्यालयीन खो-खो टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सेंट जॉर्ज ग्रुप द्वारा आयोजित 13वें सेंट जॉर्ज कप अंतरविद्यालयीन खो-खो टूर्नामेंट का शुभारंभ उत्साह एवं खेल भावना के साथ हुआ। भोपाल के प्रतिष्ठित अंतरविद्यालयीन खो-खो टूर्नामेंटों में शामिल इस प्रतियोगिता में शहर के 27 विद्यालयों की 60 टीमों ने भाग लिया। उद्घाटन समारोह का नेतृत्व ग्रुप डायरेक्टर अरुण थॉमस ने किया। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों की टीमों ने शानदार एवं अनुशासित मार्च पास्ट प्रस्तुत किया, जिसके पश्चात खिलाड़ियों को खेल भावना एवं निष्पक्षता की शपथ दिलाई गई।

प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 बालिका वर्ग के रोमांचक मुकाबले आयोजित किए गए। दिनभर के शानदार प्रदर्शन के बाद तीनों आयु वर्गों की सेमीफाइनल टीमों ने अपनी जगह सुनिश्चित की।



अंडर-14

नव निध हस्सोमल, बाल भारती, सेंट जेवियर्स एवं सेंट जॉर्ज सीनियर सेकेंडरी स्कूल।

अंडर-17

सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल, कार्मेल भेल, रुक्मणी देवी एवं सेंट जॉर्ज सीनियर सेकेंडरी स्कूल।

अंडर-19

प्रकाश विद्यालय, सेंट जॉर्ज हायर सेकेंडरी स्कूल, सेंट जोसेफ एवं डी.एम. को-एड स्कूल।

मप्र एमेच्योर कुश्ती संघ की बैठक में नेशनल की तैयारी पर चर्चा

उज्जैन जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष होंगे अभय यादव तो सचिव मुकेश प्रजापत



विश्वामित्र अवार्डी शाकिर नूर को सम्मानित करते अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्य प्रदेश एमेच्योर कुश्ती संघ की वार्षिक बैठक साउथ एवेन्यू होटल इंदौर में मध्य प्रदेश एमेच्योर कुश्ती के अध्यक्ष नारायण यादव की अध्यक्षता में हुई। बैठक मुख्य रूप से आगामी 15-18 दिसंबर तक उज्जैन मध्य प्रदेश में होने वाले सीनियर नेशनल की तैयारी को लेकर प्रदेश कुश्ती के मार्गदर्शक ओलंपियन अर्जुन अवार्डी पप्पू यादव पहलवान द्वारा प्रदेश कुश्ती संघ की कार्यकारिणी लगभग 26-27 जिला इकाइयों के पदाधिकारी से आगामी होने वाले सीनियर नेशनल को एक ऐतिहासिक रूप देने चर्चा की। इसी कड़ी में सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय अनुसार उज्जैन ज़िला कुश्ती संघ के पदाधिकारियों में परिवर्तन करते हुए ज़िला कुश्ती संघ के अध्यक्ष अभय यादव एवं सचिव मुकेश प्रजापत के नामों की घोषणा की गई। ओलंपियन पप्पू यादव ने नारायण यादव के साथ कुश्ती के लिए समर्पित हस्तियों को सम्मानित किया। इनमें विश्वामित्र अवार्डी शिवराम पटेल मऊ, विश्वामित्र अवार्डी उमाशंकर पटेल जबलपुर, विश्वामित्र अवार्डी शाकिर नूर भोपाल, विक्रम अवार्डी ओम प्रकाश खत्री इंदौर समेत सभी उपस्थित सदस्यों को सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम में मौजूद सभी अतिथियों को सम्मानित किया गया।

प्रधानमंत्री मोदी ने वीसी से किया पुणे मेट्रो लाइन 3 (पिंक लाइन) का उद्घाटन

2014 से पहले देश में 248 किलोमीटर लंबा मेट्रो नेटवर्क था, अब 1200 किमी हो गया, मेट्रो सेवाएं केवल 5 शहरों में थी अब 26 शहरों में चल रहीं

भारत दुनिया के शीर्ष 3 मेट्रो नेटवर्क वाले देशों में शामिल

एजेंसी ⏭ पुणे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि 2014 से पहले देश में 248 किलोमीटर लंबा मेट्रो नेटवर्क परिचालन में था जबकि अब यह बढ़कर 1,200 किलोमीटर हो गया है।

2014 में मेट्रो सेवाएं केवल 5 शहरों में उपलब्ध थीं जबकि अब 26 शहरों में मेट्रो चल रही है। हर दिन 1 करोड़ से अधिक लोग मेट्रो से यात्रा करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत अब दुनिया के शीर्ष 3 मेट्रो नेटवर्क वाले देशों में शामिल है।

◆ भारत का मेट्रो नेटवर्क पिछले 12 वर्षों में 248 किमी से बढ़कर 1,200 किमी हुआ



केंद्र और राजग सरकार पूरी मजबूती से किसानों के साथ

मोदी ने कहा कि इस संकट के समय केंद्र और राजग सरकार पूरी मजबूती से किसानों के साथ खड़ी है और उन्हें पूरी संवेदनशीलता के साथ मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे यह सुनिश्चित करें कि इस स्थिति से प्रभावित किसान और ग्रामीण परिवार भी दिवाली मना सकें।

देश सेवा का संकल्प पूरा कर रहा

वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए पुणे मेट्रो लाइन 3 (पिंक लाइन) का उद्घाटन करते हुए मोदी ने कहा कि जब देश ने सेवा करने का मौका दिया तो हमने मध्यम वर्ग के लिए जीवन को आसान बनाने और परिवहन को सुगम बनाने के संकल्प के साथ काम शुरू किया।

सरकार का जोर जन-केंद्रित' और 'सक्रिय सुशासन' पर

देश के शहरी परिवहन बुनियादी ढांचे में व्यापक बदलाव आया

पीएम ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश के शहरी परिवहन बुनियादी ढांचे में व्यापक बदलाव आया है। उन्होंने ने इस बात पर जोर दिया कि पूरे देश में मेट्रो नेटवर्क का विस्तार यह दर्शाता है कि सरकार का जोर 'जन-केंद्रित' और 'सक्रिय सुशासन' पर रहा है। पुणे मेट्रो के विस्तार से कनेक्टिविटी बेहतर होगी, आने-जाने में लगने वाला समय बचेगा और शहर की उत्पादकता बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि बेहतर शहरी बुनियादी ढांचा भारत की आर्थिक वृद्धि को गति देगा। उन्होंने कहा कि हिंजवाडी और शिवाजीनगर के बीच मेट्रो सेवा शुरू होने से पुणे के एक प्रमुख आईटी हब को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी।

680 किलोमीटर से अधिक लंबी मेट्रो लाइन पर काम चल रहा

मोदी ने कहा कि महाराष्ट्र में 2014 में सिर्फ 11 किलोमीटर लंबा मेट्रो नेटवर्क परिचालन में था जो अब बढ़कर लगभग 200 किलोमीटर हो गया है, जबकि 680 किलोमीटर से अधिक लंबी मेट्रो लाइन पर काम जारी है। मोदी ने कहा कि महाराष्ट्र में अकेले मेट्रो बुनियादी ढांचे में 2.5 लाख करोड़ से अधिक का निवेश आ रहा है। इससे रोजगार के अवसर पैदा हो रहे हैं।

लोगों को मिलेंगी कई सुविधाएं

यह कॉरिडोर हिंजवाडी आईटी हब को डिस्ट्रिक्ट कोर्ट मेट्रो स्टेशन से जोड़ेगा। इससे हजारों आईटी पेशेवरों को रोजाना आवागमन में सुविधा मिलने, यातायात जाम कम होने और निजी वाहनों पर निर्भरता घटने की उम्मीद है।

खबर संक्षेप

हरियाणा में बेरोजगारों को मिलेंगे 2000 रुपए



चंडीगढ़। हरियाणा सरकार की शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए बेरोजगारी भत्ता योजना के तहत आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। योजना के तहत 12वीं पास युवाओं को 1200 रुपएऔर स्नातक या इससे अधिक शैक्षणिक योग्यता रखने वाले युवाओं को 2000 रुपए प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा। 30 नवंबर तक आवेदन कर सकते हैं।

'टीम यूरोप पवेलियन' पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत मंडपम में आयोजित 'भारत रिन्यूएबल एनर्जी समिट एवं एक्सपो-2026' के दौरान 'टीम यूरोप पवेलियन' पहुंचे। यह सम्मेलन 2 से 5 नवंबर तक हो रहा। भारत-ईयू स्वच्छ ऊर्जा एवं जलवायु साझेदारी की सराहना की। स्वच्छ ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन, स्मार्ट ग्रिड में सहयोग को मजबूत किया जा रहा है।

भूपेश की याचिका रद्द हस्तक्षेप से इनकार



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने छग के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की नई याचिका खारिज कर दी। इसमें उन्होंने 2023 के विधानसभा चुनाव में पाटन सीट से निर्वाचन को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई के दौरान प्रारंभिक मुद्दा तय करने से इनकार करने के हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी। शीर्ष अदालत ने भी बघेल की याचिका पर हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया था।

इंडी की रैली के बाद 22 प्रदर्शनकारियों पर केस



नई दिल्ली। यहां इंडिया ब्लॉक की रैली के बाद पुलिस ने 22 प्रदर्शनकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। इन प्रदर्शनकारियों को रामलीला मैदान से जंतर-मंतर की ओर मार्च निकालने की कोशिश के दौरान हिरासत में लिया गया था। पुलिस के अनुसार प्रदर्शनकारियों ने निर्धारित अनुमति के दायरे से बाहर जाकर मार्च निकालने का प्रयास किया था।

अनिल ग्रुप की 510 करोड़ की संपत्ति कुर्क



मुंबई। ईडी ने बैंक धोखाधड़ी और वित्तीय अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में रिलायंस अनिल अंबानी ग्रुप पर एक बार फिर बड़ा कानूनी शिकंजा कसा है। समूह से जुड़ी कंपनियों के बैंक फ्रॉड मामलों में 510.17 करोड़ मूल्य की संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क कर लिया है। जब्त कुल परिसंपत्तियों का आंकड़ा 23,100 करोड़ रुपए के पार पहुंच गया है।

'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा में लखनऊ में बोले चौहान

कर्जन, जिन्ना के बाद राहुल गांधी तीसरी बार भारत को बांटने की साजिश रच रहे हैं

एजेंसी ⏭ लखनऊ

विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन पर देश को विभाजित करने की साजिश रचने का आरोप लगाया

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन पर तीखा हमला बोलते हुए उन पर राजनीतिक अस्थिरता पैदा करने और देश को विभाजित करने का प्रयास करने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि देश को बांटने की पहली साजिश 1905 में लॉर्ड कर्जन ने की थी। दूसरी 1947 में मोहम्मद अली जिन्ना ने की थी।

■ वोट चोरी पर वार पलटवार

उन्होंने एसआईआर का बचाव करते हुए आरोप लगाया कि विपक्षी दल अवैध प्रवासियों ,फर्जी मतदाताओं के हितों की रक्षा के लिए इस प्रक्रिया का विरोध कर रहे हैं। चौहान ने यहां 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा से पहले एक सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा की तथा कहा कि उनके नेतृत्व ने देश और राज्य में महत्वपूर्ण परिवर्तन लाए हैं।

उन्होंने कहा कि मोदी जी और योगी जी ने उत्तर प्रदेश में सचमुच कुछ असाधारण एवं ऐतिहासिक किया है।



कांग्रेस ने कई राज्यों में वजूद खोया

चौहान ने कहा कि कांग्रेस ने कई राज्यों में अपना राजनीतिक असर खो दिया है, ऐसे में उसके साथ जुड़ने से उसके सहयोगी दलों को भी राजनीतिक नुकसान होगा। कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन लोकतंत्र को हिंसा और अव्यवस्था वाले तंत्र में बदलना चाहते हैं क्योंकि वे चुनावी राजनीति के जरिए भाजपा और राजग को हरा नहीं पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब वे लोगों के बीच हमें हरा नहीं पाए, तो उन्होंने दूसरे तरीके आजमाने शुरू कर दिए।

विदेशी ताकतें ऐसे अभियानों को बढ़ावा दे रही हैं

शिवराज ने आरोप लगाया कि आज, राहुल गांधी और इंडिया गठबंधन देश को बांटने एवं इसे अराजकता की आग में धकेलने की तीसरी साजिश की कोशिश कर रहे हैं। चौहान ने दावा किया कि विदेशी ताकतें ऐसे अभियानों को बढ़ावा दे रही हैं। विदेशी ताकतों के सहारे राहुल देश से खिलवाड़ कर रहे हैं।

करोड़ों लोग अपने पते पर नहीं मिले

चौहान ने वोट चोरी के विपक्ष के आरोपों पर सवाल उठाते हुए कहा कि एसआईआर मरे हुए लोगों और अपने पंजीकृत पते से गए हुए मतदाताओं के नाम हटाने के लिए जरूरी था। उन्होंने कहा कि लगभग 3 करोड़ मतदाता अपने पंजीकृत पते पर नहीं मिले, जबकि 6.3 करोड़ अपनी पिछली जगहों से चले गए थे।

बरेली में नड्डा ने किया विपक्ष पर वार

चुनाव हारने पर विपक्ष ईवीएम को ठहरा रहा जिम्मेदार



बरेली। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए मंगलवार को कहा कि वह लगातार निर्वाचन आयोग पर सवाल उठाता है और चुनाव हारने के बाद अपनी हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ता है। नड्डा 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा में शामिल होने के लिए मंगलवार को बरेली में थे। उन्होंने कहा कि विपक्ष का एकमात्र काम भ्रम फैलाना है। वह लगातार निर्वाचन आयोग पर सवाल उठाता है और चुनाव हारने के बाद अपनी हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ता है।

अनुराग का राहुल पर पलटवार

वोट चोरी नहीं हुई, कांग्रेस को जनता ने वोट देना ही बंद कर दिया



चंडीगढ़। भाजपा सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर वोट चोरी के मुद्दे पर देश में भ्रम फैलाने, संवैधानिक संस्थाओं को निशाना बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वोट चोरी नहीं हुई, बल्कि जनता ने कांग्रेस को वोट देना बंद कर दिया है।कांग्रेस हार का ठीकरा कभी ईवीएम, चुनाव आयोग और कभी एसआईआर पर फोड़ रही है। राहुल के 13 करोड़ लोगों के वोट कटने के दावे पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि इतने बड़े स्तर पर वोट काटे गए हैं तो कांग्रेस नाम और प्रमाण दे।

राहुल के विदेशी मदद वाले बयान पर बोले रिजिजू

दुश्मनों का एजेंडा आगे बढ़ा रहे



कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर लगाए गए आरोपों के बाद सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। राहुल ने दावा किया कि मोदी विदेशी मदद से प्रधानमंत्री बने और इसी के सहारे पद पर बने हुए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री को इस मुद्दे पर खुली बहस की चुनौती भी दी। अब केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने राहुल के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने राहुल पर भारत के दुश्मनों का एजेंडा आगे बढ़ाने का आरोप लगाया। उन्होंने लिखा कि यह वैसा ही है, जैसे इस्लामी कट्टरपंथी धर्मनिरपेक्षता की बात करें, अलगाववादी भारतीय झंडा लेकर चलें और अराजकतावादी संविधान की किताब दिखाएं।

भाटिया ने किया विपक्ष पर बड़ा हमला

राहुल सत्ता के लिए देश को जला रहे, अराजक बना रहे

हिंसक प्रदर्शन भारतीयों के स्वभाव में नहीं



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भाजपा ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर लोकतंत्र को कमजोर करने और देश में अराजकता फैलाने का आरोप लगाया है। राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि राहुल गांधी ऐसे नेता बन गए हैं, जो लोकतंत्र का गला घोंटकर अराजकता लाना चाहते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और राहुल की राजनीति हिंसक विरोध प्रदर्शनों को बढ़ावा देने वाली है। भाटिया ने कहा कि भारत और भारतीय अराजकता तथा हिंसक प्रदर्शनों को पसंद नहीं करते। देश के लोगों का संविधान में विश्वास है और वे अराजकता को कुचल देते हैं। भाटिया ने राहुल पर निशाना साधते हुए एक लोकप्रिय वेब सीरीज के किरदार का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि उस किरदार की तरह राहुल भी सत्ता के प्रति जुनूनी हैं। भाटिया ने कहा कि वह सत्ता पाने के लिए पूरा देश जलाने तक को तैयार है और राख का राजा बनकर भी शासन करना चाहता है।

'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' मार्च का किया जिक्र

भाटिया ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने भी 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' मार्च में हिस्सा लिया था। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी मार्च निकाला, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इन मार्चों का उद्देश्य देश में लोकतंत्र और सांविधानिक व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्धता जाहिर करना है। उन्होंने कहा कि हिंसक प्रदर्शन भारतीयों की प्रकृति और उनके मूल्यों का हिस्सा नहीं हैं।

यही चलता रहा तो लोग राहुल का विकल्प ढूंढ लेंगे: भाजपा ने एसआईआर और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के खिलाफ अभियान को लेकर कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों पर हमला तेज करते हुए मंगलवार को कहा कि अगर राहुल गांधी सत्ता परिवर्तन के लिए अपने अराजकता के मॉडल को जारी रखते हैं, तो जनता विपक्ष में उनकी जगह कोई दूसरा विकल्प ढूंढ लेगी।

दम हो तो यह बोलकर दिखाएं नेहा

भाटिया ने चुनौती देते हुए कहा कि अगर दम है तो नेहा बोरा यह भी बोलकर दिखाएं कि मस्जिदों और मदरसों में मौलवी मुस्लिम बच्चियों के साथ दुराचार करते हैं। नेहा इस तरह की बात नहीं कहेंगी। इस तरह का चुनिंदा विरोध गलत मंशा से किया जा रहा है।

चुनाव आयोग ने दी सफाई

फार्म 6 गलत डिक्लेरेशन नहीं माना जाएगा, नहीं होगी कानूनी कार्रवाई

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने साफ किया कि जिन वोटर्स के नाम ड्राफ्ट एसआईआर रोल में नहीं हैं, वे फाइनल वोटर्स लिस्ट में नए सिरे से शामिल होने के लिए फॉर्म 6 जमा कर सकते हैं, भले ही वे पहले एनरोल हो चुके हों। जिन मामलों में नाम ड्राफ्ट एसआईआर रोल से हटा दिया गया था, उनमें फॉर्म 6 जमा करना, अपने आप में गलत डिक्लेरेशन नहीं माना जाएगा। आयोग ने कहा कि कोई इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर रिप्रेजेंटेशन ऑफ़ द पीपल एक्ट के सेक्शन 31 के तहत सिर्फ़ इसलिए एक्शन नहीं ले सकता क्योंकि कोई इलेक्टर जो पहले इलेक्टोरल रोल में था, एसआईआर के दौरान या उसके बाद फ़ॉर्म 6 जमा करता है। ऐसी कार्रवाई तब तक रोकी जाती है जब तक कि इलेक्टर कहीं और एनरोल न हो या उसने कोई गैर-कानूनी या झूठी घोषणा न की हो। अब चुनाव आयोग ने साफ कहा कि झूठी घोषणा करने की आशंका गलत थी।



लद्दाख विश्वविद्यालय का छात्र संघ चुनाव

अभाविप ने 8 में से 5 सीट जीतीं नामग्याल अध्यक्ष, त्सेरिंग उपाध्यक्ष

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने लद्दाख विश्वविद्यालय के छात्र संघ चुनाव में 8 में से 5 सीट जीती हैं। अभाविप ने मंगलवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की छात्र शाखा अभाविप के अनुसार हाल में हुए इस चुनाव में दावा नामग्याल को अध्यक्ष, त्सेरिंग यांगडोल को उपाध्यक्ष, स्टैनज़िन रिग्डोल को महासचिव, राब्सकिट डोलमा को संयुक्त सचिव और तेनजिन त्सेवांग को खेल सचिव चुना गया। परिषद की जम्मू कश्मीर एवं लद्दाख इकाई के सचिव सन्नक श्रीवत्स ने कहा कि यह जीत छात्र कल्याण, शैक्षणिक विकास और रचनात्मक नेतृत्व के प्रति संगठन की प्रतिबद्धता में विद्यार्थियों के भरोसे को दर्शाती है। ऐसी जीत हासिल करना पूरे अभाविप परिवार के लिए गर्व की बात है। यह जनादेश एक स्पष्ट संदेश देता है कि 'जेन जी' अभाविप के साथ है और जिम्मेदार छात्र नेतृत्व के इसके दृष्टिकोण में विश्वास रखता है।



कर्नाटक लोक सेवा आयोग में भर्ती घोटाला

आंसर-की लीक कर वसूली रिश्वत, वे 35 करोड़ से बनवा रहे थे ड्रीम प्रोजेक्ट

एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

कर्नाटक लोक सेवा आयोग (केपीएससी) के गिरफ्तार चेयरमैन शिवशंकरप्पा साहूकार अपने गृहनगर में 35 करोड़ रुपए की लागत से एक बड़ा कॉम्प्लेक्स बनवा रहे थे। इस कॉम्प्लेक्स में स्कूल, हॉस्टल, खेल का मैदान, मॉल और कन्वेंशन हॉल बनाने की योजना थी।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विशेष अदालत में जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान यह दावा किया। इस ड्रीम प्रोजेक्ट के लिए आर्किटेक्चरल डिजाइन भी तैयार कराए गए थे। यह कॉम्प्लेक्स कर्नाटक के यादगीर जिले के शाहपुर में साहूकार की पत्नी के नाम पर मौजूद जमीन पर बनाया जाना था। ईडी ने यह भी बताया कि जनवरी में हुई पशु चिकित्सा अधिकारियों की भर्ती परीक्षा में कथित तौर पर लीक हुई आंसर-की के बदले रिश्वत देने वाले एक उम्मीदवार के पिता को प्रस्तावित स्कूल का केयरटेकर बनाने की योजना थी।



9 उम्मीदवारों को आंसर-की लीक करने का आरोप

शिवशंकरप्पा साहूकार और केपीएससी सदस्य बीवी गीता पर 9 उम्मीदवारों को 9 जनवरी को हुई पशु चिकित्सा अधिकारियों की परीक्षा की आंसर-की उपलब्ध कराने और इसके बदले 10 लाख से 40 लाख रुपए तक रिश्वत लेने का आरोप है। साहूकार ने तीसरी रैंक हासिल करने वाले उम्मीदवार के पिता से 20 लाख की कथित डील में से 10 लाख रुपए लिए थे, जबकि गीता ने पहली रैंक हासिल करने वाले उम्मीदवार से 40 लाख की डील के तहत 20 लाख प्राप्त किए थे।

आंध्र प्रदेश में चक्रवात मुरासु ने बरपाया कहर, जनजीवन अस्त-व्यस्त

10,805 लोग 171 राहत शिविरों में शिफ्ट

एजेंसी ⏭ अमरावती

त्वरित मदद के लिए सीएम नायडू ने केंद्र का आभार जताया

चक्रवात 'मुरासु' के कारण 15 जिलों में 30.661हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में खड़ी फसलें प्रभावित हुई हैं। सर्वाधिक प्रभावित जिलों में कृष्णा, बापटला और नंद्याल शामिल हैं। धान, कपास और मक्के की फसलों को सबसे अधिक नुकसान पहुंचने की आशंका है। 10,805 लोगों को चक्रवात राहत केंद्रों में पहुंचाया गया। राज्य सरकार ने 171 राहत शिविर स्थापित किए हैं और 14,810 भोजन के पैकेट वितरित किए हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार 'मुरासु' गहरे दबाव के क्षेत्र में तब्दील हो जाएगा। आंध्र प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश हो रही है, लेकिन किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

अभी किसी की जान नहीं गई : एनडीआरएफ



नई दिल्ली। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) ने कहा कि आंध्र प्रदेश में चक्रवात 'मुरासु' के चलते किसी की जान नहीं गई है। एनडीआरएफ के उपमहानिरीक्षक मोहसिन शहीदी ने बताया कि इस संघीय आपातकालीन बल ने चक्रवात से 'सबसे अधिक प्रभावित' तटीय राज्य आंध्र प्रदेश में 14 दल तैनात किए हैं। लगभग 1.75 लाख लोग इस चक्रवात से प्रभावित हुए हैं करीब 10,000 लोगों को 171 राहत शिविरों में ठहराया गया है।

ओडिशा में भूस्खलन के बाद लापता 10 लोगों की तलाश तेज

भुवनेश्वर। ओडिशा सरकार ने गंजाम-कंधमाल सीमा पर पहाड़ी गांव में भूस्खलन के बाद लापता हुए 10 लोगों की तलाश के लिए बचाव अभियान तेज कर दिया है। लोगों की तलाश के लिए जमीन के भीतर की वस्तुओं का पता लगाने वाले रडार (जीपीआर) और अन्य विशेष उपकरणों की मदद ली जा रही है। पिछले सप्ताह चक्रवात 'अर्नब' के दौरान बारिश के कारण हुए भूस्खलन के बाद ये 10 लोग लापता हो गए थे।

कई राज्यों में आंधी-बारिश होगी



बंगाल की खाड़ी से उठा 'मुरासु' अब आगे बढ़ चला है। आईएमडी के अनुसार यह सुबह 03:30 से 05:30 बजे के बीच नेल्लोर और नरसापुर के मध्य, ओंगोल के निकट तट को पार कर गया। अब एक गहन अवदाब में तब्दील हो जाएगा। इससे कई राज्यों में आंधी-बारिश होगी।

कश्मीर की सियासत में 'गरमी'

नेकां में बढ़ी दरार, रुहुल्ला ने पार्टी से कहा-अलविदा

एजेंसी ⏭ लद्दाख



सांसद आगा सैयद रुहुल्ला मेहदी ने समर्थकों की भारी मौजूदगी के बीच मंच से जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस छोड़ने का ऐलान कर दिया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि वह अब पार्टी का हिस्सा नहीं हैं और खुद को नेशनल कॉन्फ्रेंस से अलग कर रहे हैं। रुहुल्ला ने लोगों का आभार जताते हुए कहा कि मैं आप सबका शुक्रगुजार हूं कि आप यहां आए। यहां कुर्सी संभालनी नहीं, बल्कि कुर्सी से उतरना था। उन्होंने कहा कि दोपहर 2:40 बजे तक वह नेशनल कॉन्फ्रेंस का हिस्सा थे, लेकिन अब वह खुद को पार्टी से आजाद करते हैं। उन्होंने कहा कि वह अब पार्टी का हिस्सा नहीं हैं और खुद को नेशनल कॉन्फ्रेंस से अलग कर रहे हैं।

यहां कुर्सी संभालनी नहीं, बल्कि कुर्सी से उतरना था। रुहुल्ला ने अपना इस्तीफा मोहम्मद अशरफ मट्टू को सौंपा और उनसे कहा कि वह इसे अपने हाथों से संबंधित लोगों तक पहुंचाएं।

भारतीय नौसेना का समुद्र में दिखा शौर्य

समुद्री लुटेरों के चंगुल से 20 ईरानियों को बचाया, तेहरान बोला- शुक्रिया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना ने अरब सागर में मुंबई से 3,000 किलोमीटर दूर सोमालिया के तट के पास समुद्री लुटेरों के कब्जे में पहुंचे ईरान के मछली पकड़ने वाले जहाज अजिनी को मुक्त करा लिया है। इस अभियान में जहाज पर सवार सभी 20 ईरानी चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया गया। ऑपरेशन में भारतीय वायुसेना ने भी अहम भूमिका निभाई। करीब 48 घंटे तक चले इस अभियान में किसी के हताहत होने या घायल होने की खबर नहीं है। भारत की इस कार्रवाई के बाद ईरान ने आभार जताते हुए भारतीय नौसेना और वायुसेना के साहस, पेशेवर रवैये और आपसी तालमेल की सराहना की है।

ऑपरेशन में भारतीय वायुसेना ने भी कमांडो उतारे

48 घंटे तक चले अभियान में कोई हताहत नहीं



भारतीय नौसेना के कब्जे में 'अजिनी' जहाज और समुद्री लुटेरे

सोमालिया के तट के पास किया था कब्जा

जानकारी के मुताबिक, मछली पकड़ने वाले जहाज अजिनी को पिछले महीने सोमालिया के उत्तर-पूर्वी तट के पास हथियारबंद समुद्री लुटेरों ने अगवा कर लिया था। यह घटना सोमालिया के तटीय इलाकों बंदर बायला और हाफुन के बीच हुई थी। समुद्री सुरक्षा एजेंसियों को आशंका थी कि लुटेरे इस जहाज का इस्तेमाल बड़े व्यापारिक जहाजों पर हमले करने के लिए अपने अस्थायी ठिकाने यानी 'मदर शिप' के तौर पर कर सकते हैं। इस आशंका को देखते हुए समुद्री क्षेत्र में निगरानी बढ़ाई गई थी।

आईएनएस कोलकाता ने संभाला मोर्चा

भारतीय नौसेना ने जहाज को मुक्त कराने के लिए अभियान शुरू किया। इसके तहत मिशन पर तैनात युद्धपोत आईएनएस कोलकाता को कार्रवाई के लिए भेजा गया। समुद्री निगरानी विमान और अन्य निगरानी संसाधनों की मदद से जहाज की लगातार तलाश की गई। उसकी गतिविधियों पर नजर रखते हुए उसे आगे बढ़ने से रोकने के लिए कदम उठाए गए। इसके बाद भारतीय वायुसेना के सी-17 विमान से नौसेना के मरीन कमांडो को सटीक तरीके से जहाज तक पहुंचाया गया। कमांडो ने कार्रवाई करते हुए जहाज को अपने नियंत्रण में लिया और समुद्री लुटेरों के खतरे को खत्म कर दिया।



समुद्री लुटेरों से जब्त हथियार

ईरान ने कहा- यह दोस्ती और सहयोग का प्रतीक

नई दिल्ली स्थित इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के दूतावास ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर भारत सरकार, भारतीय नौसेना और भारतीय वायु सेना का आभार जताया। दूतावास ने कहा कि उन्होंने मछली पकड़ने वाले जहाज 'अजिनी' के 20 ईरानी चालक दल के सदस्यों को समुद्री लुटेरों से बचाने के लिए एक सफल अभियान चलाया। हम भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा दिखाए गए पेशेवर रवैये, साहस और बेहतरीन तालमेल की भरपूर सराहना करते हैं। यह मानवीय सहायता और आपदा राहत के प्रति भारत की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है, और यह भी दिखाता है कि भारत सीमाओं के पार लोगों की जान बचाने में कितनी अहम भूमिका निभाता है। यह मानवीय अभियान ईरान और भारत के बीच दोस्ती, एकजुटता और सहयोग की भावना का एक बड़ा उदाहरण है। हम उन सभी लोगों का दिल से धन्यवाद करते हैं, जिन्होंने ईरानी चालक दल को सुरक्षित बचाने में अपना योगदान दिया।



नई दिल्ली स्थित ईरानी दूतावास

रक्षा मंत्री ने दी बधाई

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय नौसेना को बधाई दी है। नौसेना ने अरब सागर में मुंबई से 3,000 किलोमीटर से अधिक दूर, समुद्री लुटेरों के कब्जे वाली मछली पकड़ने वाली नाव 'अजिनी' के सभी 20 चालक दल के सदस्यों को 48 घंटे चले एक समन्वित अभियान में सफलतापूर्वक बचा लिया।

खबर संक्षेप

पीएम मोदी के सम्मान में भूटान में पवित्र स्तूप

नई दिल्ली। केंद्रीय संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक का आभार व्यक्त किया। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी के प्रति विशेष सम्मान के प्रतीक के रूप में गेलेफू माइंडफुलनेस सिटी में एक पवित्र स्तूप समर्पित किए जाने को अत्यंत महत्वपूर्ण और सम्मानजनक कदम बताया। रिजिजू ने कहा कि पीएम मोदी ने गेलेफू माइंडफुलनेस सिटी परियोजना को लगातार समर्थन दिया है और इसी सम्मान में उनके नाम पर स्तूप समर्पित किया गया है।



भारत-यूएस के बीच टाइगर ट्रायम्फ अभ्यास शुरू

नई दिल्ली। भारत और अमेरिका के बीच पांचवें द्विपक्षीय त्रि-सेवा मानवीय सहायता एवं आपदा राहत (एचएडीआर) अभ्यास 'टाइगर ट्रायम्फ 2026' की शुरुआत हो गई है। इसका उद्घाटन समारोह 2 नवंबर को विशाखापत्तनम स्थित मैरीटाइम वारफेयर सेंटर में आयोजित किया गया। इस वर्ष यह अभ्यास टेबलटॉप एक्सरसाइज के रूप में आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य बड़े पैमाने पर मानवीय सहायता और आपदा राहत अभियानों के दौरान दोनों देशों के बीच समन्वय स्थापित करना है।



यूरोप में कई विमानों को बम से उड़ाने की धमकी

रोम। यूरोप में अलग-अलग देशों में कई विमानों को बम से उड़ाने की धमकियां मिलीं। इन धमकियों के बाद इटली ने दो विमानों को सुरक्षित एयरपोर्ट तक पहुंचाने के लिए अपनी एयरफोर्स के विमान भेजे, जबकि पोलैंड में एक एयरपोर्ट को कुछ समय के लिए बंद करना पड़ा। स्पेन में भी एक विमान की तलाशी ली गई। जांच के बाद सभी धमकियां झूठी निकलीं। किसी भी विमान में विस्फोटक नहीं मिला और न ही किसी की जान गई।



विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल का खुलासा

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के दौरान 23 भारतीयों की मौत, इनमें 15 नाविक



नेपाल में दुर्घटनाग्रस्त दो हेलिकॉप्टर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के दौरान भारत के 23 नागरिकों की मौत हुई है। इनमें 15 भारतीय नाविक थे। वहीं, काला सागर क्षेत्र में व्यावसायिक जहाजों पर हुए हमलों में पांच भारतीय नागरिकों की मौत हुई है। दो भारतीय नागरिक अभी भी लापता हैं। नेपाल में दो हेलिकॉप्टरों के आपस में टकराने के मामले पर रणधीर जायसवाल ने कहा, हमने इस घटना की खबरें और कुछ तस्वीरें भी देखी हैं। इसमें दो हेलिकॉप्टर शामिल थे। इस हादसे में एक भारतीय नागरिक की मौत हुई है। हमारे दूतावास ने इसकी पुष्टि की है और शोक जताया है। हम जल्द से जल्द शव को भारत वापस लाने की कोशिश करेंगे। बता दें, नेपाल के एवरेस्ट क्षेत्र में मंगलवार सुबह लैंडिंग के दौरान दो हेलिकॉप्टर आपस में टकरा गए। हादसे में एक भारतीय पर्यटक की मौत हो गई, जबकि न्यूजीलैंड का एक भारतीय मूल का नागरिक घायल हो गया। दोनों हेलिकॉप्टरों के रोटर ब्लेड आपस में टकराए थे। हादसा सुबह 8:11 बजे सोलुखुम्बु जिले के फेरीचे हेलीपैड पर हुआ।

यूरोप में सावधान रहें भारतीय

यूरोप में चल रहे विरोध प्रदर्शनों और अशांति पर बात करते हुए एमईए प्रवक्ता ने कहा कि हमारे दूतावासों ने फ्रांस और इटली में सलाह जारी की है। बेल्जियम के बारे में मुझे अभी पूरी तरह से जानकारी नहीं है। हमने वहां रहने वाले भारतीय नागरिकों और छात्रों को सलाह दी है कि वे हमारी एडवाइजरी और स्थानीय सरकारों की ओर से जारी निर्देशों का पालन करें।

यूरोप में चल रहे विरोध प्रदर्शनों और अशांति को लेकर भारतीयों को सचेत रहने की सलाह

छात्रों का शोषण रोकने जारी की एडवाइजरी



रणधीर जायसवाल, प्रवक्ता

रणधीर जायसवाल ने उज्बेकिस्तान मामले पर कहा कि ताशकंद में हमारे दूतावास और नेशनल मेडिकल कमीशन ने छात्रों के लिए कुछ दिशा-निर्देश या एडवाइजरी जारी की है। ये उन छात्रों के लिए है जो उज्बेकिस्तान या अन्य जगहों पर पढ़ाई करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार इस बात पर ध्यान दे रही है कि उज्बेकिस्तान जाने वाले भारतीय छात्रों को, जो वहां मेडिकल या अन्य पढ़ाई करने जा रहे हैं, अच्छी गुणवत्ता वाली मेडिकल शिक्षा मिले। यह सुनिश्चित करना भी जरूरी है कि मेडिकल या अन्य पढ़ाई के लिए उज्बेकिस्तान जाने वाले भारतीय छात्रों का कोई शोषण न हो।

रूस-यूक्रेन के बीच शांति के दिए सुझाव

जायसवाल ने बताया कि विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर की पिछले कई महीनों के दौरान भी रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ कई बैठकें हो चुकी हैं। दोनों विदेश मंत्रियों ने कई मौकों पर मुलाकात की है और इस बार भी अटलांटा में उनकी बैठक हुई। इस दौरान उन्होंने रूस-यूक्रेन संघर्ष से जुड़े यूक्रेन के हालात, पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष और द्विपक्षीय तथा बहुपक्षीय महत्व के कई अन्य मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि जहां तक शांति स्थापित करने में भारत की भूमिका या विचारों का सवाल है, हमने अपने सुझाव यूक्रेन और रूस, दोनों पक्षों के साथ साझा किए हैं। आपने राष्ट्रपति पुतिन की टिप्पणियां भी देखी हैं और यूक्रेन के विदेश मंत्री की प्रतिक्रियाएं भी सुनी हैं।

भारतीय नागरिकों की रिहाई पर की चर्चा

जायसवाल ने बताया कि जी20 बैठक के दौरान विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कई द्विपक्षीय बैठकें कीं। इनमें से एक बैठक रूस के विदेश मंत्री के साथ थी। इस बैठक में भी रूस में फंसे भारतीय नागरिकों की रिहाई पर की चर्चा की गई। जहां तक उन भारतीय नागरिकों की रिहाई का सवाल है जो अभी भी रूसी पक्ष के पास हैं, तो यह एक ऐसा मुद्दा है जिसे हम रूसी पक्ष के साथ अलग-अलग स्तरों पर लगातार उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि रूस में नौकरी करने जाने वाले भारतीयों को भी इस बारे में सचेत रहना चाहिए कि वे नियोक्ता के बारे में अच्छी तरह जांच-पड़ताल कर लें।

होर्मुज में भारतीय जहाज पर हमला

14 भारतीय नाविक सवार थे, 1 की मौत, भारत ने जताया दुख

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

होर्मुज स्ट्रेट में 2 नवंबर को एक भारतीय जहाज पर हमला हुआ। इसमें गुजरात के एक नाविक की मौत हो गई। जहाज पर सवार बाकी 13 भारतीयों को ओमान के तटीय सुरक्षा दलों ने सुरक्षित बचा लिया। मृतक की पहचान गांधार नाहीम अजीज के रूप में हुई है।

जहाज का नाम एमएसवी अल जुसुफी है। हमला कैसे हुआ और किसने किया इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है। हमले के बाद भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि व्यापारिक जहाजों को निशाना बनाना बंद होना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय समुद्री रास्तों पर जहाजों की आवाजाही और कारोबार बिना किसी रुकावट के जारी रहना चाहिए। ब्रिटिश समुद्री सुरक्षा एजेंसी (यूकेएमटीओ) के मुताबिक, इस साल अक्टूबर में होर्मुज स्ट्रेट और उसके आसपास जहाजों पर 30 से ज्यादा हमले हुए।



एआई इमेज

विदेश मंत्रालय ने संवेदना व्यक्त की

भारत ने ओमान के समुद्री क्षेत्र में कमर्शियल शिप 'एमएसवी अल जुसुफी' पर हुए हमले की निंदा की है। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने बयान जारी कर 14 में से एक भारतीय नाविक के मारे जाने पर दुख जताया। मंत्रालय ने कहा कि हम सोमवार शाम लिमाह (ओमान) के पास एक व्यावसायिक जहाज, 'एमएसवी अल जुसुफी' पर हुए हमले की निंदा करते हैं। जहाज पर सवार 14 भारतीय नागरिकों में से 13 को बचा लिया गया है, जबकि एक घायल भारतीय नागरिक की मृत्यु हो गई है। हम इस नुकसान पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। विदेश मंत्रालय के मुताबिक ओमान स्थित भारतीय दूतावास स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है।

सभी नागरिकों को लाने का प्रयास कर रहे

जायसवाल ने कहा कि उस जहाज पर भारतीय चालक दल के14 सदस्य थे। दुर्भाग्य से उनमें से एक की मौत हो गई है। अब हम वहां मौजूद 13 भारतीय नागरिकों को भारत वापस लाने की प्रक्रिया सुनिश्चित कर रहे हैं। हम इस पर भी काम कर रहे हैं कि भारतीय नागरिक के पार्थिव शरीर को भारत वापस कैसे लाया जा सके। उन्होंने आगे कहा कि हम ओमान के अधिकारियों को उनकी तत्काल कार्रवाई के लिए धन्यवाद देते हैं। अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्रों में कमर्शियल शिप और बुनियादी ढांचों को निशाना बनाने का भारत विरोध करता रहा है। इस तरह के हमले बंद किए जाने चाहिए।

नवंबर में एक ऐतिहासिक युग का समापन

साउथ ब्लॉक से हटकर शौर्य भवन बनेगा सेनाप्रमुख का नया कार्यालय

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सेंट्रल विस्टा परियोजना के जरिए राष्ट्रीय राजधानी में जारी निर्माण कार्य के बीच रायसीना हिल्स इलाके में मौजूद केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति (सीसीएस) के तहत आने वाले एक प्रमुख मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय का कार्यालय अब साउथ ब्लॉक से औपचारिक रूप से खाली होने जा रहा है। पूर्व में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सीडीएस जनरल सुब्रमणि और रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के कार्यालय मौजूदा साल के अप्रैल महीने में कर्तव्य भवन-2 में शिफ्ट हो चुके हैं। अब इसी नवंबर महीने के अंत में सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ, उप-सेना प्रमुख और उनके सभी सातों प्रमुख स्टाफ अधिकारी भी साउथ ब्लॉक स्थित अपने कार्यालय को छोड़कर दिल्ली कैंट स्थित नवनिर्मित शौर्य भवन से अपना कामकाज करते हुए नजर आएंगे। जबकि नौसेना प्रमुख स्वामीनाथन मौजूद नौसेना भवन या सेना भवन जा सकते हैं।



मॉस्को नहीं चाहता तनाव कम करना

दक्षिणी यूक्रेन में राहत केंद्र पर रूसी हमला, 29 लोगों की मौत, 20 लापता

एजेंसी ▶▶ कीव

दक्षिणी यूक्रेन में मानवीय सहायता केंद्र और एक आश्रय स्थल पर सोमवार को रूस की ओर से किए गए हमले में 26 लोगों की मौत हो गई। अब भी करीब 20 लोग लापता हैं ऐसे में मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने 'एक्स' पर कहा कि रूसी हमले में सबसे पहले मानवीय सहायता सामग्री वितरित करने के लिए इस्तेमाल की जा रही एक स्कूल की इमारत को निशाना बनाया गया और इसके बाद पास स्थित एक आश्रय स्थल पर भी हमला किया गया। यह इस बात सबूत है कि रूस तनाव कम करना नहीं चाहता। दक्षिणी जापोरिज्जिया क्षेत्र के कोमिशुवाखा गांव में ये हमले ऐसे समय हुए, जब सोमवार को देश के एक अन्य दक्षिणी क्षेत्र खेरसॉन में स्थानीय स्तर पर लागू युद्धविराम समाप्त हो गया। इस समझौते के तहत रूस के कब्जे वाले क्षेत्रों में लोगों को सुरक्षित निकालने की अनुमति दी गई थी।



बचाव अभियान में जुटे यूक्रेनी सैनिक

दिल्ली रक्षा संवाद को संबोधित करते हुए बोले रक्षा मंत्री

बाहरी निर्भरताओं की वजह से कभी बाधित नहीं हो देश की रक्षा जरूरतें

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

युद्ध के स्वरूप और सुरक्षा चिंताओं को देखते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को नई दिल्ली में कहा कि हमें रक्षा उपकरणों, महत्वपूर्ण हथियारों के देश के भीतर डिजाइन के साथ-साथ निर्माण को भी हर हाल में चाक-चौबंद बनाने की आवश्यकता है। इसके अलावा यह भी ध्यान रखा जाना चाहिए कि बाहरी निर्भरताओं के चलते भारत की रक्षा जरूरतें किसी भी प्रकार से बाधित नहीं होनी चाहिए।

तकनीकी संप्रभुता हासिल करना ही आत्मनिर्भरता



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

मानेकशॉ केंद्र में रक्षा अध्ययन एवं विश्लेषण संस्थान द्वारा आयोजित किए गए तीसरे दिल्ली रक्षा संवाद में उन्होंने आत्मनिर्भरता का अर्थ समझाते हुए कहा कि इसे तकनीकी संप्रभुता हासिल करने के प्रयास के रूप में देखा जाना चाहिए। क्योंकि इसकी मदद से ही हम ये सुनिश्चित कर सकते हैं कि भारत की सामरिक आवश्यकताओं की पूर्ति में विदेशों पर बनी हुई निर्भरता किसी भी प्रकार से रुकावट या बाधा उत्पन्न न करे। लेकिन हकीकत में इसे तभी प्राप्त किया जा सकता है। जब देश के पास किसी रक्षा प्लेटफार्म के मामले में 360 डिग्री ज्ञान मौजूद हो।

रक्षा बजट बढ़कर 7 लाख 85 हजार करोड़ रुपए किया

राजनाथ सिंह ने कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 में देश का कुल रक्षा बजट बढ़कर 7 लाख 85 हजार करोड़ हो गया है। इसमें सैन्य उपकरणों के आधुनिकीकरण और खरीद के लिए 2 लाख 19 हजार करोड़ का प्रावधान किया गया है। 2029 तक 3 लाख करोड़ के रक्षा उत्पादन और इसी समयावधि में 50 हजार करोड़ के रक्षा निर्यात के लक्ष्य को प्राप्त करने का संकल्प है।

अमेरिका में मिडटर्म इलेक्शन के लिए वोटिंग शुरू

8 राज्यों के पोलिंग बूथ खुले, निचले सदन की 435 और उच्च सदन की 35 सीटों पर

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका में मिडटर्म चुनाव के लिए मंगलवार को मतदान शुरू हो गया। भारतीय समयानुसार शाम 4:30 बजे सबसे पहले 8 राज्यों में पोलिंग बूथ खुले। इनमें कनेक्टिकट, इंडियाना, केंटकी, मेन, न्यू हैम्पशायर, न्यू जर्सी, न्यूयॉर्क और वर्जीनिया शामिल हैं। इन चुनावों में अमेरिकी संसद के निचले सदन हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स की सभी 435 सीटों और उच्च सदन सीनेट की 35 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। अमेरिका में राष्ट्रपति के चुनाव के ठीक दो साल बाद मिडटर्म चुनाव कराए जाते हैं। इसमें संसद की सीटों और कुछ राज्यों में गवर्नर के पदों के लिए मतदान होता है। फिलहाल ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी के पास संसद के दोनों सदनों में बहुमत है। अगर पार्टी इनमें से किसी एक सदन में भी बहुमत खो देती है, तो ट्रंप के लिए कानून पास कराना मुश्किल हो जाएगा।

नासा के 3 एस्ट्रोनॉट्स ने स्पेस से डाला वोट



वोट डालने जाते अनिल मेनन

5.7 करोड़ लोग पहले ही वोट कर चुके

मतदान शुरू होने से पहले ही 5.76 करोड़ लोग अर्ली वोटिंग के जरिए वोट डाल चुके हैं। वहीं ट्रंप ने कहा कि अगर हम नहीं जीते, तो मैं हर चीज को वीटो कर दूंगा।

नासा के अंतरिक्ष यात्री अनिल मेनन और उनके दो साथी अंतरिक्ष यात्रियों ने इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से अमेरिकी मध्यावधि चुनाव में वोट डाला। ये तीनों पृथ्वी से 400 किमी से ज्यादा की ऊंचाई पर मौजूद हैं। इसके बावजूद उन्होंने मंगलवार को इलेक्ट्रॉनिक तरीके से मतदान किया और अपना वोट सुरक्षित तरीके से पृथ्वी पर चुनाव अधिकारियों तक पहुंचाया।

मतदान से कुछ घंटे पहले अमेरिका का ईरान पर हमला

केश्म द्वीप पर 5 धमाके, ईरान ने 2 यूएस ड्रोन मारे

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन/ तेहरान

ईरान के रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण केश्म द्वीप और होर्मुज के आसपास अमेरिका और ईरान के बीच सैन्य तनाव बढ़ने के संकेत मिले हैं। अमेरिका में मंगलवार को मध्यावधि चुनाव के लिए मतदान होने से पहले सोमवार को ईरान के केश्म द्वीप पर कम से कम पांच जोरदार धमाके हुए। कुछ दूर पर बंदर लेंगेह शहर में भी विस्फोट की खबर है। ईरानी मीडिया ने अमेरिका के दो एमक्यूएम-170 जासूसी ड्रोन मार गिराने का दावा किया है। ईरान ने अमेरिकी एमक्यूपी-170 जासूसी ड्रोन को मार गिराने का वीडियो जारी किया है। सरकारी चैनल आईआरआईबी ने फुटेज जारी किया है।

ईरान का 4 अमेरिकी ड्रोन पकड़ने का दावा



केश्म द्वीप पर हमले के बाद आग

ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी आईआरएनए ने मंगलवार को बताया कि इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के जनसंपर्क कार्यालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक आईआरजीसी की नौसेना ने केश्म द्वीप के ऊपर और होर्मुज के दक्षिण में दो अमेरिकी ड्रोन को इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली की मदद से अपने नियंत्रण में लिया। ईरानी पक्ष का दावा है कि इन ड्रोन को मार गिराने के बजाय सुरक्षित उतारा गया। इसके साथ ही ईरान के कब्जे में आए ऐसे अमेरिकी ड्रोन की संख्या चार हो गई है।

गुप्त रूप से सीमित सैन्य हमला किया

अमेरिकी मीडिया की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अमेरिकी सेना ने हाल के सप्ताहों में ईरान के केश्म द्वीप पर गुप्त रूप से सीमित सैन्य हमले किए। रिपोर्ट के मुताबिक, ये हमले उन सीमित सैन्य अभियानों का हिस्सा थे, जिन्हें वॉशिंगटन ने पिछले कुछ सप्ताह के दौरान गुप्त रूप से अंजाम दिया। खास बात यह है कि ये कार्रवाई ऐसे समय हुई, जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान के साथ संभावित कूटनीतिक समझौते की बात कर रहे थे।

कूटनीतिक समझौते के भी संकेत

ट्रंप प्रशासन की ओर से कूटनीतिक समझौते की संभावनाओं के संकेत भी दिए जा रहे हैं। ऐसे में एक तरफ सैन्य अभियान और दूसरी तरफ बातचीत की उम्मीद दोनों देशों के बीच जारी तनाव की जटिल तस्वीर पेश करते हैं। केश्म द्वीप फारस की खाड़ी में ईरान के दक्षिणी तट पर स्थित है और होर्मुज के बेहद करीब होने के कारण सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

रोहित-विराट पर रहेंगी नजरें, अनुभवहीन गेंदबाजी आक्रमण के साथ न्यूजीलैंड से भिड़ेगा भारत



आज से भारत-न्यूजीलैंड के बीच 5 मैचों की वनडे सीरीज

एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड

रोहित शर्मा और विराट कोहली पर एक बार फिर से सभी की निगाहें टिकी रहेंगी लेकिन भारत के अनुभवहीन गेंदबाजी आक्रमण के कारण न्यूजीलैंड बुधवार से शुरू होने वाली 5 मैचों की वनडे श्रृंखला में बेहतर स्थिति में नजर आ रहा है। वनडे श्रृंखला के बाद होने वाली टेस्ट श्रृंखला को ध्यान में रखकर जसप्रीत बुमराह को विश्राम दिया गया है जबकि प्रसिद्ध कृष्णा और हर्षित राणा चोटिल होने के कारण टीम से बाहर हैं।

ऐसे में अनुभवी मोहम्मद सिराज को अतिरिक्त जिम्मेदारी उठानी होगी। सिराज के अलावा भारतीय टीम में शामिल अन्य चार विशेषज्ञ गेंदबाजों अर्शदीप सिंह (18), गुरनूर बराड़ (09), अंशुल कंबोज और औकिब नबी (एक-एक) के पास कुल मिलाकर 29 वनडे मैचों का अनुभव है।



19 नवंबर को पहला टेस्ट मैच

टौरंगा में पांचवें और अंतिम वनडे के तुरंत बाद शुरू होने वाली टेस्ट श्रृंखला को ध्यान में रखते हुए अंतिम दो वनडे में भारत के कुछ स्टार खिलाड़ी नहीं खेलेंगे। वनडे श्रृंखला 15 नवंबर को समाप्त होगी और पहला टेस्ट मैच 19 नवंबर को वेलिंगटन में खेला जाएगा। कप्तान शुभमन गिल भी टेस्ट मैचों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए आखिरी दो वनडे मैचों में नहीं खेलेंगे।

हमें कार्यभार का प्रबंधन करना होगा : गिल

गिल ने कहा, 'अगर वनडे श्रृंखला और टेस्ट श्रृंखला के बीच कुछ अधिक अंतराल होता तो हम सभी पांच मैच में खेलते लेकिन वनडे और टेस्ट मैचों के बीच बहुत कम अंतराल होने के कारण हमें कार्यभार का प्रबंधन करना होगा। इसलिए टेस्ट टीम में शामिल कुछ खिलाड़ी आखिरी दो वनडे नहीं खेल पाएंगे।' दक्षिण अफ्रीका की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में जीत के बाद विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की तालिका में चौथे नंबर पर काबिज भारत के लिए फाइनल में पहुंचने की राह कठिन हो गई है। उसे अब बाकी बचे सात टेस्ट मैचों में से कम से कम छह जीतने होंगे और साथ ही यह भी उम्मीद करनी होगी कि कुछ अन्य मैचों के परिणाम उसके अनुकूल रहें। यही वजह है कि भारत टेस्ट श्रृंखला को ज्यादा प्राथमिकता दे रहा है।

ईडन पार्क की बाउंड्री बेहद छोटी

ईडन पार्क की सीधी बाउंड्री बेहद छोटी हैं और उसकी दूरी केवल 55 मीटर है। ऐसे में भारत सिराज, अर्शदीप सिंह और लंबे कद के गुरनूर बराड़ को अंतिम एकादश में रख सकता है। हार्दिक पंड्या की अनुपस्थिति के कारण कुलदीप यादव के लिए अंतिम एकादश में जगह बनाना मुश्किल हो रहा है भले ही उन्होंने भारत के वर्तमान गेंदबाजी आक्रमण में सर्वाधिक 201 विकेट लिए हैं। लेकिन 11 से 40 ओवर के बीच सर्कल के बाहर केवल चार क्षेत्ररक्षकों को ही अनुमति दी जाती है और ऐसे में बीच के ओवर अधिक महत्वपूर्ण हो गए हैं। इसलिए कुलदीप की भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है।

न्यूजीलैंड टीम में अधिकतर खिलाड़ी उम्रदराज

भारत अगर तेज गेंदबाजी विभाग में कमजोर है तो न्यूजीलैंड की टीम में अधिकतर खिलाड़ी उम्रदराज हैं। उसकी वनडे टीम की औसत आयु 34 से 35 के बीच है। ऐसे में कप्तान मिचेल सैंटनर ने संकेत दिए कई खिलाड़ियों के लिए 2027 में होने वाला वनडे विश्व कप आखिरी टूर्नामेंट हो सकता है। इन खिलाड़ियों में वह भी शामिल हैं। उन्होंने कहा, 'हमारे अधिकतर खिलाड़ियों की उम्र लगभग 34 या 35 के आसपास है। वनडे विश्व कप के बाद, सारा ध्यान फिर से टी20 क्रिकेट पर केंद्रित हो जाएगा। मुझे अभी तक किसी खिलाड़ी ने अपनी भावी योजना के बारे में नहीं बताया है, लेकिन ऐसा हो सकता है।

मैच का समय : भारतीय समयानुसार सुबह 7:30 बजे

खबर संक्षेप



चेक ओपन : सेंथिलकुमार ने जीता खिताब

नई दिल्ली। भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी वेलवन सेंथिलकुमार ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए ब्रनो में खेले गए 35,000 अमेरिकी डॉलर इनामी चेक ओपन का खिताब जीता। इस 28 वर्षीय खिलाड़ी ने फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त और विश्व रैंकिंग में 31वें स्थान पर काबिज स्कॉटलैंड के ग्रेग लोब्बन को चार गेम तक चले मैच में हराया। विश्व में 42वें नंबर के खिलाड़ी और यहां चौथी वरीयता प्राप्त सेंथिलकुमार ने लोब्बन को 13-11, 11-5, 8-11, 11-7 से पराजित करके अपना 12वां पीएसए टूर खिताब जीता। यह उनका दूसरा कॉपर-स्तरीय खिताब है। इससे पहले उन्होंने अगस्त में बुडापेस्ट ओपन के रूप में अपना पहला कॉपर-स्तरीय खिताब जीता था।

विश्व चैंपियनशिप: भारतीय टीम ने जीता स्वर्ण पदक



दोहा। भारत के रविंदर सिंह, सौरभ चौधरी और अमनप्रीत सिंह की तिकड़ी ने आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की 50 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक अपने नाम किया। रविंदर ने इस स्पर्धा का व्यक्तिगत रजत पदक भी अपने नाम किया। यह स्पर्धा ओलंपिक प्रतियोगिताओं की सूची में शामिल नहीं है। रविंदर भारत के सबसे अधिक अंक हासिल करने वाले खिलाड़ी रहे। उन्होंने कुल 559 अंक प्राप्त किए। कई बार विश्व कप में स्वर्ण पदक जीत चुके सौरभ ने 551 अंक हासिल किए जबकि अमनप्रीत सिंह ने 549 अंक बनाए। इस तरह भारतीय टीम ने कुल 1659 अंक हासिल किए। चीन के झांग बिंगचेन, ल्यू जुनयी और फेंग लिनलांग ने कुल 1648 अंक हासिल कर रजत पदक जीता।

एक साल के लिए स्थगित एशियाई कप



कुआलालंपुर। एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) ने मध्य पूर्व में चल रहे संघर्ष और मेजबान सऊदी अरब में सुरक्षा संबंधी चिंताओं के कारण 2027 में होने वाले एशियाई कप को लगभग एक साल के लिए स्थगित कर दिया है। एएफसी ने कहा कि सऊदी अरब के आयोजकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद उन्होंने इस टूर्नामेंट को स्थगित करने का फैसला किया। पहले यह टूर्नामेंट अगले साल सात जनवरी से शुरू होना था लेकिन अब यह 23 दिसंबर 2027 से खेला जाएगा। एएफसी ने 23 दिसंबर 2027 से 21 जनवरी 2028 तक इस टूर्नामेंट को आयोजित करने का फैसला किया है लेकिन इसे अभी विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा से मंजूरी मिलनी बाकी है।

नाबाद 155 रन की पारी से फॉर्म में लौटे यशस्वी

जायसवाल और राठौड़ की शतकीय पारी न्यूजीलैंड ए के खिलाफ टेस्ट रहा ड्रॉ

एजेंसी ▶▶| क्राइस्टचर्च

सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने भारत ए और न्यूजीलैंड ए के बीच मंगलवार को ड्रॉ समाप्त हुए दूसरे अनौपचारिक टेस्ट क्रिकेट मैच में शतक जड़कर दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला से पहले अपनी फॉर्म को लेकर भारतीय टीम प्रबंधन को आश्वस्त किया। जायसवाल ने मैच के चौथे और अंतिम दिन न्यूजीलैंड ए के आक्रमण की जमकर धुनाई करते हुए केवल 162 गेंदों में नाबाद 155 रन बनाए, जिसमें 15 चौके और 5 छक्के शामिल हैं। बाएं हाथ के बल्लेबाज यश राठौड़ ने भी नाबाद 100 रन बनाए, जिससे भारत ए ने अपनी दूसरी पारी में 2 विकेट पर 282 रन बनाए। इसके बाद दोनों कप्तान ने मैच ड्रॉ करने पर सहमति जताई। राठौड़ के शतक पूरा करने के तुरंत बाद मैच ड्रॉ समाप्त घोषित कर दिया गया। राठौड़ और जायसवाल ने तीसरे विकेट के लिए 247 रन की अटूट साझेदारी की। राठौड़ ने अपनी 122 गेंदों की पारी में 9 चौके लगाए। भारत ए ने अपनी पहली पारी में 346 रन जबकि न्यूजीलैंड की टीम ने 424 रन बनाए थे।



राठौड़ ने जारी रखी अपनी शानदार फॉर्म

गेंद की उछाल एक समान होने के कारण शॉट लगाना आसान हो गया था। जायसवाल ने स्लॉग स्वीप शॉट से प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अपना 17वां शतक पूरा किया। इसके बाद वह अधिक आक्रामक हो गए और उन्होंने आगे बढ़कर कई दर्शनीय शॉट लगाए। पहले मैच में 44 और 66 रन बनाने वाले राठौड़ ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी और दिखा दिया कि घरेलू क्रिकेट में उन्हें सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में क्यों गिना जाता है। उन्होंने चाय के विश्राम के बाद विदेशी धरती पर अपना पहला शतक पूरा किया।

आकर्षण का केंद्र रहे जायसवाल

हैगली ओवल की पिच काफी हद तक सपाट हो गई थी, जिससे बल्लेबाजों के लिए अपने शॉट खेलना बहुत आसान हो गया था। इसका अंदाजा भारत ए के दूसरी पारी में 5.35 के रन-रेट से रन बनाने से लगाया जा सकता है। मैच के अंतिम दिन लगभग 44 ओवर का खेल हुआ और इस बीच जायसवाल आकर्षण का केंद्र रहे। जायसवाल इस पारी से पहले रन बनाने के लिए जूझ रहे थे, जो निश्चित तौर पर मुख्य कोच गौतम गंभीर के लिए न्यूजीलैंड के खिलाफ 19 नवंबर से शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले चिंता का विषय रही होगी। जायसवाल ने इससे पहले तीन पारियों में 17, पांच और शून्य रन बनाए थे। न्यूजीलैंड दौरे के लिए भारत ए टीम में शामिल होने से पहले उन्होंने चंडीगढ़ के खिलाफ एकमात्र रणजी ट्रॉफी मैच खेला था, जिसमें वह खाता भी नहीं खोल पाए थे।

मैंने सिर्फ अनुशासन पर ध्यान दिया : जायसवाल

यशस्वी जायसवाल ने न्यूजीलैंड ए के खिलाफ शतक बनाकर फॉर्म में वापसी करने के बाद कहा कि उन्होंने इस दौरान अपनी 'प्रक्रिया, दिनचर्या और अनुशासन' पर ध्यान केंद्रित किया। जायसवाल ने ड्रॉ समाप्त हुई दूसरे अनौपचारिक टेस्ट मैच की दूसरी पारी में नाबाद 155 रन बनाए। उन्होंने कहा कि यहां की ठंड ने उनके लिए अलग तरह की चुनौती पेश की। जायसवाल ने कहा, ' यहां बहुत ठंड है। गेंद शुरुआत में बहुत घूमती है और सीम मूवमेंट भी बहुत होता है। अच्छे गेंदबाज लगातार सही जगह पर गेंद को पिच कराते हैं। इसलिए हमें रन बनाने के लिए काफी इंतजार करना पड़ता है।' उन्होंने कहा, 'जब विकेट बेहतर हो जाता है या गेंद पुरानी हो जाती है तो रन बनाना आसान हो जाता है। मैं यह नहीं कहूंगा कि यह आसान है, लेकिन आप अच्छे शॉट खेल सकते हैं। इसलिए बहुत मजा आया और यहां खेलना अच्छा लगता है। यह एक बिल्कुल अलग तरह का अनुभव है।'

आईसीसी रैंकिंग

वैष्णवी ने लगाई 53 पायदान की छलांग



एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की युवा स्पिनर वैष्णवी शर्मा ने आईसीसी विमेंस वनडे रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाई है। जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन मुकाबलों की सीरीज में शानदार प्रदर्शन के बाद वैष्णवी बॉलिंग रैंकिंग में 53 स्थान ऊपर चढ़कर 94वें नंबर पर पहुंच गई हैं। 20 वर्षीय स्पिनर ने तीसरे और आखिरी वनडे में बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस दौरान अपने करियर में पहली बार पारी में 5 विकेट हासिल किए, जिससे वह भारतीय खिलाड़ियों में सबसे ज्यादा फायदा पाने वाली खिलाड़ी बन गईं। दूसरे वनडे में चार विकेट लेने के बाद, वैष्णवी ने सीरीज के आखिरी मैच में भी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए 39 रन देकर 5 विकेट लिए। यह वनडे फॉर्मेट में उनका तीसरा मैच था, जिसमें दमदार प्रदर्शन के लिए उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया और भारत ने सीरीज में 3-0 से 'क्लीन स्वीप' किया।

महिला टी20

प्रेमा ने बनाया रिकॉर्ड, 14 गेंदों मे जड़ा अर्धशतक



एजेंसी ▶▶| पुणे

भारतीय ऑलराउंडर प्रेमा रावत ने सीनियर महिला टी20 ट्रॉफी के मैच में मंगलवार को 14 गेंदों में अर्धशतक जड़कर महिला टी20 क्रिकेट में सबसे तेज 50 रन बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज किया।

उत्तराखंड की इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने अपनी पारी में छह चौके और चार छक्के लगाए और उनका स्ट्राइक रेट 357 रहा। उनकी इस पारी के दम पर उत्तराखंड ने हैदराबाद को 89 रन से हराया। महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में सबसे तेज अर्धशतक बनाने का रिकॉर्ड पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना के नाम है, जिन्होंने इस साल की शुरुआत में जिम्बाब्वे के खिलाफ 15 गेंदों में यह उपलब्धि हासिल की थी। इंग्लैंड की मैरी केली और ऑस्ट्रेलिया की लौरा हैरिस ने भी घरेलू क्रिकेट में 15 गेंदों में अर्धशतक बनाए हैं।

गेंदबाजी में प्रेमा का जलवा

रावत की नाबाद 50 रन की विस्फोटक पारी की बदौलत उत्तराखंड ने निर्धारित 20 ओवरों में दो विकेट पर 187 रन बनाए। इसके जवाब में हैदराबाद की टीम 8 विकेट पर 98 रन ही बना सकी। प्रेमा रावत ने गेंदबाजी में भी अच्छा प्रदर्शन करते हुए 4 ओवर में 12 रन देकर 2 विकेट लिए।

मैक्सवेल ने 14 साल के अंतरराष्ट्रीय कॅरियर को कहा अलविदा

एजेंसी ▶▶| सिडनी

ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है, जिससे उनके 14 साल के करियर का अंत हो गया है। सी मि त ओवरों की क्रिकेट के इस 38 वर्षीय धुरंधर खिलाड़ी ने ऑस्ट्रेलिया की तरफ से अपना आखिरी मैच इस साल की शुरुआत में आईसीसी टी20 विश्व कप के दौरान ओमान के खिलाफ खेला था। मैक्सवेल ने कहा, 'मैं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के साथ-साथ विक्टोरिया के लिए घरेलू क्रिकेट (50 ओवर के मैच और लाल गेंद से खेले जाने वाले चार दिवसीय क्रिकेट) से भी संन्यास ले रहा हूं।' उन्होंने कहा,



'ओलंपिक खेलों (2028 में) को देखते हुए मुझे लगता है कि अगले 12 से 24 महीनों में काफी बदलाव होने वाले हैं, ऐसे में यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि युवा खिलाड़ियों पर ध्यान दिया जाए और उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर के दबाव का सामना करने का मौका मिले।'

कनकशन के कारण कॉनवे पहले वनडे से बाहर, सीफर्ट टीम में शामिल

एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड

न्यूजीलैंड के सीनियर बल्लेबाज डेवोन कॉनवे अभ्यास सत्र के दौरान साथी खिलाड़ी मैट हेनरी से टकराने से सिर में चोट लगने (कनकशन) के कारण भारत के खिलाफ बुधवार को होने वाले पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच से बाहर हो गए हैं। न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने मंगलवार को बताया कि टिम सीफर्ट उनकी जगह लेंगे।

न्यूजीलैंड क्रिकेट ने पुष्टि की कि कॉनवे को जांच के लिए अस्पताल ले जाने के बाद 'कनकशन' का पता चला, जिसके कारण वह श्रृंखला के पहले मैच में



नहीं खेल पाएंगे। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बयान में कहा, 'कॉनवे को जांच के लिए अस्पताल के दुर्घटना एवं आपातकालीन विभाग (ए एंड ई) में ले जाया गया, जहां 'कलकशन' की पुष्टि हुई। इस कारण वह कल भारत के खिलाफ पहले वनडे में नहीं खेल पाएंगे।''

यह टक्कर तब हुई जब दोनों खिलाड़ी श्रृंखला के पहले मैच से पूर्व ऑकलैंड के ईडन पार्क में टीम के अभ्यास सत्र के दौरान हवा में लहराते कैच को लेने की कोशिश कर रहे थे। सैंटनर ने पुष्टि की कि हेनरी ठीक हैं। उन्होंने मैच की कहा, 'मुझे लगता है मैट को सिर में चोट लगी थी। वह ठीक लग रहा है, लेकिन डेव (कॉनवे) को तुरंत मैदान से बाहर ले जाया गया है। वास्तव में वह टक्कर अच्छी नहीं लग रही थी।'

एथलीट सुधा सिंह हटीं चुनावी दौड़ से

आईओए एथलीट आयोग की निर्विरोध सदस्य चुनी गईं सिंधू-मीराबाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और मीराबाई चानू सहित 10 खिलाड़ियों को मंगलवार को निर्विरोध भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के एथलीट आयोग का सदस्य चुन लिया गया। पूर्व ट्रैक एवं फील्ड एथलीट सुधा सिंह के चुनावी दौड़ से हटने के बाद मतदान कराने की जरूरत नहीं पड़ी क्योंकि 10 सीट के लिए केवल 10 उम्मीदवार ही रह गए थे।

निर्वाचन अधिकारी संजय के श्रीवास्तव ने 5 पुरुष और 5 महिला सहित सभी 10 उम्मीदवारों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया। इससे पहले बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने भी अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली थी।



आईओए एथलीट आयोग के निर्विरोध निर्वाचित सदस्य

पीवी सिंधू, मीराबाई चानू, हरमनप्रीत सिंह, सलीमा टेटे, स्वप्निल कुसाले, भवानी देवी, तजिंदरपाल सिंह तूर, बोम्बाल्या देवी, साजन प्रकाश और मंजीत सिंह।

आईएसएसएफ एथलीट समिति का चुनाव लड़ेगी मनु भाकर

दो ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर 2026-2030 के लिए अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) एथलीट समिति का चुनाव लड़ेंगी, जिन्हें पिस्टल वर्ग में नामित किया गया है। भाकर उन दस उम्मीदवारों में से हैं, जो पिस्टल श्रेणी में दो पदों के लिए दौड़ में होंगे। पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा को बचाना और ओलंपिक कार्यक्रम में इसके दीर्घकालिक भविष्य को सुरक्षित करने के साथ आईएसएसफ विश्व कप में बेहतर इनामी राशि के लिए जोर देना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। भाकर ने कहा, 'शीर्ष स्तर पर खेलने के बाद मुझे अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी के सामने आने वाली चुनौतियों और मौकों दोनों का अनुभव है। मेरा मानना है कि खिलाड़ियों को खेलों में भागीदारी के अलावा भविष्य को गढने के लिए भी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।'



काली खेती का टीजर जारी, गांव की जमीन में दफन हैं खौफनाक राज

नई दिल्ली। किसी गांव की पहचान उसकी मिट्टी, खेतों और वहां के लोगों की जिंदगी से होती है। लेकिन सोचिए, अगर वही जमीन लोगों के लिए डर की वजह बन जाए, तो क्या होगा? जैकी श्रॉफ और शरद केलकर की अपकमिंग फिल्म 'काली खेती'का टीजर कुछ ऐसी ही रहस्यमयी दुनिया से रूबरू कराता है। फिल्म में खेती को सिर्फ रोजी-रोटी का साधन नहीं, बल्कि एक अनजानी और खौफनाक ताकत के रूप में दिखाया गया है। फिल्म 20 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। टीजर में नजर आने वाला ग्रामीण माहौल, रहस्यमयी घटनाएं और डर पैदा करने वाले दृश्य दर्शकों के मन में कई सवाल खड़े करते हैं।

लाइफ Style

मेधा

सनकी में होंगी लीड एक्ट्रेस

अहान शेट्टी की फिल्म सनकी में मेधा राणा लीड एक्ट्रेस होंगी। टीनू सुरेश देसाई के निर्देशन में बन रही इस एक्शन-रोमांस फिल्म की शूटिंग भोपाल में शुरू हो गई है और यह 2027 में रिलीज होगी। अहान शेट्टी की अगली बड़ी फिल्म 'सनकी'जल्द ही फ्लोर पर आने वाली है।

मुंबई। इस बीच मेकर्स ने लीड एक्ट्रेस के नाम से भी पर्दे उठा उठा दिया है। टीनू सुरेश देसाई के निर्देशन में बन रही इस एक्शन और रोमांस फिल्म में अहान के साथ एक्ट्रेस मेधा राणा की जोड़ी देखने को मिलेगी. मेधा फिल्म में अहान शेट्टी के साथ मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। मेधा राणा के कामकाज की बात करें तो वह इससे पहले फिल्म 'बॉर्डर 2' में नजर आई थीं। उनकी जोड़ी तब वरुण धवन के साथ बनी थी। अब 'बॉर्डर 2' की सफलता के बाद मेधा को उनकी नई फिल्म मिल गई है। सनकी एक ऐसी कहानी है जिसकी कहानी सुनते ही उन्होंने इसे हां कर दिया। मेधा पिछले दो महीनों से इस फिल्म के लिए लगातार तैयारी कर रही हैं। अपने किरदार को बेहतर तरीके से समझने और उसमें पूरी तरह ढलने के लिए उन्होंने कई वर्कशॉप में हिस्सा लिया है। इसके अलावा, किरदार की मांग के मुताबिक उन्होंने खास तैयारी भी की है। फिल्म की शूटिंग भोपाल में शुरू हो चुकी है और अब मेधा भी अहान शेट्टी और फिल्म की बाकी टीम के साथ शूटिंग में शामिल हो गई हैं। फिल्म में मेधा, अहान की प्रेमिका के किरदार में नजर आएंगी। उनका यह किरदार रोमांस, गहरे जज्बात और जबरदस्त एक्शन से भरपूर होगा। मेधा हमेशा से ऐसे ही किरदार की तलाश में थीं, जिसमें उन्हें अभिनय के साथ-साथ एक्शन दिखाने का भी मौका मिले।



हॉलीवुड मसाला



विवियेने ने हटाया पिता का सरनेम

नई दिल्ली। पिता ब्रैड पिट और मां एंजेलिना जोली के बीच चल रही लीगल बैटल के बीच अब उनकी बेटी विवियेने मार्शलीन ने एक बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने अपने सरनेम के आगे से पिता का लास्टनेम'पिट' हटा दिया है। पिट सरनेम हटवाने के लिए विवियेने ने कोर्ट में अर्जी डाली थी, जिसे अदालत ने मंजूरी दे दी है। उन्हें पिता ब्रैड पिट का सरनेम हटाने की मंजूरी भले ही अभी मिली हो, लेकिन साल 2024 से विवियेने अपने नाम के पीछे जोली सरनेम का इस्तेमाल कर रही हैं।



अनजान लड़की पर इम्प्रेशन बना रहे थे रयान

लॉस एंजिल्स। सुपरहीरो फिल्म डेडपूल स्टार रयान रेनॉल्ड्स ने अपनी लाइफ से जुड़ा एक मजेदार किस्सा सुनाया। हालांकि, इस घटना की वजह से उन्हें शर्मिंदगी भी उठानी पड़ी। रयान ने किस्सा सुनाते हुए कहा, 'मैं इस लड़की का दीवाना था। वह असल में मेरे घर के दूसरी तरफ से बस लेती थी, और मैं बस में चढ़ जाता था, सिर्फ उसके करीब 45 मिनट तक बैठने के लिए। आप इसे पसंद करते हैं, जब आप छोटे होते हैं, यह बहुत क्यूट लगता है। जब आप बड़े हो जाते हैं, तो यह बस पीछा करने जैसा होता है, लेकिन मुझे याद है, मैं शायद 11 साल से ज्यादा का रहा होऊंगा, मुझे नहीं पता और मैं बस से उतरने ही वाला था, क्योंकि काफी देर हो गई थी। मैं सिएटल या ऐसी ही किसी जगह पर जाने वाला था।'



रोमांटिक फिल्म परवाना में नजर आएंगे आदित्य-तारा

नई दिल्ली। तारा सुतारिया और आदित्य रॉय कपूर, मिलाप जावेरी के अपकमिंग प्रोजेक्ट में एक साथ काम करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। ये दोनों 'परवाना' नाम की एक दमदार म्यूजिकल लव स्टोरी में पहली बार एक साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। 'परवाना' के जरिए तारा सुतारिया और मिलाप जावेरी 2019 की फिल्म 'मरजावां' के बाद फिर से साथ आ रहे हैं, वहीं, इस फिल्म में तारा सुतारिया पहली बार आदित्य रॉय कपूर के साथ स्क्रीन पर नजर आएंगी। हाल ही में एक इंटरव्यू में, मिलाप ने बताया कि 'शूटआउट एट लोखंडवाला' के डायरेक्टर संजय गुप्ता के दुखद निधन से कुछ दिन पहले ही उनकी उनसे मुलाकात हुई थी। उन्होंने संजय गुप्ता के साथ अपनी नई फिल्म का टाइटल भी शेयर किया था। मिलाप ने कहा, 'हमारी मुलाकात 10 दिन पहले हुई थी और मैंने उन्हें अपनी अगली फिल्म का टाइटल बताया था।



बारिश में रोमांस करते दिखे आयुष्मान और शरवरी

मुंबई। बॉलीवुड एक्टर आयुष्मान खुराना और शरवरी वाघ की अपकमिंग फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' रिलीज से पहले ही चर्चा में बनी हुई है। अब मेकर्स ने इसका नया गाना 'सावन आया है' रिलीज कर दिया है, जो अपने म्यूजिक और रोमांटिक अंदाज से सीधे 90 के दशक की याद दिलाता है। गाने में आयुष्मान और शरवरी की शानदार केमिस्ट्री देखने को मिल रही है। फिल्म 27 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इससे पहले फिल्म का टाइटल ट्रैक और हिमेश रेशमिया का कंपोज किया हुआ एक अन्य गाना रिलीज किया जा चुका है। 'सावन आया है' गाने में आयुष्मान खुराना शरवरी को अपनी सुरीली आवाज से प्रभावित करने की कोशिश करते नजर आ रहे हैं। वहीं, शरवरी साड़ी में बेहद खूबसूरत दिखाई दे रही हैं। गाने के कई हिस्सों में दोनों एक-दूसरे के प्यार में खोए हुए नजर आते हैं। बारिश के बीच उनका डांस और रोमांटिक अंदाज गाने को एक अलग खूबसूरती देता है।

टीवी मसाला



38 साल पहले 'रिटायर्ड फौजी' ने बनाया था दूरदर्शन का कल्ट शो

नई दिल्ली। दूरदर्शन एक वक्त देशभर में मनोरंजन का प्रमुख साधन माना जाता था। डीडी नेशनल पर हर किस्म के टीवी शोज टेलीकास्ट किए जाते थे, जिनमें माइथोलॉजिकल, सुपरहीरो, ड्रामा-कॉमेडी और स्पाई थ्रिलर जैसे कई शोज शामिल थे। लेकिन क्या आप जानते हैं कि 38 साल पहले दूरदर्शन पर एक ऐसा धारावाहिक आया था, जिसको भारतीय सेना के एक रिटायर्ड फौजी ने बनाया था। उस शो ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन भी किया था। इतना ही नहीं, सिनेमा जगत के एक बड़े फिल्मी कलाकार ने इस टीवी सीरियल से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा था। इस लेख में टीवी चैनल दूरदर्शन के जिस लोकप्रिय धारावाहिक के बारे में जिक्र किया जा रहा है, उसका निर्देशन इंडियन आर्मी के रिटायर्ड लेफ्टिनेंट कर्नल राज कुमार कपूर ने किया था। राज कुमार ने अपनी सर्विस लाइफ और एक फौजी की जीवनशैली कैसी होती है, उसको टीवी सीरियल के जरिए पेश किया था। दरअसल यहां बात धारावाहिक फौजी के बारे में की जा रही है।

पहली शादी टूटने के बाद फिर प्यार में रिमी

नई दिल्ली। *मलयालम सिनेमा और म्यूजिक इंडस्ट्री की मशहूर प्लेबैक सिंगर और टीवी होस्ट रिमी टॉमी की जिंदगी में एक बार फिर प्यार ने दस्तक दी है। पहली शादी टूटने के करीब छह साल बाद रिमी दूसरी बार शादी के बंधन में बंधने जा रही हैं। खास बात यह है कि इस खुशखबरी का खुलासा खुद सिंगर ने अपने यूट्यूब चैनल पर शेयर किए गए व्लॉग के जरिए किया है। पहले वीडियो में उन्होंने अपनी जिंदगी में नए जीवनसाथी के आने की जानकारी दी थी, वहीं अब एक दूसरे वीडियो में उन्होंने अपने होने वाले पति का नाम और उनके बारे में भी बताया है। रिमी के इस ऐलान के बाद उनके फैंस उन्हें नई शुरुआत के लिए बधाइयां दे रहे हैं। रिमी टॉमी ने अपने व्लॉग में बताया कि वह हमेशा से अकेले घूमना और अपनी जिंदगी अपने तरीके से जीना पसंद करती रही हैं। उनका परिवार हमेशा उनके साथ खड़ा रहा, लेकिन उन्हें कहीं न कहीं एक ऐसे साथी की कमी महसूस होती थी, जिसके साथ वह अपनी जिंदगी के सुख-दुख बांट सकें। सिंगर ने बताया कि 2026 में उनकी जिंदगी में एक खास शख्स की एंट्री हुई और कुछ ही समय में दोनों एक-दूसरे को अच्छी तरह समझने लगे।*



मायसा का पहला गाना 'ओ मायसा रे' रिलीज, रश्मिका के रौद्र रूप ने जीता दिल

मुंबई। रश्मिका मंदाना की आने वाली फिल्म 'मायसा' का पहला गाना 'ओ मायसा रे' रिलीज हो गया है। इस गाने में उनके किरदार का रौद्र रूप देखने को मिलता है, जिसमें गुस्सा, साहस और नारीत्व की झलक एक साथ देखने को मिलती है। रश्मिका स्टारर 'मायसा' में एक्ट्रेस बिल्कुल नए और अनदेखे अवतार में नजर आएंगी। यह फिल्म भारत का पहला फीमेल-लेड पैन इंडिया सिनेमैटिक वेंचर होने वाली है। यह फिल्म जबरदस्त एक्शन के साथ बाप बेटी के अनोखे रिश्ते के साथ दर्शकों को कहानी से बांधे रखेगी, जो सिनेमाघरों में 27 नवंबर को रिलीज होगी। इंस्टाग्राम पर इस गाने को शेयर करते हुए रश्मिका ने लिखा, 'ओ मायसा रे!! एक युद्ध-



घोष! दर्द और गुस्से की एक चीख! एक जागृति!! अब यह सब आपका है!' 'ओ मायसा रे' को जेक्स बिजॉय ने कंपोज किया है और इसे सिंधुजा श्रीनिवासन ने गाया है। इस गाने में दमदार बीट्स का इस्तेमाल किया गया है और पूरे समय इसका टेम्पो और एनर्जी बनी रहती है। 'मायसा' के पहले गाने के रिलीज होने के बाद से एक्ट्रेस का लुक हर तरफ जबरदस्त चर्चा में है। फिल्म के ही में रिलीज हुए टीजर को देश भर से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है। दर्शकों से लेकर आलोचकों तक से फिल्म ने अपनी रॉ एनर्जी, ग्रैंड स्केल और इंटेंस एटमॉस्फियर के लिए खूब तारीफ अपने नाम की है। सबसे ज्यादा खास बात यह है कि इस चीज ने मायसा को एक अनोखे सिनेमैटिक कहानी में स्थापित कर दिया है। भारतीय सिनेमा में 'बाहुबली' और 'KGF' जैसी कई मास एक्शन फिल्मों में मां और बेटे के मजबूत रिश्ते को दिखाया गया है। हालांकि, 'मायसा' इस मामले में अलग है, क्योंकि फिल्म के मेकर्स इसमें एक नया और गहरा भावनात्मक पहलू पेश करने वाले हैं। दरअसल, फिल्म में आदिवासी भूमि की पृष्ठभूमि पर बाप और बेटी के बीच की मजबूत जोड़ी देखने मिलने वाली है।

रामायण के नए प्रोमो में 'माता सीता' के रूप में दिखीं साई

नई दिल्ली। 'रामायण' से साई पल्लवी के 'सीता' प्रोमो को ऑनलाइन काफी तारीफ मिल रही है। 5 नवंबर को फिल्म की रिलीज से पहले, प्रशंसक उनके शालीन, शांत स्वभाव और स्क्रीन पर उनकी मौजूदगी की खूब सराहना कर रहे हैं। 'रामायण' के नए प्रोमो में साई पल्लवी को सीता के रूप में दिखाया गया है, जिन्हें 'धरती की बेटी' और मिथिला की राजकुमारी भी कहा जाता है। नए प्रोमो में माता सीता के राजसी जीवन, भगवान राम के साथ उनके रिश्ते और फिर श्रीराम के साथ उनके वनवास की झलक देखने को मिलती है। प्रोमो के अंत में मां सीता को अपनी कुटिया में बैठे हुए दिखाया गया है और तभी जंगल में उनकी कुटिया के बाहर से एक आवाज आती है।



रवि को लक्ष्मण के रूप में किया गया पेश

साई पल्लवी के प्रोमो के साथ-साथ, मेकर्स ने रवि दुबे का एक सोलो कैरेक्टर पोस्टर भी जारी किया है, जिसमें वे लक्ष्मण के रूप में नजर आ रहे हैं। पोस्टर में अभिनेता एक योद्धा की मुद्रा में धनुष-बाण थामे हुए हैं। उनके हाव-भाव में भगवान राम के छोटे भाई से जुड़ी वीरता और दृढ़ संकल्प साफ झलक रहा है। इस पोस्टर का विजुअल स्टाइल, भगवान राम के रूप में रणबीर कपूर के पहले जारी किए गए कैरेक्टर पोस्टर जैसा ही है। मेकर्स ने रवि को इन शब्दों के साथ पेश किया, 'एक समर्पित भाई। एक निडर योद्धा। राम की ढाल।'

गीता और रफी की आवाज में हुआ अमर

22 साल की मधुबाला के दिलकश अंदाज ने दिया था सुपरहिट सॉन्ग

नई दिल्ली। 22 साल की मधुबाला की मासूम अदाएं और गुरु दत्त के साथ उनकी कमाल की केमिस्ट्री ने इस गाने को अमर बना दिया। गीता दत्त और मोहम्मद रफी की सुरीली आवाज में सजा यह गीत 71 साल बाद भी रोमांस का वही जादू बिखेरता है। हिंदी सिनेमा के सुनहरे दौर में कुछ गाने ऐसे बने, जिनका जादू आज भी कम नहीं हुआ है। ऐसा ही एक सदाबहार गाना है 'उधर तुम हसीन हो, इधर दिल जवान है'। साल 1955 में आई फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज 55' के इस गाने में मधुबाला और गुरु दत्त की खूबसूरत केमिस्ट्री देखने को मिली थी। उस वक्त मधुबाला महज 22 साल की थीं। उनकी चुलबुली अदाएं, चेहरे की मासूमियत और दिलकश अंदाज गाने को खास बना देते हैं। वहीं, गीता दत्त और मोहम्मद रफी की सुरीली आवाज ने इसे ऐसा रोमांटिक एहसास दिया, जो सात दशक बाद भी संगीत प्रेमियों के दिलों में जिंदा है।

मधुबाला-गुरु दत्त की जोड़ी ने जीता था दिल

फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज 55' का निर्देशन और निर्माण गुरु दत्त ने किया था। इसमें मधुबाला ने अनीता वर्मा और गुरु दत्त ने प्रीतम कुमार का किरदार निभाया था। इनके अलावा ललिता पवार, जॉनी वॉकर, कुमकुम



और यास्मीन भी अहम भूमिकाओं में नजर आए थे। फिल्म की कहानी अनीता नाम की एक अमीर लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है। उसके पिता की वसीयत के मुताबिक, उसे अपनी संपत्ति हासिल करने के लिए एक महीने के भीतर शादी करनी होती है। उसकी मौसी सीता देवी (ललिता पवार) इस शर्त को पूरा करने के लिए प्रीतम नाम के एक बेरोजगार कार्टूनिस्ट को शादी का प्रस्ताव देती हैं। उनकी योजना शादी के बाद दोनों का तलाक कराने की होती है। लेकिन, कहानी में तब दिलचस्प मोड़ आता है, जब अनीता और प्रीतम एक-दूसरे को पसंद करने लगते हैं।

ओपी नैयर के संगीत ने लगाया चार चांद

इस फिल्म के गानों की बात करें तो संगीतकार ओपी नैयर और गीतकार मजरूह सुल्तानपुरी की जोड़ी ने शानदार काम किया था। 'उधर तुम हसीन हो' को गीता दत्त और मोहम्मद रफी ने अपनी आवाज दी थी। गाने के बोलों में प्यार और रोमांस का खूबसूरत एहसास है। पर्दे पर मधुबाला और गुरु दत्त की अदायगी ने इस गीत को और यादगार बना दिया. फिल्म में 'जाने कहां मेरा जिगर गया जी', 'ठंडी हवा काली घटा' और 'प्रीतम आन मिलो' जैसे गाने भी शामिल थे। इन गानों ने फिल्म के संगीत को खास पहचान दिलाई।

बॉक्स ऑफिस पर भी सफल रही थी फिल्म

11 फरवरी 1955 को रिलीज हुई 'मिस्टर एंड मिसेज 55' दर्शकों को खूब पसंद आई थी। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी सफलता हासिल की और मधुबाला के करियर की यादगार फिल्मों में अपनी जगह बनाई। ब्रिटिश फिल्म इंस्टीट्यूट के रिकॉर्ड में भी यह फिल्म दर्ज है। दिलचस्प बात यह है कि आज भी जब इस फिल्म का गाना 'उधर तुम हसीन हो, इधर दिल जवान है' बजता है, तो मधुबाला की खूबसूरती और रफी-गीता दत्त की आवाज का जादू एक बार फिर पुराने दौर की याद दिला देता है। यही वजह है कि 71 साल बाद भी यह गीत संगीत प्रेमियों के बीच अपनी खास जगह बनाए हुए है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादक: प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930